सूर्योदय 5:50 सूर्यास्त 6:52

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.0 न्यू | 21.0 अधि |
| धर्मशाला | 16.0 न्यू | 26.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,494 |
| निफ्टी | 24,354 |

सोना 1,51,200 | चांदी 2,48,350

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 19 अप्रैल 2026 | 6 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 110, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### उत्तराखंड में चारधाम यात्रा का आगाज

**एजेंसी, ऋषिकेश।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शनिवार से शुरू हो जाएगी। ऋषिकेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 10 बसों को यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के लिए रवाना करेंगे। ये यात्री 19 अप्रैल को यमुनोत्री-गंगोत्री के कपाट खुलने के वक्त मौजूद रहेंगे। चारधाम के लिए अब तक 18.25 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। पिछले साल 23 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। गुरुवार से ऋषिकेश और हरिद्वार में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर भी शुरू हो गए हैं। सबसे पहले मध्य प्रदेश (शहडोल) के 100 यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। ये सभी यमुनोत्री और गंगोत्री के दर्शन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### अफगानिस्तान में लगे भूकंप के झटके

**एजेंसी, काबुल।** अफगानिस्तान में शनिवार सुबह 8:24 बजे रिक्टर स्केल पर 5 की तीव्रता का भूकंप आया, जिससे जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्से हिल गए। हालांकि तत्काल किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र (ईएमएससी) के अनुसार भूकंप अफगानिस्तान के बदख्शान के ज़ायबक में 190 किमी की गहराई पर आया। अफगानिस्तान में आए भूकंप से पाकिस्तान के इस्लामाबाद, पेशावर और खैबर पख्तूनख्वा के कई हिस्सों में झटके महसूस किए गए। (अनंत ज्ञान)

### तमिलनाडु में वैन खाई में गिरी, नौ की मौत

**एजेंसी, कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले के वालपाराई पहाड़ी मार्ग स्थित 13वें हेयरपिन मोड़ पर शुक्रवार देर रात एक बेकाबू पर्यटन वैन खाई में गिर गई, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक ही स्कूल में कार्यरत 7 शिक्षिकाओं सहित 9 लोगों की मृत्यु हो गई। केरल के मलप्पुरम क्षेत्र से 13 लोग वैन में वालपाराई घूमने आए थे। वालपाराई में घूमने के बाद वे पोल्लाची के रास्ते केरल लौट रहे थे। तभी वालपाराई पहाड़ी मार्ग के 13वें हेयरपिन मोड़ पर चालक का नियंत्रण खो बैठा वाहन, सुरक्षा दीवार से टकराकर लगभग 800 फुट गहरी खाई में गिरकर पलट गया। 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा। (अनंत ज्ञान)

### संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र शनिवार को दोनों सदनों के अनिश्चितकाल के लिए स्थगन के साथ समाप्त हो गया। यह सत्र राजनीतिक रूप से काफी उथल-पुथल भरा रहा और इसे विशेष बैठकों के लिए निर्धारित समय से आगे बढ़ाया गया था, जिसमें चुनावी सुधारों पर चर्चा की गई। सत्र के दौरान सरकार द्वारा प्रस्तुत संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, जो महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने और परिसीमन प्रक्रिया लागू करने से संबंधित था, लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अब हिम बस प्लस कार्ड लाएगा एचआरटीसी -पेज 3
- खड़ा डंडा मार्ग पर डंगे को पानी से बचाने का कार्य शुरू -पेज 4
- सिया हत्याकांड छह दिन बाद भी अनसुलझा -पेज 9


# केंद्र सरकार ने 2% बढ़ाया डीए

## कैबिनेट बैठक में दी मंजूरी, 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को होगा फायदा

**एजेंसी नई दिल्ली**

सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में 2% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार ने इसे 58% से बढ़कर 60% किया है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी, 2026 से लागू होगी। इस फैसले से सरकार का सालाना 6,791 करोड़ रुपए का खर्च बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को दिल्ली में हुई कैबिनेट बैठक में इसका ऐलान किया गया। इससे लगभग 50.5 लाख कर्मचारियों और 68.3 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा।

इससे पहले अक्तूबर में महंगाई भत्ते को 55% से बढ़ाकर 58% किया गया था। पिछला रिविजन 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी माना गया था, जिसका भुगतान एरियर के साथ किया गया था। केंद्र सरकार साल में दो बार, जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बदलाव करती है। इस फैसले से कर्मचारियों की मंथली सैलरी और पेंशनर्स की पेंशन में इजाफा होता है। (अनंत ज्ञान)




◆ **अक्तूबर 2025 में 55 से बढ़ाकर 58 % किया था डीए**

### क्यों जरूरी है डीए?

**महंगाई** भत्ता (डीए) सरकारी कर्मचारियों को दिया जाने वाला 'कॉस्ट-ऑफ-लिविंग' एडजस्टमेंट है। इसका कैलकुलेशन बेसिक पे के प्रतिशत के रूप में किया जाता है। इसका मुख्य मकसद बढ़ती कीमतों के बीच कर्मचारियों की वास्तविक आय की सुरक्षा करना है, ताकि उनकी सैलरी महंगाई के साथ तालमेल बिठा सके।

### बेसिक पे 69,000 रुपए करने की हो रही मांग

**यह** फैसला ऐसे समय आया है, जब कर्मचारी संगठन 8वें वेतन आयोग के तहत सैलरी स्ट्रक्चर में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं। नेशनल काउंसिल-जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी ने अपने ज्ञापन में 3.83 के हायर फिटमेंट फैक्टर की मांग की है। अगर यह मांग मानी जाती है, तो न्यूनतम बेसिक पे 18,000 से बढ़कर करीब 69,000 रुपए हो सकती है। नेशनल काउंसिल-जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी के कर्मचारियों की ओर से 14 अप्रैल को आठवें वेतन आयोग को एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें सिर्फ सैलरी बढ़ने की बात नहीं है, बल्कि पदों के ढांचे को सुधारने, सालाना इंक्रीमेंट बढ़ाने और सभी पेंशनभोगियों को एक जैसा लाभ देने की भी मांग की गई है। इसमें इंक्रीमेंट दर 6% करने का सुझाव दिया गया है।

### 24,815 करोड़ के रेलवे प्रोजेक्टों को भी दी मंजूरी

**सूचना** एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की बैठक में रेल मंत्रालय की दो महत्वपूर्ण मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 24,815 करोड़ रुपए है और इनके जरिए उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के 15 जिलों में रेल नेटवर्क का बड़ा विस्तार किया जाएगा। इस पहल से करीब 601 किलोमीटर रूट और 1,317 किलोमीटर ट्रैक लंबाई में वृद्धि होगी, जिससे रेल संचालन अधिक तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय बन सकेगा।

# भारत को रूस से सस्ता क्रूड ऑयल खरीदने की अनुमति

**एजेंसी नई दिल्ली**

रूसी तेल पर भारत को शनिवार सुबह-सुबह खुशखबरी मिली। पश्चिम एशिया संघर्ष और ईंधन संकट के बीच अमेरिका ने बड़ा यूटर्न लिया है। अमेरिका ने अब उस तेल वाले छूट को रिन्यू करने का फैसला किया है, जिससे भारत को रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिलती है। अमेरिका ने घोषणा की है कि वह उन देशों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने वाली प्रतिबंधों में छूट को आगे बढ़ाएगा, जिनका मकसद ईरान युद्ध के कारण आपूर्ति में आई कमी को दूर करना था।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री की अनुमति देने वाली प्रतिबंधों से छूट को बढ़ा दिया है। यह छूट एक महीने के लिए बढ़ाई गई है। यह फैसला इसलिए लिया गया ताकि वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के कारण बने दबाव को कम किया जा सके।

पहले अमेरिका ने रूसी तेल पर मिली छूट को बढ़ाने से इनकार कर दिया था। अमेरिका का यह फैसला केवल उन रूसी तेल को लेकर है, जो समंदर में जहाज पर मौजूद हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिकी वित्त विभाग ने जारी किया नया आदेश

**अमेरिकी** वित्त विभाग ने शुक्रवार देर रात एक नया लाइसेंस वाला आदेश जारी किया। इसमें देशों को 17 अप्रैल से 16 मई के बीच जहाजों पर लदे रूसी तेल को खरीदने की अनुमति दी गई है। यह कदम पहले जारी 30 दिन की छूट की जगह लेता है, जो 11 अप्रैल को समाप्त हो गई थी। अमेरिका के इस फैसले से भारत को अब फायदा ही फायदा है।

# गोपनीयता न बरतने पर सवालों के घेरे में आई प्रदेश यूनिवर्सिटी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई कि राज्य इकाई ने विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रक्रिया की गोपनीयता को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए आरोप लगाया कि लगातार विश्वविद्यालय की गोपनीयता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिससे छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। एसएफआई के अनुसार यह स्थिति परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को सीधे तौर पर प्रभावित कर रही है। संगठन ने संजौली महाविद्यालय के हालात का हवाला देते हुए कहा कि वर्तमान में वार्षिक परीक्षाओं के दौरान उत्तर पुस्तिकाओं के परिवहन में भारी लापरवाही बरती जा रही है। आरोप है कि जिन बसों में छात्र सामान्य रूप से सफर करते हैं, उन्हीं में उत्तर पुस्तिकाओं को ले जाया जा रहा है, जबकि पहले यह कार्य पूरी गोपनीयता और विशेष व्यवस्था के तहत किया जाता था। एसएफआई ने यह भी कहा कि संजौली बाईपास मार्ग पर उत्तर पुस्तिकाएं खुले में रखी मिलीं, जो गंभीर चिंता का विषय है। मूल्यांकन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए केंद्रों का चयन भी पारदर्शी तरीके से नहीं किया जा रहा है।



संजौली बाईपास मार्ग पर लापरवाही से रखीं उत्तर पुस्तिकाएं।

# सचिन अब ग्रामीण आजीविका मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से एक बार फिर अधिकारियों के तबादले करते हुए पांच एचएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। आदेश जारी होते ही संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए पदभार संभालने के निर्देश दे दिए गए हैं। सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार मुख्यमंत्री के अतिरिक्त सचिव सचिन कंवल को अब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है, जिससे ग्रामीण स्तर पर चल रही योजनाओं के क्रियान्वयन को नई गति मिलने की उम्मीद है। वहीं, अतिरिक्त सचिव राजस्व एवं आवास सुनील वर्मा, जो अब तक निदेशक संपदा का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाल रहे थे, उन्हें अब केवल अपने मूल विभाग पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे राजस्व और आवास से जुड़े मामलों में कार्यकुशलता बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

◆ **हिमाचल में पांच एचएएस अधिकारियों के तबादले**

### भानू गुप्ता को लगाया डायरेक्टर एस्टेट्स

**ज्वाइंट** डायरेक्टर भाषा कला एवं संस्कृत विभाग भानू गुप्ता को डायरेक्टर एस्टेट्स लगाया है। वहीं, एडिश्नल डायरेक्टर टूरिज्म एंड सिविल एविएशन चंदन कपूर को भाषा कला एवं संस्कृत विभाग तथा डिप्टी सेक्रेटरी टू सीएम व संजीव कुमार को लघु बचत निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह अनिल कुमार को इस जिम्मेदारी से भारमुक्त करेंगे।

# टीएमसी बनी भ्रष्टाचार का सिंडिकेट : सीएम

## कहा- कांग्रेस ही वह पार्टी है, जिसने देश में लोकतंत्र और विकास को दी मजबूती

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ही वह पार्टी है, जिसने देश में लोकतंत्र और विकास को मजबूती दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में सत्ता में बैठी ताकतों ने जनता के साथ विश्वासघात किया है और अब बदलाव की जरूरत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। यहां पत्रकार वार्ता में तृणमूल कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए सुक्खू ने कहा कि पार्टी अब भ्रष्टाचार का एक संगठित सिंडिकेट बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्यों के लिए भी टीएमसी से जुड़े लोगों के माध्यम से ही सामान खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे जनता का शोषण हो रहा है और असंतोष तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और टीएमसी दोनों ने पश्चिम बंगाल को केवल बड़े वादों और आकर्षक घोषणाओं तक सीमित रखा है। जमीनी स्तर पर विकास और आम जनता की वास्तविक समस्याओं की अनदेखी की गई है, जिससे राज्य की स्थिति प्रभावित हुई है और जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

सुक्खू ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कमजोर किए जाने से लाखों श्रमिकों और गरीब परिवारों के रोजगार के अवसर प्रभावित हुए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार पर लगातार सामने आ रहे भ्रष्टाचार के मामलों ने जनता का भरोसा पूरी तरह से तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यदि पश्चिम बंगाल में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सरकार बनती है, तो युवा, किसान, महिला और बुजुर्ग सभी वर्गों के सशक्तिकरण के लिए पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी नीतियों के साथ काम किया जाएगा। कांग्रेस सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेगी और राज्य में सुशासन स्थापित करेगी।



पश्चिम बंगाल में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

# पुणे में एयरफोर्स के विमान की हार्ड लैंडिंग

## 11 घंटे बंद रहा रनवे, 91 फ्लाइट्स कैंसिल, 12 डाइवर्ट

**एजेंसी, पुणे**

पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान की हार्ड लैंडिंग हुई। रात 10:30 बजे हुई इस घटना के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जिसके कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन करीब 11 घंटे तक प्रभावित रहा। पुणे एयरपोर्ट के डायरेक्टर संतोष धोके ने बताया कि आईएएफ के विमान को सुबह करीब 5.45 बजे रनवे से हटा दिया गया था, लेकिन नोटम का टाइम बढ़ाकर सुबह 9 बजे कर दिया गया था। हालांकि फ्लाइट ऑपरेशन सुबह 7.30 बजे के बाद नॉर्मल हो सका।

आईएएफ ने एक्स पर बताया कि दोनों पायलट सुरक्षित हैं। रनवे की मरम्मत के बाद उसे फ्लाइट्स के लिए फिट घोषित कर दिया गया। दिन भर में ऑपरेशन सामान्य हो जाएगा। एयरपोर्ट डायरेक्टर के मुताबिक रनवे बंद रहने के दौरान 5 एयरलाइंस की 91 फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी थीं, जबकि 12 फ्लाइट्स को डाइवर्ट कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

◆ **दोनों पायलट सुरक्षित**



### विमान का लैंडिंग गियर हुआ था खराब

**न्यूज** एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अधिकारियों के बताया कि शुक्रवार रात लगभग 22:25 बजे लड़ाकू विमान लैंडिंग करने वाला था। इस दौरान उसका 'अंडरकैरेज' (लैंडिंग गियर यानी पहियों के नीचे का हिस्सा) खराब हो गया था, जिसके कारण वह रनवे पर टकरा गया। इससे रनवे ब्लॉक हो गया था। विमान वहीं फंस गया था। विमान की स्थिति और उसमें हुई क्षति को देखते हुए, रनवे को अस्थायी रूप से बंद करने के लिए सुबह 5.30 बजे तक के लिए एक नोटम जारी किया गया था। बाद में यह समय बढ़ाकर सुबह 9 बजे तक कर दिया गया।

# अमृतसर में 64.62 किलो हेरोइन संग दो तस्कर काबू

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, अमृतसर।** पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलीजेंस विंग ने सीमा पार से हो रही तस्करी के रैकेट का पर्दाफाश करते हुए करीब 450 करोड़ रुपए कीमत की 64.62 किलोग्राम हेरोइन बरामद करके दो तस्करों को काबू किया है। यह गैंग पाकिस्तानी तस्कर मूसा द्वारा चलाया जा रहा था। मूसा कुछ साल पहले भारत में उस समय चर्चा में आया था जब कस्टम ने यहां अटारी-बाघा बार्डर पर एक मालगाड़ी से 532 किलो हेरोइन बरामद की थी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि अमृतसर में पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलीजेंस विंग के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि यह हेरोइन पाकिस्तान से मंगवाई गई है, जिसे अब आगे सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने इससे पहले की पकड़ लिया है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क के तार विदेश में बैठे हैंडलर्स और पाकिस्तान के मूसा गैंग से भी जुड़े हुए हैं। यह गिरोह सीमा पार से ड्रग तस्करी कर पंजाब और अन्य राज्यों में सप्लाई करने का काम कर रहा था। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में पुलिस स्टेशन एसएसओसी अमृतसर में केस दर्ज किया गया है।

◆ **450 करोड़ रुपए बताई जा रही कीमत**

# कुल्लू के मणिकर्ण में गाड़ी पर गिरीं बड़ी-बड़ी चट्टानें

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिले मणिकर्ण घाटी के घटीगढ़ में शनिवार सुबह हुए भीषण भूस्खलन ने एक बार फिर दहशत फैला दी। पहाड़ी से गिरे भारी मलबे और चट्टानों की चपेट में आने से एक ऑल्टो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि कार में सवार यात्रियों ने समय रहते खतरे को भांप लिया और वाहन से बाहर कूद गए, जिससे एक बड़ा जानी नुकसान होने से टल गया।जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे पेश आई। अचानक पहाड़ी से भारी मात्रा में पत्थर और मलबा सड़क पर आ गिरा। उस समय वहां से गुजर रही एक ऑल्टो कार इसकी चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मलबे की आहट सुनते ही चालक और अन्य सवारियां तुरंत वाहन छोड़कर भाग खड़े हुए। कार मलबे के नीचे दबकर चकनाचूर हो गई।

◆ **लोगों ने गाड़ी से कूदकर बचाई जान**



### रास्ता बंद होने से शव लेकर जा रही गाड़ी भी फंसी

**भूस्खलन** के कारण मणिकर्ण-बरशैणी मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। इस रुकावट की वजह से एक अत्यंत दुखद मामला भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि बरशैणी की ओर एक वाहन में जम्मू-कश्मीर की एक महिला पर्यटक का शव फंसा हुआ है। चर्चा है कि महिला बीमार थी और उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन सड़क बंद होने के कारण समय पर इलाज न मिलने से उसकी मौत हो गई। सड़क के एक तरफ एंबुलेंस इंतजार कर रही है, जबकि दूसरी तरफ शव वाहन फंसा रहा।

**सलाह** टेक्नोलॉजी सिर्फ मददगार हो सकती है, जज की जगह नहीं ले सकती

# एआइ से डरने की जरूरत नहीं, संतुलन जरूरी: सीजेआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका में एआई का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन इससे डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी सिर्फ मददगार हो सकती है, जज की जगह नहीं ले सकती। यह बात उन्होंने शनिवार को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि इसका इस्तेमाल करते समय संतुलन जरूरी है। इससे काम तेज और आसान हो सकता है, लेकिन फैसला हमेशा इंसानी सोच, अनुभव और संवैधानिक समझ से ही होना चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि व एआइ से प्रभावित न हों और अपनी स्वतंत्र सोच बनाए रखें।



यह बयान उन्होंने 'रीइमैजिनिंग द ज्यूडिशियरी इन द एरा ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर कर्नाटक स्टेट ज्यूडिशियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के सम्मेलन में दिया। इस मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और सुप्रीम कोर्ट के अन्य जज भी मौजूद थे।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने इससे पहले भी एआई को लेकर अपने विचार रखे थे। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में उन्होंने कहा था कि एआई को न्यायिक प्रणाली में इस तरह शामिल किया जाना चाहिए, जिससे यह व्यवस्था को मजबूत करे, न कि उसके मूल कार्य को कमजोर करे। एआई बड़ी मात्रा में डेटा और रिकॉर्ड को संभालने में मदद कर सकता है, लेकिन फैसले सुनाने का कार्य केवल इंसानों के हाथों में ही रहना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### एआई पर ज्यादा निर्भरता से कमजोर होगी न्याय प्रक्रिया

**सीजेआई** ने कहा कि जैसे जज जटिल मामलों में ज्यादा समय, सोच और धैर्य लगाते हैं, वैसे ही एआई टूल्स का इस्तेमाल भी समझदारी से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सही तरीके से उपयोग करने पर ये टूल्स मदद करेंगे, लेकिन जज का स्वतंत्र निर्णय सबसे जरूरी रहेगा। उन्होंने इसके जोखिमों पर भी चेताया। उन्होंने कहा कि एआई केवल डेटा और एल्गोरिद्म पर काम करता है, उसमें इंसानी समझ, नैतिकता और सामाजिक संदर्भ की समझ नहीं होती। ऐसे में ज्यादा निर्भरता से न्याय प्रक्रिया कमजोर हो सकती है।

### एआई से बने किसी भी कंटेंट की जांच जरूरी

**सीजेआई** ने जोर देकर कहा कि एआई से बने किसी भी कंटेंट की जांच जरूरी है। इसकी जिम्मेदारी मशीन पर नहीं छोड़ी जा सकती। न्यायिक अधिकारियों को हर जानकारी को खुद परखना होगा। उन्होंने कहा कि न्याय एक मानवीय प्रक्रिया है, जो अनुभव, सोच और मूल्यों से बनती है। कोई भी तकनीक इसे पूरी तरह नहीं बदल सकती। अंत में उन्होंने कहा कि न्यायपालिका एक बदलाव के दौर में है। ऐसे समय में जरूरी है कि सिस्टम खुद का आकलन करे और तकनीक को अपनाते हुए भी अपनी मूल पहचान बनाए रखे।

# होर्मुज पार कर रहे भारतीय जहाजों पर हमला

## ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड ने चेतावनी भी नहीं दी, जहाज स्ट्रेट पार किए बिना लौटे

**एजेंसी, तेहरान/नई दिल्ली**

होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे दो भारतीय व्यापारी जहाजों पर शनिवार दोपहर गोलीबारी हुई। इसमें एक तेल जहाज भी था। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट्स टैंकर्स के पास आईं और बिना रेडियो चेतावनी फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद दोनों भारतीय जहाज होर्मुज पार किए बिना लौट गए। जहाज और उसके क्रू मेंबर सुरक्षित हैं।

एक भारतीय जहाज लगभग 20 लाख बैरल इराकी तेल लेकर जा रहा था। घटना के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को भारत में तैनात ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फथअली को तलब किया। भारत ने फायरिंग पर विरोध दर्ज किया है। ईरान ने शनिवार सुबह ही ऐलान किया था कि वह स्ट्रेट पर अपनी सैन्य निगरानी दोबारा कड़ी कर रहा है। (अनंत ज्ञान)




### अमेरिका का नाकेबंदी हटाने से साफ इनकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने होर्मुज से नाकेबंदी हटाने से इनकार कर दिया था। ट्रंप ने कहा कि जब तक ईरान अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता, तब तक यह जारी रहेगी। साथ ही अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि ईरान के बंदरगाहों और तटीय इलाकों पर समुद्री ब्लॉकेड लगातार लागू रहेगा। ब्लॉकेड लागू करने के लिए अमेरिकी युद्धपोत एसएस कैनबरा अरब सागर में गश्त कर रहा है। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका हर हालत में ईरान के पास मौजूद एनरिच्ड यूरेनियम लेकर रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बातचीत से समझौता नहीं हुआ, तो यह काम और सख्त तरीके से भी किया जा सकता है।

# झटका : प्रदेश में एपीएल परिवारों को मई माह में मिलेगा कम आटा

## कोटे में कटौती जारी, दालों की कीमतों में फेरबदल से उपभोक्ताओं पर असर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राशन व्यवस्था को लेकर आम उपभोक्ताओं को एक बार फिर झटका लगा है। सरकार द्वारा एपीएल परिवारों के लिए आटे के कोटे में की गई कटौती मई महीने में भी जारी रहेगी, जिससे लाखों परिवारों को खुले बाजार से महंगा आटा खरीदने की मजबूरी बनी रहेगी। बीते तीन महीनों से जारी इस कटौती ने मध्यम वर्गीय परिवारों की रसोई पर सीधा असर डाला है।

जानकारी के अनुसार फरवरी में एपीएल उपभोक्ताओं को 11 किलो आटा दिया गया था, जबकि मार्च और अप्रैल में यह मात्रा बढ़ाकर 12 किलो की गई थी। अब मई में भी यही 12 किलो आटा ही दिया जाएगा, जबकि पहले इससे अधिक कोटा मिलता था। चावल की मात्रा में कोई बदलाव नहीं किया गया है और उपभोक्ताओं को छह किलो चावल ही मिलेगा।

इसी बीच दालों के दामों में भी बदलाव किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उड़द की दाल 13 रुपए प्रति किलो महंगी हो गई है, जबकि मलका मसूर में एक रुपए की वृद्धि हुई है। हालांकि चना दाल में 11 रुपए की कमी की गई है, जिससे थोड़ी राहत जरूर मिली है। एनएफएसए उपभोक्ताओं के लिए उड़द 89 रुपए, चना 61 रुपए और मसूर 67 रुपए प्रति किलो तय किए गए हैं, जबकि एपीएल उपभोक्ताओं को यही दालें क्रमश: 94, 66 और 72 रुपये प्रति किलो मिलेंगी। राशन डिपुओं में रिफाइंड तेल की सप्लाई अब तक नहीं पहुंच पाई है, जबकि इसके लिए आदेश जारी किए जा चुके हैं। इससे यह सवाल भी उठने लगे हैं कि सप्लाई व्यवस्था में आखिर देरी क्यों हो रही है और इसका खामियाजा आम लोगों को क्यों भुगतना पड़ रहा है। इसके अलावा उपभोक्ता संगठनों ने सरकार से मांग की है कि राशन वितरण व्यवस्था को समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि किसी भी परिवार को अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े। ग्रामीण क्षेत्रों में डिपुओं की नियमित निगरानी और स्टॉक की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता जताई गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोटे में कटौती और दामों में वृद्धि से उनकी आर्थिक स्थिति पर और अधिक दबाव बढ़ रहा है।

### डिपुओं में नई दरों के अनुसार पहुंच रही सप्लाई

**खाद्य** आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार मई महीने में भी आटा और चावल की वर्तमान मात्रा ही लागू रहेगी और दालों के नए दाम प्रभावी कर दिए गए हैं। डिपुओं में नई दरों के अनुसार सप्लाई पहुंचनी शुरू हो गई है, लेकिन उपभोक्ताओं में लगातार बढ़ती महंगाई और घटते राशन को लेकर नाराजगी साफ देखी जा रही है।

# गिरब खुर्द में आज मंत्री विक्रमादित्य सिंह सुनेंगे जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के ग्राम पंचायत गिरब खुर्द में 19 अप्रैल को 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत मंत्री सीधे ग्रामीणों से संवाद स्थापित करेंगे और उनकी समस्याओं को मौके पर सुनकर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश देंगे।

इस अवसर पर क्षेत्र की महत्वपूर्ण टूटू-क्यार संपर्क सड़क की आधारशिला भी रखी जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी। लंबे समय से इस सड़क की मांग की जा रही थी, जिसे अब साकार रूप मिलने जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना और जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। इससे प्रशासन और आमजन के बीच दूरी कम होगी और पारदर्शिता बढ़ेगी। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस पहल से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

# चिट्टा तस्करी में कोर्ट कर्मचारी गिरफ्तार

## ठियोग कोर्ट में है चपरासी, व्हाट्सऐप चैट व ऑनलाइन लेनदेन ने खोला राज

अनंत ज्ञान



चिट्टा तस्करी में पकड़ा आरोपी पुलिस टीम के साथ। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के ठियोग क्षेत्र में चिट्टा तस्करी के खिलाफ चल रही मुहिम के बीच पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मामले की जांच में फॉरवर्ड लिंकेज के आधार पर जेएमएफसी कोर्ट ठियोग में कार्यरत एक चपरासी को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई ने नशे के नेटवर्क की गहराई और उसके फैलाव को उजागर कर दिया है, जिससे साफ है कि तस्करी का जाल समाज के कई स्तरों तक पहुंच चुका है।

दरअसल, 12 अप्रैल को पुलिस ने नंगलदेवी के पास एक कार की तलाशी के दौरान कुलदीप वर्मा उर्फ आशू के कब्जे से 8.340 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। शुरुआती गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने पूछताछ और तकनीकी जांच को आगे बढ़ाया, तो इस मामले की कड़ियां एक बड़े नेटवर्क से जुड़ती चली गईं। आरोपी ने खुलासा किया कि वह यह चिट्टा हितेंद्र मेहता उर्फ रिंकू को सप्लाई करने जा रहा था, जिसके बाद पुलिस ने डिजिटल साक्ष्यों को खंगालना शुरू किया।

जांच के दौरान सामने आई व्हाट्सएप चैट और ऑनलाइन भुगतान के रिकॉर्ड ने पूरे नेटवर्क की तस्वीर साफ कर दी। पुख्ता सबूत मिलने पर पुलिस ने हितेंद्र मेहता, जो कोर्ट में चपरासी के पद पर तैनात था, को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 भी जोड़ दी गई।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2026 में अब तक जिले में 100 मामले दर्ज कर 214 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है, जिनमें कई गिरफ्तारियां बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक के जरिए हुई हैं।

# धार पंचायत के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रविंद्र राणा और राकेश राणा ने थामा कांग्रेस का हाथ



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ कांग्रेस में शामिल होते रविंद्र राणा व राकेश राणा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और भाजपा को लगातार झटके लगते दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्र में पार्टी के भीतर बढ़ती असंतुष्टि और कार्यकर्ताओं की नाराजगी अब खुलकर सामने आने लगी है।

इसी क्रम में धार पंचायत से भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रविंद्र राणा और राकेश राणा ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। दोनों ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात कर कांग्रेस में शामिल होने की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों और मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है। दोनों पहले भाजपा में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए बूथ स्तर तक सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के नवनियुक्त अध्यक्ष जितेंदर मैहता ने दोनों नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस लगातार मजबूत हो रही है और लोगों का भरोसा पार्टी पर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के भीतर चल रही खींचतान और कार्यशैली से निराश होकर कार्यकर्ता अब कांग्रेस में आ रहे हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिससे यह साफ संकेत मिला कि आने वाले समय में क्षेत्र की राजनीति में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# नारकंडा में समस्याओं पर मंथन

## विधायक कुलदीप राठौर की अध्यक्षता में व्यापार मंडल की बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, कुमारसैन।** नारकंडा में नगर पंचायत सभागार में आयोजित व्यापार मंडल की बैठक में विधायक एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। व्यापार मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने घरेलू गैस वितरण में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच बनी असमानता, नारकंडा पीएचसी में स्टाफ की कमी और स्थायी चिकित्सक की नियुक्ति सहित कई मुद्दे उठाए।



बैठक की अध्यक्षता करते विधायक कुलदीप राठौर। अनंत ज्ञान

बैठक में क्षेत्र की सड़क, पेयजल और सफाई व्यवस्था को मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति में आने वाली बाधाओं को दूर करने की मांग उठाई। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। बैठक में नगर पंचायत के छूटे हुए घरों को सीवरेज लाइन से जोड़ने और अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिन पर चरणबद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। बैठक में नारकंडा को पर्यटन के मानचित्र पर और सशक्त बनाने की दिशा में भी योजनाओं पर चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में आदर्श शौचालय का निर्माण किया जाएगा और जल संकट के स्थायी समाधान के लिए अमृत-3 योजना के तहत प्रस्ताव भेजा जाएगा। आइस स्केटिंग रिंक के साथ वन विभाग के सहयोग से नेचर पार्क विकसित करने की योजना पर भी विचार हुआ। इसके अतिरिक्त नारकंडा में शिमला की तर्ज पर समर फेस्टिवल आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे स्थानीय संस्कृति को नई पहचान मिलेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही बैठक में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने, स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने और पर्यटन सीजन में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। विधायक ने इन सभी मुद्दों को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया।

# हर्ष महाजन ने कांगड़ा वैली रेल सेवा बहाल करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

◆ **चार साल से बंद मार्ग होने से जनता परेशान**

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर पठानकोट-जोगिंद्रनगर कांगड़ा वैली रेल सेवा को शीघ्र बहाल करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि करीब चार वर्षों से यह ऐतिहासिक रेल सेवा बाधित है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों, छात्रों, मरीजों, पर्यटकों और सुरक्षा बलों से जुड़े कर्मियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। महाजन ने इस रेल मार्ग को कांगड़ा घाटी की जीवनरेखा बताते हुए कहा कि इसके ठप रहने से स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन गतिविधियों और आम जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

महाजन ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि कांगड़ा घाटी के लोगों की यह लंबे समय से चली आ रही मांग है कि इस रेल सेवा को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द बहाल किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास और सामाजिक जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसकी बहाली से जनजीवन में फिर से गति आ सकती है।

इसके साथ ही उन्होंने पठानकोट रेलवे स्टेशन को ममून कैंटोनमेंट स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर भी गंभीर चिंता जताई। महाजन के अनुसार वर्तमान स्टेशन पिछले एक सदी से क्षेत्र की सेवा कर रहा है और बस स्टैंड, अस्पताल, बाजार, होटल तथा सैन्य प्रतिष्ठानों से बेहतर जुड़ा हुआ है। उन्होंने चेताया कि बिना ठोस योजना के स्टेशन शिफ्ट करने से कनेक्टिविटी प्रभावित होगी, यात्रा समय और खर्च बढ़ेगा और कांगड़ा वैली के मौजूदा रेल नेटवर्क को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि किसी भी निर्णय से पहले जनभावनाओं और व्यावहारिक पक्षों का गंभीरता से मूल्यांकन किया जाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# हाईकोर्ट का फैसला : शेरजंग राष्ट्रीय उद्यान की ईएसजेड अधिसूचना रद्द

अनंत ज्ञान

◆ **19 गांवों को मिली राहत, हाईकोर्ट ने ईएसजेड नोटिफिकेशन को अवैध ठहराया**

◆ **पर्यावरण संरक्षण बनाम आजीविका का संतुलन**

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में शेरजंग राष्ट्रीय उद्यान के आसपास घोषित पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र (ईएसजेड) से संबंधित वर्ष 2022 की अधिसूचना को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि इस अधिसूचना को जारी करने की प्रक्रिया में आवश्यक कानूनी प्रावधानों और पारदर्शिता का पालन नहीं किया गया था।

न्यायालय के अनुसार, इस फैसले का सीधा असर 19 गांवों के निवासियों पर पड़ सकता था, जिससे उनकी आजीविका और मौलिक अधिकार प्रभावित होते। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण जैसे गंभीर मामलों में निर्णय लेते समय स्थानीय समुदायों की भागीदारी और विधिक प्रक्रिया का पालन अनिवार्य है।

अपने आदेश में न्यायालय ने पाया कि अधिसूचना जारी करने से पहले प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से पर्याप्त परामर्श नहीं किया गया और न ही विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को पूरी तरह ध्यान में रखा गया। इसके अलावा, प्रारंभिक प्रस्ताव और अंतिम अधिसूचना के बीच गांवों की संख्या में किया गया बड़ा बदलाव भी बिना किसी ठोस औचित्य के किया गया, जो निर्णय प्रक्रिया की मनमानी को दर्शाता है।

अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन इसके लिए स्थापित नियमों और प्रक्रियाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती। ऐसे निर्णयों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना अनिवार्य है। इस फैसले के बाद प्रभावित ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है, जबकि प्रशासनिक स्तर पर निर्णय प्रक्रिया की समीक्षा और सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है।

# महिला सशक्तिकरण बिल विपक्ष की वजह से अटका : प्रो. सिकंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नई दिल्ली में लोकसभा की कार्यवाही के दौरान महिला आरक्षण विधेयक 2026 को लेकर जोरदार राजनीतिक टकराव देखने को मिला, जिसे लेकर प्रो. सिकंदर कुमार ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश की आधी आबादी को 33 प्रतिशत राजनीतिक भागीदारी देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन विपक्ष के हंगामे और नकारात्मक रवैये के चलते यह ऐतिहासिक पहल अपेक्षित समर्थन हासिल नहीं कर सकी। उनके अनुसार, दशकों से लंबित इस विषय को धरातल पर उतारने का प्रयास किया गया, परंतु सदन में व्यवधान और प्रक्रियागत आपत्तियों का सहारा लेकर इसे रोक दिया गया।



◆ **विपक्ष पर महिला अधिकारों को रोकने का आरोप**

◆ **संसद में हंगामे से विधेयक नहीं हो सका पारित**

प्रो. सिकंदर कुमार ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने महिला सशक्तिकरण जैसे गंभीर मुद्दे को भी राजनीति का माध्यम बना दिया और वोट बैंक की सोच के कारण एक बड़े सामाजिक बदलाव को बाधित किया। उन्होंने इसे महिलाओं की आकांक्षाओं पर आघात बताते हुए कहा कि करोड़ों महिलाएं नीति निर्माण में अपनी भागीदारी की उम्मीद कर रही थीं, जिन्हें निराशा हाथ लगी है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार इस मुद्दे से पीछे हटने वाली नहीं है और निकट भविष्य में विधेयक को दोबारा प्रस्तुत कर पारित कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# प्रदेश में बढ़ी तपिश, शिमला में सीजन का सबसे गर्म दिन

## तापमान में उछाल : शिमला 27 डिग्री के पार, मौसम विभाग ने जताई और बढ़ोतरी की संभावना

अनंत ज्ञान



सुहावने मौसम का आनंद लेते पर्यटक व स्थानीय लोग। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम खुलने से गर्मी का असर तेज़ी से बढ़ने लगा है। राजधानी शिमला में शनिवार को इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया, जहां अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। यह सामान्य से 5.5 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में औसतन करीब 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे लोगों को दिन के समय तेज़ गर्मी महसूस होने लगी है।

राज्य के कई मैदानी और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान सामान्य से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। बिलासपुर जिले का बरठीं प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा ऊना में 35.7 डिग्री, नाहन में 34.3 डिग्री, मंडी में 34.2 डिग्री, सुंदरनगर में 33.6 डिग्री और कांगड़ा में 33.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वहीं पर्यटन स्थल मनाली में अधिकतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश का औसतन अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 3 डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया गया है।

हालांकि इससे पहले बीती रात ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम बदला हुआ रहा। लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कुल्लू की ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि मध्य और निचले इलाकों में कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। सबसे अधिक वर्षा मंडी जिला के सलापड़ में 21.0 मिलीमीटर और चंबा जिले के सलूणी में 18.3 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा कुकुमसेरी में 14.4 मिलीमीटर, सांगला में 7.8 मिलीमीटर और कल्पा में 5.2 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कुछ स्थानों पर तेज हवाएं भी चलीं और सियोबाग में हवा की रफ्तार 35 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची।

शनिवार को हालांकि राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहा और शिमला व मनाली समेत कई इलाकों में दिनभर तेज धूप खिली रही। इसके कारण लोगों को दिन के समय गर्मी का ज्यादा एहसास हुआ। न्यूनतम तापमान की बात करें तो राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि कल्पा में 4.6 डिग्री, ताबो में 5.0 डिग्री, सराहन में 7.3 डिग्री और मनाली में 8.5 डिग्री दर्ज किया गया। शिमला में रात का तापमान 15.6 डिग्री और ऊना तथा कांगड़ा में 16.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान यानी रविवार को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों के मध्य व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। इन जिलों में आंधी और बिजली गिरने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। 20 अप्रैल को केवल ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है, जबकि 21 से 23 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने और तापमान में और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। वहीं 24 अप्रैल को मैदानी इलाकों को छोड़कर अन्य हिस्सों में फिर से बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

# नौकरी लेने के लिए 20 को रोहड़ू व 21 को आएं रामपुर

अनंत ज्ञान

◆ **200 पदों के लिए 22 को कुमारसैन व 23 को सुन्नी में होंगे कैंपस इंटरव्यू**

**ब्यूरो, शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला प्रवीन नगराईक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला शिमला के युवाओं के लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके तहत अलेना ऑटो लिमिटेड, प्लॉट नंबर-सी-116, फेज-7, मोहाली द्वारा ट्रेनिंग ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर और हेल्पर के कुल 200 पदों को भरने के लिए 20 से 23 अप्रैल तक कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह साक्षात्कार प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से आयोजित होगी, जिसमें 20 अप्रैल को उपरोजगार कार्यालय रोहड़ू, 21 अप्रैल को उपरोजगार कार्यालय रामपुर, 22 अप्रैल को उपरोजगार कार्यालय कुमारसैन तथा 23 अप्रैल को उपरोजगार कार्यालय सुन्नी में प्रात: 10:30 बजे से इंटरव्यू शुरू होंगे।

प्रत्येक दिन 50-50 पदों के लिए चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं अथवा आईटीआई निर्धारित की गई है तथा आयु सीमा 18 से 45 वर्ष (केवल पुरुष) रखी गई है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इच्छुक अभ्यर्थियों का नाम रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे विभागीय वेबसाइट पर जाकर घर बैठे अपना पंजीकरण सुनिश्चित कर सकते हैं, ताकि वे इस रोजगार अवसर का लाभ उठा सकें। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे निर्धारित तिथियों पर समय पर उपस्थित होकर अपने सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाएं और इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 78888-90406 पर संपर्क कर सकते हैं।

**उम्मीद** बर्फबारी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए फसल बीमा में नया एड-ऑन कवर

# सेब बागवानों को राहत की उम्मीद

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में अप्रैल के पहले और दूसरे सप्ताह में हुई बर्फबारी ने सेब बागवानों को एक बार फिर भारी नुकसान पहुंचाया है, लेकिन अब सरकार इस नुकसान की भरपाई के लिए बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। सेब बागानों को बर्फबारी से होने वाले नुकसान को फसल बीमा योजना के तहत एड-ऑन कवर में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे बागवानों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में कई जगह बर्फबारी के कारण सेब के बगीचों के साथ एंटी-हेल नेट, बांस और पौधों को व्यापक क्षति हुई है। इससे बागवानों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। मौजूदा व्यवस्था में बर्फबारी से होने वाला नुकसान बीमा के मुख्य कवर में शामिल नहीं है, जिसके चलते बागवानों को मुआवजा नहीं मिल पाता था। अब इस कमी को दूर करने की दिशा में सरकार सक्रिय नजर आ रही है। बागवानी विभाग ने पहले ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान को भी मुख्य कवर में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया। सरकार का तर्क है कि ओलावृष्टि प्रदेश के सीमित हिस्सों में होती है और इसे मुख्य कवर में शामिल करने से प्रीमियम दरों में बढ़ोतरी होगी, जिसका असर सभी बागवानों पर पड़ेगा। इसलिए ओलावृष्टि को फिलहाल एड-ऑन के रूप में ही रखा जाएगा।

फसल बीमा योजना के तहत वर्तमान में सूखा, बाढ़, बेमौसम बारिश और आंधी जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान पर मुआवजा मिलता है। इसके लिए बागवानों को प्रति प्लांट करीब 75 रुपये प्रीमियम देना होता है, जबकि ओलावृष्टि को शामिल करने पर करीब 23 रुपये अतिरिक्त देने पड़ते हैं। यानी कुल प्रीमियम लगभग 98 रुपये प्रति पौधा हो जाता है।



### राज्य सरकार ने बागवानी विभाग को दिए निर्देश

**राज्य** सरकार ने बागवानी विभाग को निर्देश दिए हैं कि बर्फबारी से होने वाले नुकसान को एड-ऑन कवर के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव तैयार किया जाए। इस प्रस्ताव को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में मंजूरी के बाद केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद बागवानों को अलग से प्रीमियम देकर बर्फबारी से होने वाले नुकसान का बीमा कवर मिल सकेगा, जिससे भविष्य में उन्हें बड़े आर्थिक नुकसान से राहत मिलना तय माना जा रहा है।

# रैगिंग प्रकरण पर एबीवीपी का कड़ा रुख, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

अनंत ज्ञान

◆ **निष्पक्ष जांच और जीरो टॉलरेंस नीति पर दिया जोर**

**ब्यूरो, शिमला।** पंडोगा, ऊना स्थित केसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में सामने आए रैगिंग और छात्र के साथ मारपीट के गंभीर मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ा रुख अपनाया है। परिषद ने घटना की तीखी निंदा करते हुए इसे शिक्षा के मूल्यों, अनुशासन और सुरक्षित वातावरण के खिलाफ गंभीर अपराध बताया है।

जानकारी के अनुसार संस्थान के हॉस्टल में रह रहे एक छात्र के साथ रैगिंग के नाम पर अभद्र व्यवहार और मारपीट की गई, जिससे पूरे प्रदेश के छात्र समुदाय में रोष है। एबीवीपी का कहना है कि शिक्षा संस्थान केवल पढ़ाई के केंद्र नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और सुरक्षित भविष्य की नींव होते हैं, ऐसे में इस तरह की घटनाएं पूरे तंत्र पर सवाल खड़े करती हैं। परिषद ने संस्थान द्वारा आरोपी छात्र को निष्कासित करने और पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू करने को सकारात्मक कदम बताया, लेकिन इसे अपर्याप्त करार देते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग उठाई है।

एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री अभी ठाकुर ने कहा कि रैगिंग जैसी अमानवीय कुप्रथा के लिए किसी भी शिक्षण संस्थान में कोई स्थान नहीं होना चाहिए और इस पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू होनी चाहिए। उन्होंने प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में एंटी-रैगिंग नियमों का सख्ती से पालन, सक्रिय समितियों का गठन, नियमित निगरानी और छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। परिषद ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई, कैंपस और हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, पीड़ित छात्र को मानसिक, शैक्षणिक व कानूनी सहायता देने और प्रभावी हेल्पलाइन व काउंसलिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। एबीवीपी ने स्पष्ट किया है कि यदि मामले में किसी प्रकार की ढिलाई बरती गई तो छात्र हितों की रक्षा के लिए आंदोलन किया जाएगा, साथ ही परिषद पीड़ित छात्र को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

# हिमाचल के जनप्रतिनिधियों के वेतन का हिस्सा छह माह के लिए स्थगित

## मुख्यमंत्री से लेकर विधायकों तक लागू होगा निर्णय, यह कटौती नहीं, अस्थायी स्थगन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आर्थिक चुनौतियों के बीच सरकार ने वित्तीय संतुलन साधने की दिशा में एक अहम निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सीएम से लेकर विधायकों तक के वेतन का एक हिस्सा आगामी छह महीनों के लिए स्थगित करने का आदेश जारी किया है।

सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मुख्यमंत्री के वेतन का 50 प्रतिशत, उपमुख्यमंत्री, मंत्रिपरिषद के सदस्यों तथा विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के वेतन का 30 प्रतिशत और विधायकों के वेतन का 20 प्रतिशत हिस्सा अस्थायी रूप से रोका जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी इस अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह कदम केवल अस्थायी व्यवस्था है, जिसे राज्य की वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार ने इस स्थगन को किसी प्रकार की कटौती नहीं माना है। अधिसूचना में साफ कहा गया है कि रोकी गई राशि को भविष्य में राज्य की आर्थिक स्थिति सुधरने पर जारी किया जाएगा। दरअसल, इस फैसले की पृष्ठभूमि मार्च में पेश किए गए बजट से जुड़ी है, जिसमें मुख्यमंत्री ने स्वयं सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के वेतन का एक हिस्सा अस्थायी रूप से स्थगित करने की घोषणा की थी। हालांकि बाद में प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के वेतन से तीन प्रतिशत स्थगन का निर्णय वापस ले लिया गया, जिससे यह संकेत मिला कि सरकार संतुलन बनाते हुए फैसले ले रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय सरकार की वित्तीय अनुशासन बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे यह संदेश भी जाता है कि आर्थिक दबाव के समय जनप्रतिनिधि स्वयं भी जिम्मेदारी साझा कर रहे हैं। हालांकि, कुछ वर्गों का मानना है कि इससे सीमित स्तर पर ही राहत मिलेगी, जबकि व्यापक आर्थिक सुधारों की भी आवश्यकता बनी हुई है। आने वाले महीनों में राज्य की वित्तीय स्थिति और राजस्व संग्रह के आधार पर इस निर्णय की समीक्षा की जा सकती है, जिससे आगे की नीति तय होगी।

### आर्थिक सेहत सुधारने की कोशिश

**गौर** करने वाली बात यह है कि आर्थिक दबाव के इस दौर में सरकार ने जनप्रतिनिधियों से शुरुआत करते हुए एक प्रतीकात्मक संदेश देने का प्रयास किया है। यह निर्णय वित्तीय अनुशासन का संकेत देता है और शासन व्यवस्था में शीर्ष स्तर पर जिम्मेदारी निभाने की भावना को प्राथमिकता दी जा रही है।

◆ बजट दबाव के बीच सरकार का निर्णय, वेतन का हिस्सा बाद में मिलेगा

# ट्रेनिंग के दौरान 26 वर्षीय आर्मी जवान की मौत, दो महीने पहले हुई थी शादी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले के बकलोह स्थित सैन्य क्षेत्र में प्रशिक्षण के दौरान एक आर्मी जवान की अचानक मौत हो गई। जवान की पहचान मोहित (26) पुत्र संजय शर्मा निवासी सैक्टर-65 साहूपुरा, फरीदाबाद (हरियाणा) के रूप में हुई है। यह जवान भारतीय सेना की 29 पैरा इकाई में भर्ती था और बकलोह स्थित एसएफटीएस कैंट में प्रशिक्षण ले रहा था। मोहित सुबह के समय नियमित प्रशिक्षण में शामिल था। इसी दौरान गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी जवानों और अधिकारियों द्वारा उसे तत्काल उपचार के लिए बकलोह के सैन्य अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना चुवाड़ी की टीम तुरंत सैन्य अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उधर, सेना की संबंधित इकाई भी इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और आंतरिक स्तर पर जांच जारी है। जवान की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। अब असमय मृत्यु से सैन्य क्षेत्र में शोक का माहौल है। एसपी विजय कुमार सकलानी ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले में हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है।

## सांसद कंगना के बयान पर छिड़ा सियासी घमासान

# विक्रमादित्य बोले- तथ्यों से अनभिज्ञ लोग कर रहे सशक्तिकरण की बात

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और आरक्षण के मुद्दे पर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। कंगना रनौत के हालिया बयान ने हिमाचल की राजनीति में तीखी बयानबाजी को जन्म दे दिया है। उन्होंने विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या को लेकर जो दावा किया, उसी को लेकर अब सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए हैं, और मुद्दा राजनीतिक तकरार का केंद्र बन गया है।



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कंगना के बयान को सिरे से खारिज करते हुए इसे तथ्यहीन और हास्यास्पद करार दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिमाचल विधानसभा में एक नहीं बल्कि तीन महिला विधायक हैं, जिनमें अलग-अलग दलों का प्रतिनिधित्व है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिन्हें प्रदेश की बुनियादी जानकारी तक नहीं, वे महिला सशक्तिकरण जैसे गंभीर विषय पर बयान दे रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने इस विवाद को महिला आरक्षण विधेयक से जोड़ते हुए केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उनका कहना है कि कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण के समर्थन में रही है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस मुद्दे को चुनावी लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब देश में चुनावी माहौल था, उसी दौरान इस बिल को लाकर इसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश की गई।

### आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर शुरू

**इस** पूरे घटनाक्रम के बाद हिमाचल की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। एक ओर भाजपा महिला सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता बता रही है, वहीं कांग्रेस इसे राजनीतिक एजेंडा करार दे रही है। आने वाले दिनों में यह मुद्दा और अधिक तूल पकड़ सकता है, क्योंकि दोनों पक्ष इसे जनता के बीच अपने-अपने तरीके से भुनाने में जुटे हैं।

# हिमाचल में कांग्रेस के नव नियुक्त 71 ब्लॉक अध्यक्षों में गायब नारी शक्ति पर उठा विवाद

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सियासत में उस समय नया विवाद खड़ा हो गया, जब शुक्रवार को राज्य कांग्रेस द्वारा घोषित 71 ब्लॉक अध्यक्षों की सूची में एक भी महिला को स्थान नहीं दिया गया। महिला सशक्तिकरण और आरक्षण के पक्ष में मुखर रहने वाली पार्टी की इस सूची ने उसकी नीतिगत प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। राजनीतिक गलियारों में इसे कांग्रेस की कथनी और करनी के बीच गहरे अंतर के रूप में देखा जा रहा है।

जानकारों का मानना है कि राज्य में संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से किए गए इस विस्तार में कई वरिष्ठ नेताओं की सहमति और मार्गदर्शन का हवाला दिया गया है। नियुक्तियों के पीछे सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह जैसे नेताओं के मार्गदर्शन का उल्लेख किया गया है। लेकिन सूची में महिलाओं की पूर्ण अनुपस्थिति ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या संगठन विस्तार में सामाजिक संतुलन को नजरअंदाज किया गया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह निर्णय ऐसे समय में सामने आया है, जब राष्ट्रीय स्तर पर महिला आरक्षण को लेकर व्यापक चर्चा चल रही है और कांग्रेस स्वयं को महिलाओं के अधिकारों का समर्थक बताती रही है। ऐसे में हिमाचल की यह सूची पार्टी की छवि को कमजोर कर सकती है। विपक्षी दलों ने इसे मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस पर महिलाओं की अनदेखी का आरोप लगाया है और इसे दोहरे मापदंड का उदाहरण बताया है। दूसरी ओर, नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने इसे संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उनका कहना है कि जमीनी स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए यह नियुक्तियां की गई हैं। हालांकि, अंदरखाने यह चर्चा भी तेज है कि महिला कार्यकर्ताओं में इस निर्णय को लेकर असंतोष पनप सकता है, जो आने वाले समय में संगठनात्मक चुनौती बन सकता है।

### महिला भागीदारी पर उठे गंभीर सवाल

**कुज** मिलाकर, कांग्रेस की यह सूची अचानक ही राजनीतिक विमर्श का केंद्र बन गई है साथ ही महिला प्रतिनिधित्व की अनुपस्थिति ने पार्टी को कठघरे में खड़ा कर दिया है और यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी इस आलोचना का जवाब किस तरह देती है और क्या भविष्य में संतुलन साधने के लिए कोई सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं।

◆ संगठन विस्तार के नाम पर असंतुलन, जमीनी स्तर पर असंतोष की आहट

# स्वारघाट में छात्रों को 'मुर्गा' बनाने का मामला, वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान

**राकेश चंदेल, स्वारघाट।** बिलासपुर के तहत आने वाले स्वारघाट क्षेत्र में एक कॉलेज से जुड़ा मामला सामने आया है, जहां छात्रों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है।

जानकारी के अनुसार, यह मामला स्वारघाट स्थित शास्त्री कॉलेज स्वारघाट से जुड़ा बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में कुछ छात्रों को 'मुर्गा' बनाकर सजा दी जाती दिख रही है। बताया जा रहा है कि ये छात्र कॉलेज से बंक मारकर बाहर गए थे और नशा करते हुए स्थानीय लोगों द्वारा पकड़े गए थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने छात्रों को सजा देते हुए वीडियो बनाया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया। इस पूरे मामले को लेकर कॉलेज प्रबंधन ने कड़ा रुख अपनाया है।

कॉलेज प्रशासन का कहना है कि छात्रों के साथ इस तरह का व्यवहार अस्वीकार्य है और संस्थान की छवि को नुकसान पहुंचाता है। साथ ही, बिना अनुमति वीडियो बनाकर वायरल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भी चिंता का माहौल है, जबकि प्रशासन ने स्थिति पर नजर बनाए रखी हुई है। प्रशासन ने छात्रों की सुरक्षा और अनुशासन को लेकर सख्त नियम लागू करने की बात कही है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कॉलेज में निगरानी व्यवस्था और कड़ी की जाएगी, ताकि माहौल शांतिपूर्ण बना रहे।

◆ शास्त्री कॉलेज के छात्रों के साथ कथित दुर्व्यवहार पर कॉलेज प्रशासन सख्त

◆ नशे की हालत में पकड़े गए छात्रों का लोगों ने सजा देते हुए बनाया था वीडियो

# राज्य में महिलाओं का झुकाव स्वरोजगार की ओर, नौकरियों में कम दिलचस्पी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में महिलाओं की आजीविका का सबसे बड़ा आधार स्वरोजगार बनकर उभरा है। राज्य के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार प्रदेश की करीब 85 प्रतिशत महिलाएं खेती, पशुपालन, बागवानी, हस्तशिल्प और घर आधारित छोटे व्यवसायों जैसे कार्यों से जुड़ी हुई हैं। इसके मुकाबले नियमित वेतन वाली नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी केवल लगभग 12 प्रतिशत है। इससे साफ संकेत मिलता है कि प्रदेश की महिलाएं औपचारिक रोजगार की तुलना में स्व-रोजगार को अधिक प्राथमिकता दे रही हैं।

महिलाओं की बड़ी संख्या के स्वरोजगार से जुड़े होने के बावजूद हिमाचल प्रदेश महिला श्रमिक भागीदारी दर के मामले में राष्ट्रीय औसत से बेहतर स्थिति में है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार दिसंबर 2025 तिमाही तक प्रदेश का श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यू.पी.आर.) 50.4 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय औसत करीब 40 प्रतिशत से अधिक है। प्रदेश में लगभग 41.3 प्रतिशत महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं, जो पड़ोसी राज्यों उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा से बेहतर स्थिति को दर्शाता है।

### दिहाड़ी श्रम से जुड़ीं केवल 3% महिलाएं

**आर्थिक** सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल में महिलाओं की बहुत कम संख्या दिहाड़ी श्रम से जुड़ी है। प्रदेश में केवल लगभग 3 प्रतिशत महिलाएं ही आकस्मिक या दैनिक मजदूरी पर काम कर रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति एक ओर महिलाओं की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूत भूमिका को दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर यह भी बताती है कि स्थायी और संगठित क्षेत्र की नौकरियों तक उनकी पहुंच अभी सीमित है।

### 5.18 लाख से अधिक बेरोजगार पंजीकृत

**हालांकि** महिलाओं की आर्थिक भागीदारी मजबूत दिख रही है, लेकिन रोजगार के अवसरों की चुनौती अभी बनी हुई है। दिसंबर 2025 तक प्रदेश के रोजगार कार्यालयों में 5 लाख 18 हजार 807 बेरोजगार युवाओं का पंजीकरण दर्ज किया गया है। कांगड़ा, मंडी, शिमला और चंबा जिलों में पंजीकृत युवाओं की संख्या अधिक है।

◆ महिला श्रमिक भागीदारी दर में हिमाचल राष्ट्रीय औसत से बेहतर

# नारी शक्ति के विरोध में कांग्रेस व उसके सहयोगी दल : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच रखने का आरोप लगाते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले संवैधानिक संशोधन विधेयक का विरोध किए जाने को महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय बताया।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश ने एक बार फिर देख लिया है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल नारी शक्ति के सशक्तिकरण के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक का विरोध करना यह दर्शाता है कि विपक्ष महिलाओं को उनके अधिकार देने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रकार के कदमों का जवाब देश की महिलाएं स्वयं लोकतांत्रिक तरीके से देंगी। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में महिलाएं सड़कों पर उतरकर कांग्रेस और विपक्षी दलों से सवाल कर रही हैं कि उनके अधिकारों को क्यों रोका गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रतिबद्ध रही है और इसी दिशा में महिला आरक्षण के लिए ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन लाया गया। इसके बावजूद कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा समर्थन न देने के कारण यह विधेयक आवश्यक बहुमत प्राप्त नहीं कर सका। अनुराग ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसका इतिहास महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ठोस निर्णय लेने से पीछे हटने का रहा है। उन्होंने कहा कि शाह बानो प्रकरण, तीन तलाक समाप्ति का विषय या वर्तमान महिला आरक्षण विधेयक को हर बार कांग्रेस ने महिलाओं के हितों के प्रति असंगत रुख अपनाया है।

# अब उमेश और प्रवीण को भेजा न्यायिक हिरासत में

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** स्थानीय विधायक आशीष शर्मा के भाई उमेश शर्मा और चाचा प्रवीण को अब सोमवार तक न्यायिक हिरासत पर भेज दिया गया है। पिछले तीन दिनों से वे गिरफ्तारी के बाद पुलिस रिमांड पर चल रहे थे। अब उनकी बेल एप्लीकेशन भी लगी हुई है और उस पर सोमवार को सुनवाई होगी। हमीरपुर के एसपी बलबीर सिंह ने बताया कि कोर्ट में आज उन्हें पेश किया गया और कोर्ट ने दो दिन की न्यायिक हिरासत पर उन्हें भेजा है। उनकी बेल एप्लीकेशन पर भी सोमवार को ही सुनवाई हो सकती है। काबिले गौर यह है कि बुधवार को इन दोनों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था और एक दिन का पुलिस रिमांड इन्हें कोर्ट द्वारा दिया गया था। फिर वीरवार को भी इन्हें 2 दिन का अतिरिक्त पुलिस रिमांड कोर्ट ने दिया था।

◆ कल बेल एप्लीकेशन पर भी होगी सुनवाई

# अब हिम बस प्लस कार्ड लाएगा एचआरटीसी

## पंचायत चुनावों के बाद लॉच हो सकता है कार्ड

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) अब हिम बस प्लस कार्ड लाने की तैयारी में है। इससे पहले एचआरटीसी हिम बस कार्ड लेकर आई थी, जिसके अच्छे परिणाम सामने आने के बाद अब हिम बस प्लस कार्ड की दिशा की ओर निगम बढ़ रहा है। हिम बस प्लस कार्ड पंचायती राज चुनावों के बाद लांच हो सकता है। प्रदेश सरकार जिस तरह से ग्रीन हिमाचल की ओर आगे बढ़ रही है, उसी कड़ी में प्रदेश भर में 100 इलेक्ट्रिक चार्जर भी स्थापित किए जाएंगे। इस कार्ड के तहत कैशबैक आएगा, इसको लेकर बैंक से जुड़ी प्रक्रिया होती है, जिस पर कार्य चल रहा है। इस कार्ड को कैशबैक के तहत लाने और लोगों को जोड़ने का कार्य चल रहा है, जो कि फाइनल स्टेज पर है। ऐसे में कहा जा सकता है कि प्रदेशवासियों को हिम बस कार्ड के बाद अब पंचायत चुनावों के बाद हिम बस प्लस कार्ड की सुविधा मिलना शुरू हो सकती है।



◆ प्रदेशभर में स्थापित होंगे 100 इलेक्ट्रिक चार्जर

> **जल्द** ही एचआरटीसी हिम बस प्लस कार्ड लाने जा रही है, जिसकी प्रक्रिया जारी है। पंचायती राज चुनावों के बाद इसे लांच किया जाएगा। ग्रीन स्टेट की दिशा में बढ़ रही सरकार की ओर से इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जा रही हैं, जिसके चलते प्रदेश में 100 इलेक्ट्रिक चार्जर स्थापित किए जा रहे हैं। वहीं प्रदेश की सभी एचआरटीसी वर्कशॉप का कायाकल्प किया जा रहा है।
>
> **-अजय वर्मा, उपाध्यक्ष, हिमाचल पथ परिवहन निगम**

### जल्द आ रही 300 नई इलेक्ट्रिक बसें

**ग्रीन** हिमाचल की ओर प्रदेश सरकार बढ़ रही है, इसी कड़ी में 300 नई इलेक्ट्रिक बसें आ रही हैं। सीएम ने बजट मे अगले वर्ष एक हजार इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी। इसके अलावा प्रदेशभर में 100 के लगभग इलेक्ट्रिक चार्जर लगाए जाएंगे।

### एचआरटीसी वर्कशॉप का होगा कायाकल्प

**प्रदेश** के सभी एचआरटीसी वर्कशॉप को नया रूप दिया जाएगा, जिसके लिए नाबार्ड के माध्यम से फंड का इंतजाम हो चुका है। गौरतलब है कि धर्मशाला में स्मार्ट सिटी के तहत मॉर्डन वर्कशॉप का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, वहीं निगम की ओर से प्रदेश की अन्य वर्कशॉप का भी कायाकल्प किया जा रहा है।

# संसद में महिला आरक्षण बिल गिरना मोदी सरकार के लिए खतरे की घंटी : अनुराग शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्य सभा सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण बिल का लोक सभा में गिर जाना मोदी सरकार के लिए खतरे की घंटी है । उन्होंने कहा कि इस बिल के खिलाफ 230 वोट पड़े, जबकि भाजपा की लोक सभा में संख्या मात्र 240 है और इससे साफ झलकता है कि भाजपा और विपक्ष में लोक सभा में संख्या बल का फर्क मात्र 10 सांसदों का है और इसे कभी भी बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल तो संसद में बर्ष 2023 में पहले ही पास हो गया है जिसे वर्ष 2029 में लागू किया जाना है और अगर मोदी सरकार इसे वर्ष 2027 में लागू करना चाहती थी तो 2023 का बिल ही प्रस्तुत करना चाहिए था जिसे कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष पहले ही सर्वसम्मति से समर्थन दे चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने सरकार को 2023 का मूल बिल प्रस्तुत करने के लिया कहा था, लेकिन सरकार महिला आरक्षण की आड़ में अपना एजेंडा थोपना चाहती थी जिसे देश ने नकार दिया। उन्होंने भाजपा से पूछा कि इस बिल को पास करवाने के लिए उनके पास जब बहुमत था ही नहीं तो उन्होंने इस बिल को संसद में पेश क्यों किया । उन्होंने कहा की इससे सरकार का करोड़ों रूपये खर्चा किया जिसका कोई नतीजा नहीं निकला और अब भाजपा इस पर अपनी राजनैतिक रोटियों सेकना चाह रही है जिसमे भाजपा कतई कामयाब नहीं होगी।



◆ कहा- बिना बहुमत के केंद्र सरकार ने पेश किया महिला आरक्षण बिल

**निर्णय** लंबे समय से जमे कर्मियों के स्थानांतरण को हाई कोर्ट ने बताया उचित

# डीओ नोट पर तबादला अवैध नहीं

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात कर्मचारियों के तबादले यदि डीओ नोट के आधार पर किए जाते हैं तो इसमें कोई अवैधता नहीं मानी जाएगी। अदालत ने यह व्यवस्था देते हुए उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें स्थानांतरण आदेश को चुनौती दी गई थी।



◆ तबादला आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

याचिकाकर्ता ने 31 मार्च 2026 को जारी तबादला आदेश को अदालत में चुनौती देते हुए आरोप लगाया था कि उसका स्थानांतरण दुर्भावना से प्रेरित है और उसे सामान्य कार्यकाल पूरा करने का अवसर नहीं दिया गया। उसने यह भी कहा कि यह निर्णय निजी प्रतिवादी द्वारा प्राप्त डीओ नोट के आधार पर लिया गया है, जो अनुचित है। हालांकि अदालत ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया।

मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि याचिकाकर्ता पिछले करीब एक दशक से मंडी-नेरचौक-सुंदरनगर क्षेत्र में कार्यरत रहा है। अदालत ने कहा कि इतनी लंबी अवधि तक एक ही स्थान पर तैनाती के बाद स्थानांतरण स्वाभाविक प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है और इसे केवल डीओ नोट के आधार पर गलत नहीं ठहराया जा सकता।

कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासनिक व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने के लिए समय-समय पर कर्मचारियों का स्थानांतरण आवश्यक है। यदि कोई कर्मचारी लंबे समय तक एक ही स्थान पर बना रहता है, तो ऐसे मामलों में डीओ नोट के माध्यम से भी तबादला किया जाना नियमों के अनुरूप माना जा सकता है।

यह निर्णय राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता और संतुलन बनाए रखने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हाई कोर्ट ने यह भी संकेत दिया कि तबादला नीति का उद्देश्य केवल प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित करना है, न कि किसी कर्मचारी को दंडित करना। विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला भविष्य में तबादला विवादों के मामलों में एक महत्वपूर्ण नजीर बन सकता है। साथ ही, इससे यह स्पष्ट संदेश गया है कि लंबे कार्यकाल के बाद स्थानांतरण को चुनौती देना आसान नहीं होगा, यदि वह नियमों और प्रशासनिक आवश्यकता के तहत किया गया हो।

### तबादला व्यवस्था पर कड़ी कार्रवाई

**इस** फैसले के जरिए हाई कोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि प्रशासनिक निर्णयों में हस्तक्षेप तभी होगा जब स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन या दुर्भावना सिद्ध हो। लंबे समय से जमे कर्मचारियों के तबादले को अदालत ने उचित ठहराते हुए साफ किया कि डीओ नोट आधारित प्रक्रिया भी वैध प्रशासनिक उपकरण है और इसे मनमाना करार नहीं दिया जा सकता।

# ग्रामीण भारत को 83,977 करोड़ की पीएमजीएसवाई-3 से नई रफ्तार : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-III को मार्च 2028 तक बढ़ाने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे ग्रामीण विकास के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने नरेंद्र मोदी और अमित शाह का आभार जताते हुए कहा कि 83,977 करोड़ के बढ़े हुए बजट से गांवों में बुनियादी ढांचे को नई मजबूती मिलेगी और करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।



उन्होंने शिमला से जारी एक बयान में बताया कि योजना के तहत 161 नए पुलों के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिन पर करीब 961 करोड़ खर्च होंगे। साथ ही लंबित परियोजनाओं को पूरा करने की समयसीमा मार्च 2028 तक बढ़ाई गई है, जबकि पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों के लिए इसे मार्च 2029 तक किया गया है। कुल वित्तीय आवंटन को 80,250 करोड़ से बढ़ाकर 83,977 करोड़ करना केंद्र सरकार की ग्रामीण कनेक्टिविटी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ. बिंदल ने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में सड़कें विकास की जीवनरेखा हैं। बेहतर कनेक्टिविटी से गांवों को बाजार, स्कूल और अस्पतालों से जोड़ने में मदद मिलेगी, जिससे किसानों और बागवानों को अपनी उपज समय पर पहुंचाने में सहूलियत होगी और आय में वृद्धि होगी।

# झूठे हलफनामे पर पंचायत चुनाव में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक अहम फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की जानकारी छिपाना या झूठा हलफनामा देना गंभीर अपराध है, जिसे किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अदालत ने पंचायत चुनाव में नामांकन के दौरान आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाने वाले पूर्व ग्राम पंचायत प्रधान पर लगाए गए छह वर्ष के प्रतिबंध को बरकरार रखते हुए कहा कि पारदर्शिता ही लोकतंत्र की असली ताकत है और इसके साथ समझौता नहीं किया जा सकता।

अदालत ने अपने फैसले में यह भी साफ किया कि यह मामला अपराध की प्रकृति से ज्यादा चुनावी प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा से जुड़ा हुआ है। न्यायालय के अनुसार, यदि उम्मीदवार नामांकन के समय जानबूझकर तथ्यों को छिपाता है, तो यह मतदाताओं के साथ विश्वासघात के समान है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई भी उम्मीदवार इस तरह की गलती करने से पहले कई बार सोचे। याचिकाकर्ता द्वारा यह तर्क दिया गया था कि बाद में बरी हो जाने के कारण सजा को कम किया जाना चाहिए, लेकिन अदालत ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि नामांकन के समय दी गई गलत जानकारी की गंभीरता बाद की घटनाओं से कम नहीं होती। चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत में ही पूर्ण और सही खुलासा करना अनिवार्य है, क्योंकि यही लोकतंत्र की निष्पक्षता और विश्वसनीयता की नींव है।

### चुनावी शुचिता पर न्यायालय का कड़ा संदेश

**हाईकोर्ट** ने अपने निर्णय में यह भी रेखांकित किया कि पंचायत चुनाव हर पांच वर्ष में होते हैं, इसलिए छह वर्ष की अयोग्यता अवधि पूरी तरह से न्यायसंगत है और इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दोषी उम्मीदवार तुरंत अगली चुनावी प्रक्रिया में प्रवेश न कर सके। अदालत ने कहा कि जनसेवा के क्षेत्र में आने वाले व्यक्ति से उच्च स्तर की ईमानदारी और जवाबदेही की अपेक्षा की जाती है, और जो इस कसौटी पर खरा नहीं उतरता, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई ही लोकतंत्र को मजबूत बनाती है।

# विट्ठल साकड़ा बने चौधरी फाउंडेशन के राज्य अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। चौधरी फाउंडेशन की ओर से वर्ष 2026-2029 कार्यकाल के लिए संगठनात्मक चुनाव संपन्न किए गए। इसमें सर्वसम्मति से विट्ठल साकड़ा को चौधरी फाउंडेशन का राज्य अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उनके चयन पर उपस्थित सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। साकड़ा का संगठन में लंबे समय से सक्रिय योगदान रहा है, जिसके चलते उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



विट्ठल साकड़ा ने कहा कि वे अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर चौधरी बिरादरी के उत्थान, सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार एवं युवा सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्यों को और गति प्रदान करेंगे। संगठन के माध्यम से समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुंचाने के लिए नई योजनाएं और पहल शुरू की जाएंगी।

चुनाव प्रक्रिया में कर्नल (सेवानिवृत्त) स्वरूप कोहली, अध्यक्ष, ओबीसी कल्याण मंडल एवं रछपाल पांजला पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। पूर्व अध्यक्ष रॉबिन कौंडल ने औपचारिक रूप से नवनिर्वाचित अध्यक्ष को कार्यभार सौंपा।

### नई कार्यकारिणी

नई कार्यकारिणी टीम का भी गठन किया गया, जिसमें सुदर्शन चौधरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं एनआरआई विंग प्रमुख, दीपक चौधरी को राज्य उपाध्यक्ष कमल भट्टू को संयुक्त सचिव, अश्वनी साकड़ा को महासचिव, अतिश चौधरी को कोषाध्यक्ष, मिथुन चौधरी को प्रवक्ता नियुक्त किया गया।

# सकोह को मिलेगी इंटरनेशनल पहचान

## नॉर्थ इंडिया का बन रहा दूसरा आइस स्केटिंग व रोलर स्केटिंग रिंक

- एडीबी के सहयोग से करीब 34 करोड़ से हो रहा निर्माण
- प्रोजेक्ट भूमि पर स्थित समाधियों व मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण
- अगले वर्ष मई में तैयार होने का लक्ष्य तय



सकोह में निर्माणाधीन आइस स्केटिंग व रोलर स्केटिंग रिंक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला के समीप स्थित सकोह को इंटरनेशनल पहचान मिलने वाली है। नगर निगम धर्मशाला के सकोह वार्ड में बन रहा आइस स्केटिंग व रोलर स्केटिंग रिंक अगले वर्ष तैयार होगा। एडीबी के सहयोग से पर्यटन विकास निगम के सहयोग से इसका निर्माण करीब 34 करोड़ से किया जा रहा है। यही नहीं जिस भूमि पर यह प्रोजेक्ट बन रहा है, वहां पर स्थित समाधियों और कुलदेवी मंदिर का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

**पर्यटन को लगेंगे पंख :** धर्मशाला के सकोह में बन रहे आइस स्केटिंग व रोलर स्केटिंग रिंक से पर्यटन नगरी के पर्यटन को पंख लगने वाले हैं। इसमें रेस्टोरेंट, पार्किंग, पार्क की सुविधा होगी। साथ ही आइस स्केटिंग व रोलर स्केटिंग रिंक की आउटडोर व इंडोर सुविधा उपलब्ध रहेगी।

**नए आयाम होंगे पर्यटन में स्थापित :** आइस स्केटिंग व रोलर स्केटिंग रिंक बनने से स्मार्ट सिटी धर्मशाला में पर्यटन के नए आयाम स्थापित होंगे। करीब 60 कनाल भूमि में बन रहा रिंक शिमला से बड़ा है और नॉर्थ इंडिया का दूसरा इंटरनेशनल स्तर का है।



"सकोह वार्ड के विकास में यह प्रोजेक्ट मील पत्थर साबित होगा। धर्मशाला-गगल मार्ग किनारे बन रहे इस प्रोजेक्ट से निश्चित तौर पर सकोह वार्ड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। भूमि संबंधी मामले में परेशानियां पेश आई, लेकिन लोगों ने वार्ड के विकास को देखते हुए सहयोग किया और अब प्रोजेक्ट आगे बढ़ रहा है। सकोह में बन रहा आइस स्केटिंग व रोलर स्केटिंग रिंक नॉर्थ इंडिया का दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्तर का है तथा यह शिमला से भी बड़ा है।

-सुषमा रंधावा, पूर्व पार्षद सकोह वार्ड, नगर निगम धर्मशाला।

### भूमि चयन को लेकर आई दिक्कतें

प्रोजेक्ट के लिए चयनित भूमि को लेकर हालांकि दिक्कतें आई, लेकिन स्थानीय पार्षद ने लोगों से बैठकर वार्ड के विकास का हवाला देकर उन्हें मनाया। अब प्रोजेक्ट का कार्य युद्धस्तर पर जारी है और अगले वर्ष मई माह में तैयार होने की संभावना है। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी घोषित किया है, ऐसे में आइस स्केटिंग व रोलर स्केटिंग रिंक के संचालन से पर्यटन गतिविधियों में इजाफा होगा और प्रदेश की आर्थिकी सुदृढ़ होगी।

# कर्मचारियों के डीए व एरियर का जल्द भुगतान करे सरकार

- टीजीटी कला संघ बोला 15 प्रतिशत कम डीए ले रहे प्रदेश के कर्मचारी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) घोषित किए जाने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 60 प्रतिशत हो गया है, जबकि हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी अभी भी केवल 45 प्रतिशत डीए पर कार्य कर रहे हैं।

इस अंतर को लेकर राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश मुख्य सचिव और वित्त सचिव से मांग की है कि लंबित देयताओं का शीघ्र भुगतान किया जाए। संघ के राज्य महासचिव विजय हीर ने कहा कि हिमाचल के इतिहास में इतना लंबा डीए और एरियर लंबित नहीं रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार या तो एकमुश्त भुगतान करे या फिर किस्तों में नियमित भुगतान शुरू करे। यदि इसी वित्तीय वर्ष में भुगतान करना है, तो हर माह 1.5 प्रतिशत डीए वृद्धि का फार्मूला अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि डीए, एरियर, वेतन आयोग के बकाया और भत्तों के भुगतान को लेकर सरकार को पंजाब की तरह स्पष्ट नीति और समय-सीमा तय करनी चाहिए। समय पर समाधान न होने पर कर्मचारियों ने हाईकोर्ट जाने की चेतावनी दी है। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि लगभग 12,000 करोड़ रुपए की देनदारी पर सरकार अभी तक कोई ठोस भुगतान फार्मूला नहीं बना पाई है, जबकि वित्त विभाग लगातार आर्थिक तंगी का हवाला दे रहा है। कर्मचारियों की जेसीसी बैठक भी लंबे समय से नहीं हुई है। इसके साथ ही शिक्षा बोर्ड द्वारा कुछ विषयों की पुस्तकें केवल अंग्रेजी माध्यम में छापे जाने पर भी रोष जताया गया है। संघ ने मांग की है कि हिंदी माध्यम का विकल्प भी सुनिश्चित किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ पालमपुर ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई पालमपुर की बैठक 33 केवी सब स्टेशन कुरल में पालमपुर इकाई के प्रधान अक्षय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में चर्चा हुई। बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संग के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर सिंह ठाकुर और महासचिव चमन लाल शर्मा, जिला तकनीकी कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उपप्रधान बलदेव सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह मुख्य सलाहकार जिला कांगड़ा, हंसराज इकाई प्रधान लंबागांव और पालमपुर के तकनीकी कर्मचारियों ने भाग लिया।

### ज्वालामुखी में आज लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** किशोरी लाल बंसल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से 19 अप्रैल को निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंसल सराय, ओल्ड मंदिर मार्ग, ज्वाला जी में आयोजित होगा। शिविर में हृदय रोग, मूत्र रोग, स्त्री रोग, फेफड़ा रोग, नेत्र रोग, बाल रोग, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी एवं फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों की जांच एवं परामर्श करेंगे। ट्रस्ट की ओर से रजिंदर पाल बंसल ने बताया कि जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

### बिजली बिल भुगतान को लेकर सख्त चेतावनी

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं को विभाग ने बकाया बिजली बिलों के भुगतान को लेकर सख्त चेतावनी जारी की है। सहायक अभियंता ई. मनीष कुमार संधू ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने मार्च 2026 या उससे पूर्व के बिल जमा नहीं किए हैं, वे शीघ्र भुगतान करें। उपभोक्ता अपने बिल कार्यालय या ऑनलाइन माध्यम से जमा कर सकते हैं। समय पर भुगतान न करने पर बिना पूर्व सूचना के बिजली कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। विभाग ने इसे अंतिम सूचना माना है।

### पूर्व सीएम शांता से मिले भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता



**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** भाजपा के प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से भेंट कर पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी साझा की। इस दौरान शांता कुमार ने पालमपुर संगठन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं की एकजुटता और निष्ठा की प्रशंसा की। बैठक में आगामी पंचायतीराज एवं स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही पालमपुर नगर निगम के विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर भी विचार व्यक्त किए गए। दोनों नेताओं ने संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया।

### अब भजन 'पौणाहारीया' से छाई पूजा हिमाचली

**अनंत ज्ञान, गरली।** हिमाचल की चर्चित कलाकार पूजा हिमाचली ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया है। कॉमेडी के बाद अब उन्होंने गायिकी में भी अपनी पहचान बनाई है। उनका नया भजन-लोकगीत 'पौणाहारीया' रिलीज होते ही प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया है और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पारंपरिक पहाड़ी बोलों से सजे इस गीत में उनकी मधुर आवाज़ ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है। संगीतकार यश रंगोट की धुनों और विक्की नरयाल के निर्देशन ने इसे और आकर्षक बना दिया है। गीत की एडिटिंग अनिल शिवा जलोटिया ने की है।

### नंगलभूर में अनियंत्रित ट्रक ने मचाई तबाही

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब-हिमाचल सीमा पर पठानकोट-जालंधर नेशनल हाईवे स्थित नंगलभूर में शुक्रवार देर शाम एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए बाजार में घुस गया और चार दुकानों को भारी नुकसान पहुंचाया। इस हादसे में दो कारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं, हालांकि किसी की जान नहीं गई। प्रत्यक्षदर्शी हितेश कुमार ने बताया कि ट्रक अचानक तेज रफ्तार में उनकी दुकान की ओर आया, जिससे वह समय रहते बाहर निकल गए। उनकी दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और लाखों का नुकसान हुआ। दुकानदारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत लिया है।

# अनंत ज्ञान के पत्रकार अशोक ठाकुर की पत्नी का निधन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के इंदौरा एवं पठानकोट के विशेष संवाददाता अशोक ठाकुर की पत्नी श्रीमती ऊषा ठाकुर (61) का वीरवार देर रात निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। शुक्रवार को पैतृक निवास डमटाल के समीप मोहटली गांव के श्मशानघाट में पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों तथा पठानकोट और आसपास के क्षेत्रों से आए पत्रकारों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। ऊषा ठाकुर अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और परिवार के प्रति समर्पण के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन से उनके परिजनों और परिचितों को गहरा आघात पहुंचा है। अनंत ज्ञान परिवार के समस्त पत्रकारों एवं प्रबंधन ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। संस्थान ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें।



- क्षेत्र में शोक की लहर

# महिला आरक्षण के नाम पर मोदी सरकार का इवेंट मैनेजमेंट बेनकाब : भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आम आदमी पार्टी ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक से जुड़े हालिया घटनाक्रम को सरकार की नीतिगत और नैतिक विफलता बताया है। पार्टी का कहना है कि 131वें संविधान संशोधन विधेयक को विशेष बहुमत न मिल पाना यह दर्शाता है कि सरकार के पास इस ऐतिहासिक कदम को लागू करने की न तो स्पष्ट रणनीति थी और न ही विपक्ष को साथ लेने की इच्छाशक्ति। पार्टी प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि 298 मत पक्ष में और 230 मत विपक्ष में आने के बावजूद सरकार संवैधानिक सहमति बनाने में असफल रही। उन्होंने आरोप लगाया कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को केवल राजनीतिक लाभ के लिए प्रचारित किया गया, जबकि इसके वास्तविक क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि 2023 से 2026 तक इसे लागू करने में विलंब क्यों हुआ और क्या यह केवल चुनावी लाभ के लिए किया गया था। आप ने मांग की कि सरकार स्पष्ट करे कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण कब से प्रभावी होगा और परिसीमन प्रक्रिया को निष्पक्ष रखा जाएगा। पार्टी ने कहा कि देश की महिलाएं अब केवल नारे नहीं, बल्कि वास्तविक अधिकार और न्याय चाहती हैं, और जनता 2029 में इसका जवाब देगी।



# गजब: 36 दिन में 35 यूनिट बिजली खपत और बिल आया 238 रुपए

## उपभोक्ता परेशान; बिजली व्यवस्था पर उठे सवाल, दुरुस्त करवाने को लगाने पड़ेंगे विभाग के चक्कर

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** गगल के साथ लगते बैदी गांव में बिजली बिलों में गड़बड़ी का एक और मामला सामने आया है, जिसने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां के उपभोक्ता रामप्रकाश शर्मा को महज 36 दिनों में 35 यूनिट बिजली खपत के बावजूद 238 रुपए का बिल थमा दिया गया। इस बार सरकारी छुट्टियों के चलते मीटर रीडिंग भी हफ्ताभर लेट हुई, फिर भी बिल में गफलत समझ से परे है।

बिल हाथ में आते ही उपभोक्ता हैरान रह गया, क्योंकि अब तक उसका जीरो बिल ही आता रहा है। कम बिजली खपत के चलते वह प्रदेश सरकार की 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का लाभार्थी रहा है। ऐसे में अचानक आया यह बिल न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि विभागीय लापरवाही की ओर भी इशारा करता है।



अब इसे गलत मीटर रीडिंग कहें या फिर तकनीकी खामी ,लेकिन इस त्रुटि का खामियाजा अब उन्हें भुगतना पड़ रहा है। बिल को सही करवाने के लिए उन्हें बिजली कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ेंगे, जिससे समय और धन दोनों की हानि होगी। गौरतलब है कि बिजली बिलों में गड़बड़ी का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी गलत मीटर रीडिंग और अत्यधिक बिलों की शिकायतें सामने आती रही हैं। खासकर स्मार्ट मीटर लगने के बाद ऐसे मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। कई उपभोक्ताओं को तो एक-एक लाख रुपए से ज्यादा के बिल थमाए जाने के मामले भी चर्चा में रहे हैं।

विभाग अक्सर इन मामलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेता है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर आम उपभोक्ता कब तक इस तरह की परेशानियों का सामना करता रहेगा? जरूरत इस बात की है कि विभाग न केवल ऐसे मामलों की गंभीरता से जांच करे, बल्कि पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि उपभोक्ताओं का भरोसा बहाल हो सके।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में 350 से अधिक स्टूडेंट्स किए सम्मानित




विद्यार्थियों के सम्मान में 'अचीवर्स सेरेमनी' का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में शैक्षणिक, खेल एवं छात्रवृत्ति क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में 'अचीवर्स सेरेमनी' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 350 से अधिक विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, जो विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जम्मू एवं कश्मीर प्रशासनिक सेवा की प्रतिष्ठित अधिकारी रहीं, जिनकी उपस्थिति ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेल उपलब्धियों और छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। छात्रवृत्ति प्राप्त विद्यार्थियों को उनके परिश्रम के सम्मान स्वरूप चेक प्रदान किए गए। विद्यालय के निदेशक ने कहा कि हर क्षेत्र में प्रतिभा को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना संस्था की प्राथमिकता है। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसी पहलें युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिससे विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ।

# स्प्रिंग डेल स्कूल का छात्र ईशान एसएआई में चयनित

**अनंत ज्ञान, जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के छात्र ईशान का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) 2026 में हुआ। ईशान ने नेशनल लेवल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल किया। इस प्रतियोगिता का ट्रायल 6,7 तथा 8 अप्रैल को कारगिल लद्दाख में हुआ था, जिसमें ईशान ने सफलता हासिल की। ईशान के पिता का नाम हरबंस लाल तथा माता का नाम मधुबाला है। ईशान की प्रारंभिक शिक्षा स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली से ही हुई है।




ईशान की एसएआई में सिलेक्शन के बाद आगे की पढ़ाई, खाना -पीना तथा रहना तथा आगे की तैयारी भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा निशुल्क करवाई जाएगी। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल ने ईशान को बधाई दी। साथ ही बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण भारत के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का महत्वपूर्ण अंग है। अपनी खेल प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से भारतीय खेल प्राधिकरण युवाओं में प्रतिभा उत्पन्न करने का काम करता है। साथ ही उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलो को बढ़ावा देने और खेल उत्कृष्ट प्राप्त करने के उद्देश्यों का दायित्व सौंपा गया है। स्कूल के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा कमिटी मेंबर्स चंद्रशेखर ने ईशान के उत्साह को बढ़ाते हुए मुबारकबाद दी।

# पठानिया ने शाहपुर में किया ओवरहेड टैंक का शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड नंबर 5 में 17 लाख रुपए की लागत से बनने वाले एक लाख लीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक का शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि उनके साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान नगर पंचायत शाहपुर में 40 हैंडपंप स्थापित किए गए हैं, जिससे लोगों को सुचारू और निर्बाध पेयजल सुविधा उपलब्ध हो रही है।

उन्होंने कहा कि इस ओवरहेड टैंक के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 200 परिवारों के 1000 लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और पेयजल आपूर्ति और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य को अगले दो माह के भीतर पूरा किया जाए। विधायक ने इस परियोजना के लिए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री (जिनके पास जलशक्ति विभाग का जिम्मा भी है) का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के लिए भेजा गया। इस मौके पर पूर्व शहरी कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम चंबियाल ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए नगर पंचायत में किए जा रहे विकास कार्यों के लिए उनका धन्यवाद किया।

### धारकंडी में सड़कों एवं पुलों पर 62 करोड़ खर्च

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के धारकंडी क्षेत्र के सल्ली में 18 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत सामुदायिक केंद्र भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि धारकंडी क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों एवं पुलों के निर्माण पर लगभग 62 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि कनोल-लग बतूनी-मोर्छ सड़क पर 16.43 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। लगभग 10 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

# ग्रीनलैंड स्कूल सूरजपुर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। चेयरमैन रणवीर सिंह ने बताया कि परीक्षा में विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन कर स्कूल एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता के लिए उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। प्रधानाचार्य अनुमीत कौर एवं सचिव कमलजीत सिंह ने बताया कि इस परिणाम में आयुषी ने 96 प्रतिशत, आरुषि ने 93.4 प्रतिशत, सौम्या ने 91.8 प्रतिशत, सायना ने 91.1 प्रतिशत, शुभांशी ने 91 प्रतिशत, सोनाली ने 90.8 प्रतिशत, कृतिका ने 90 प्रतिशत, दिपाक्षी ने 89.8 प्रतिशत, मानिका ने 89.2 प्रतिशत, रणवीर ने 85 प्रतिशत, वृशिका व रितिका ने 88.8 प्रतिशत और महेश्वर ने 87.4 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।



# 5.71 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत एक और सफलता प्राप्त हुई है। शुक्रवार रात को जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस नंबर एचपी 68-4508 में सवार 23 वर्षीय विंपाशु चौधरी निवासी तालपुरा, वार्ड 3 , तहसील व जिला कांगडा के कब्जे से 5.71 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस थाना कांगड़ा में मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार रात को पुलिस की विशेष टीम गश्त पर थी तो तकीपुर में टोल प्लाजा के पास रानीताल की तरफ से एचआरटीसी परवाणु-ऊना-धर्मशाला रूट की बस पहुंची। बस की तलाशी के दौरान बस की अंतिम सीट में बैठे युवक के बैग से 5.71 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि नशे और अन्य अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# खड़ा डंडा मार्ग पर डंगे को पानी से बचाने का कार्य शुरू

## 'अनंत ज्ञान' ने प्रमुखता से उजागर किया था मुद्दा, अब प्रशासन आया हरकत में

- टैक्सी ऑपरेटर्स और होटलियर्स ने किया प्रशासन का धन्यवाद

अनंत ज्ञान

**मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज को धर्मशाला से जोड़ने वाले शॉर्टकट मार्ग खड़ा डंडा पर सीवरेज के गंदे पानी से नवनिर्मित डंगे को पहुंच रहे नुकसान से बचाने का कार्य शुरू हो गया है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने इस समस्या को प्रमुखता से उजागर किया था, जिस पर प्रशासन ने हरकत में आते हुए डंगे को पानी से बचाने का कार्य शुरू कर दिया है। वहीं, टैक्सी ऑपरेटर्स, होटलियर्स व स्थानीय लोगों ने सीवरेज समस्या व डंगे को पहुंच रहे नुकसान से बचाने के कार्य शुरू करने पर प्रशासन का धन्यवाद किया है।

गौरतलब है कि इस मार्ग पर सीवरेज चैंबर का ढक्कन एक माह से ओवरफ्लो हो रहा था, जिसका गंदा पानी हाल ही में बनाए गए डंगे पर आकर ठहर रहा है, जिससे डंगे का एक हिस्सा बैठने लगा है। डंगे के पास पानी की वजह से गड्ढा बन गया है, जो कि वाहनों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। सीवरेज का गंदा पानी पैदल राहगीरों की समस्या बनने के साथ डंगे को भी नुकसान पहुंच रहा था, जिससे एक तरफ का डंगा बैठ गया, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी।




पानी की वजह से डंगे को पहुंच रहे नुकसान का समाधान करते श्रमिक।

### कांग्रेस को सुलह में करारा झटका

# दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र में पंचायतीराज चुनावों से पहले कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि क्षेत्र के कई प्रभावशाली और जमीनी स्तर पर मजबूत कांग्रेस कार्यकर्ता ने पार्टी की नीतियों से असंतुष्ट होकर भाजपा का दामन थाम लिया है। उन्होंने इसे कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों और बढ़ते असंतोष का परिणाम बताया। इस अवसर पर विपिन सिंह परमार ने सभी नव-प्रवेशी कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि संगठन में हर कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान और उचित स्थान दिया जाएगा। भाजपा में शामिल होने वालों में अरला पंचायत के पूर्व प्रधान बाबूराम, पूर्व उप-प्रधान बिहारी लाल और धारी सहित कई पूर्व पदाधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा बिंटा देवी, बबली देवी, संजय कुमार, भवानी सिंह और अन्य कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा पर भरोसा जताया। परमार ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में विकास ठप हो गया है और जनता अब भाजपा की नीतियों पर विश्वास जता रही है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में कांग्रेस का जनाधार और कमजोर होगा।

- यह तो शुरुआत है कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय : परमार

## न्यूज ब्रीफ

### रक्कड़ में वाहन से पकड़ी शराब, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना भवारना में वाहन से शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भवारना की पुलिस टीम जब गश्त पर थी, तो रक्कड़ में गाड़ी नंबर एचपी 37 एच-2795 के चालक मुनीष कुमार निवासी गांव व डाकघर कुरल तहसील पालमपुर से 9000 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब तथा 3750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई। इस संदर्भ में पुलिस थाना भवारना में आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

### मानव एकता दिवस को लेकर तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में मानव एकता दिवस 24 अप्रैल 2026 की तैयारियां महात्मा दीना नाथ के नेतृत्व में की जा रही हैं। बाबा गुरबचन सिंह महाराज की स्मृति में आयोजित यह दिवस मानवता, प्रेम और एकत्व का संदेश देता है। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में दिल्ली के बुराड़ी स्थित ग्राउंड नं. 2 में भव्य सत्संग होगा। इसमें श्रद्धालु भक्त प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिकता का अनुभव करेंगे। यह आयोजन भेदभाव मिटाकर करुणा, समरसता और भाईचारे को प्रोत्साहित करेगा तथा आत्मिक जागृति और आंतरिक शांति का संदेश प्रदान करेगा।

### गुरिंदर सिंह बने युवा कांग्रेस के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** कांग्रेस ने कोटला के गुरिंदर सिंह को जसवां-परागपुर युवा कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्हें प्रदेश कांग्रेस महासचिव सुरिंदर मनकोटिया का करीबी समर्थक माना जाता है। इस नियुक्ति से क्षेत्र में मनकोटिया गुट को मजबूती मिली है। इससे पहले मुल्तान सिंह को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया, वे भी मनकोटिया समर्थक हैं। इन दोनों नियुक्तियों से परागपुर क्षेत्र में राजनीतिक संतुलन स्थापित हुआ है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि नई टीम से संगठन को मजबूती और ऊर्जा मिलेगी तथा आगामी चुनावों में कांग्रेस की स्थिति और बेहतर होगी।

### हिमांशु को जयसिंहपुर युवा कांग्रेस की कमान



**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** लंबागांव के हिमांशु राणा को जयसिंहपुर युवा कांग्रेस की कमान सौंपी गई है। 29 वर्षीय लंबागांव के हिमांशु राणा को पहली बार युवा अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस युवाओं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हिमांशु राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार और आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएंगे।

### कच्छियारी में 6000 मिलीलीटर देसी शराब पकड़ी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत अवैध शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कांगड़ा की टीम जब गश्त पर थी तो कच्छियारी में राम निवासी कच्छियारी की दुकान से 6000 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की गई। पुलिस थाना कांगड़ा में आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

### कवाड़ी में दुकान से शराब बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत दुकान से अवैध शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नगरोटा बगवां पुलिस थाना की टीम जब गश्त पर थी तो कवाड़ी में पृथ्वी चंद निवासी कवाड़ी की दुकान से 5250 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की है । इस संदर्भ में पुलिस थाना नगरोटा बगवां में आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश चौधरी का स्वागत



**अनंत ज्ञान, देहरा।** ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश चौधरी का देहरा में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं और नारेबाजी से माहौल उत्साहपूर्ण रहा। इस अवसर पर उन्होंने सुखविंदर सिंह सुक्खू, विधायक कमलेश ठाकुर सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाएंगे और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। संगठन को मजबूत करने के लिए पुराने कार्यकर्ताओं से संपर्क और युवाओं को जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे क्षेत्र में नया जोश देखने को मिला।

# बैजनाथ–पपरोला बाईपास का जल्द शुरू होगा कार्य : किशोरी

## विधायक ने किए 54.80 लाख के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में 54.80 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकासात्मक कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण किए।

उन्होंने लगभग 33 लाख 55 हजार रुपए की लागत से निर्मित डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया तथा लगभग 21 लाख 25 हजार रुपए की लागत से बनने वाले बॉक्सिंग रिंग शेल्टर की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी जिसमें 60 कंप्यूटर एवं टैबलेट उपलब्ध करवाए गए हैं, के माध्यम से



विधायक ने डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। अनंत ज्ञान

विद्यार्थियों को ई–बुक्स, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री एवं शोध संसाधनों तक सहज पहुंच प्राप्त होगी। वहीं , बॉक्सिंग रिंग शेल्टर के निर्माण से खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी और वे अपने खेल कौशल को और निखार सकेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में 28 करोड़ रपुए की लागत से बनने वाले बैजनाथ–पपरोला बाईपास को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका कार्य जल्द ही आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से बैजनाथ तथा पपरोला बाजार में प्रतिदिन लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी तथा यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने आगे बताया कि बैजनाथ में 5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा जिससे महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित क्षेत्र के खिलाड़ियों को अभ्यास एवं खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा उन्होंने 2 करोड़ रुपये की लागत से खीरगंगा घाट के सुधार एवं जीर्णोद्धार के लिए भी प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने की बैठकें

# टीमेट व एएलएम की पदोन्नति में हो रही देरी का उठा मुद्दा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष रणवीर सिंह ठाकुर एवं महासचिव चमन लाल शर्मा ने कांगड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर विद्युत कर्मियों की समस्याओं को जाना तथा विद्युत बोर्ड के मुख्य अभियंता अजय गौतम से मिलकर उनके समक्ष कर्मियों की समस्याओं को रखा।

संघ की ओर से विभिन्न स्थानों पर आयोजित बैठकों में टीमेट व एएलएम की पदोन्नति में हो रही देरी का मुद्दा छाया रहा। संघ ने मुख्यमंत्री और विद्युत बोर्ड चेयरमैन से इस पर तुरंत संज्ञान लेने की मांग की है तथा उनके पदोन्नति के आदेश पिछली डेट से किए जाएं। संघ ने बोर्ड प्रबंधन वर्ग से शीघ्र ओवर टाइम तथा मोबाइल भत्ते का भुगतान करने की मांग की। संघ की ओर से मुख्य अभियंता के समक्ष रखी गई मांगों में से कुछ पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही समाधान करवाया और शेष मांगों को जल्द पूरा करने का भरोसा दिया। प्रदेशाध्यक्ष रणवीर सिंह ठाकुर ने तकनीकी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों को बोर्ड प्रबंधन और सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। आउटसोर्स पर कार्यरत समस्त कर्मचारियों के लिए स्थाई नीति एवं समस्त तकनीकी कर्मचारियों के लिए टर्म इंश्योरेंस का लाभ प्रदान किया जाए। नॉन आईटीआई टीमेट, एएलएम, हेल्पर ऑल कैडर को एकमुश्त पदोन्नति का लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और वेतन विसंगतियों और पदोन्नति जैसे मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाएगा।

## महिला आरक्षण का समर्थन करने के बजाय राजनीतिक स्वार्थों में उलझा विपक्ष : श्रेय अवस्थी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा सोशल मीडिया विभाग के सह–संयोजक श्रेय अवस्थी ने संसद में महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष के रवैये को लेकर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं, तब विपक्ष उसका समर्थन करने के बजाय राजनीतिक स्वार्थों में उलझा हुआ नजर आ रहा है।



श्रेय अवस्थी ने कहा कि यह कोई पहला अवसर नहीं है जब विपक्ष ने किसी सकारात्मक पहल का विरोध किया हो। उनका आरोप है कि विपक्ष ने लगातार सरकार के हर महत्वपूर्ण और जनहितकारी निर्णय का विरोध करने की आदत बना ली है। चाहे वह आर्थिक सुधार हों, सामाजिक कल्याण की योजनाएं हों या फिर महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में उठाए गए कदम, विपक्ष का रवैया हमेशा नकारात्मक ही रहा है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं के आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर विपक्ष का यह व्यवहार उनके असली चेहरे को उजागर करता है। यह स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष केवल राजनीति करने में विश्वास रखता है, न कि समाज के वास्तविक विकास और महिलाओं के सम्मान में। उन्होंने कहा कि अब विपक्ष का एकमात्र एजेंडा मोदी विरोध बनकर रह गया है। महिला सशक्तिकरण केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। यदि देश की महिलाएं मजबूत होंगी, तो देश स्वत: ही प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे इस विषय पर राजनीति से ऊपर उठकर सोचें और महिलाओं के हित में एकजुट होकर काम करें। देश की जनता अब सब कुछ देख और समझ रही है। आने वाले समय में वही दल और नेता सफल होंगे जो वास्तविक मुद्दों पर काम करेंगे और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलेंगे। महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के मुद्दे पर किसी भी प्रकार की राजनीति न केवल अनुचित है, बल्कि देश के भविष्य के साथ भी अन्याय है।

## पत्नी और बहू से मारपीट के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** पुलिस स्टेशन हरिपुर के तहत पड़ते दरगेह गांव के एक 63 वर्षीय व्यक्ति को पत्नी और बहू के साथ मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किया है। बता दें कि शुक्रवार को रमेश चंद (63) पुत्र दाना राम निवासी दरगेह ने शराब के नशे में पत्नी और बहू से मारपीट और गाली–गलौच करने लगा। दुपट्टे से दोनों के गले दबाने का प्रयास करने लगा। इस बीच आरोपी की पत्नी और बहू ने उसे जैसे तैसे कमरे में बंद कर दिया। आरोपी ने कमरे में पड़े हथौड़े से खिड़कियों के शीशे और दरवाजा तोड़ दिया। आरोपी की पत्नी ने पुलिस स्टेशन हरिपुर में मामले की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी आगबबूला हो गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का शुक्रवार रात को ही मेडिकल करवाया गया।

# बोर्ड अध्यक्ष का विद्यार्थियों को संदेश परिणाम नहीं, प्रयास आपकी पहचान है

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने वर्तमान परीक्षा परिणामों के दौर में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए एक बेहद संवेदनशील और प्रेरणादायक संदेश साझा किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंक और ग्रेड किसी विद्यार्थी की योग्यता का पैमाना तो हो सकते हैं, लेकिन वे उसके संपूर्ण जीवन का भविष्य तय नहीं करते। डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे परिणामों को केवल सीखने की एक प्रक्रिया के रूप में देखें और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए भविष्य के नए लक्ष्य निर्धारित करने पर ध्यान केंद्रित करें।



**असफलता से न डरें, इसे सुधार का अवसर मानें**

विद्यार्थियों को मानसिक संबल प्रदान करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें सुधारने का एक सुनहरा अवसर है।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से अपील की कि वे किसी भी स्थिति में मानसिक दबाव या निराशा के वशीभूत होकर कोई भी गलत कदम न उठाएं। उन्होंने संवाद की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि जब भी मन में दुविधा या निराशा हो, तो अपने अभिभावकों, शिक्षकों और मित्रों से खुलकर बात करें। जीवन में धैर्य, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास ही वह त्रिकोणीय आधार है, जिस पर सफलता की भव्य इमारत खड़ी होती है।

◆ कहा- परीक्षा का परिणाम जीवन का अंतिम सत्य नहीं, बल्कि नई शुरुआत का एक अवसर है

**विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बोर्ड की प्रतिबद्धता**

डॉ. शर्मा ने इस बात पर विशेष बल दिया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड केवल परीक्षाएं संचालित करने वाली संस्था नहीं है, बल्कि वह प्रत्येक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति में बोर्ड विद्यार्थियों के साथ खड़ा है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिनाइयों से घबराने के बजाय उनसे सीखें और अपने सपनों को जीवंत रखें।

## विपक्ष ने महिला आरक्षण विधेयक में डिलिमिटेशन को रोका : जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** महिला विधेयक की आड़ में, केंद्र सरकार ने डिलिमिटेशन विधेयक भी साथ में शामिल कर दिया था, जिसे विपक्ष ने रोका है। धर्मशाला से कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने कहा कि महिला विधेयक जो वर्ष 2023 में संसद में पेश किया गया था, उसको लागू करने की बात थी। मेरा मानना है कि महिला विधेयक की बात करते तो शायद पास हो जाता, क्योंकि कांग्रेस तो शुरू से ही महिलाओं के हक में रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान पंचायती राज संस्थानों में 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को दिया गया था। महिला आरक्षण विधेयक के बीच में जो केंद्र सरकार ने डिलिमिटेशन को लाया गया, उसे विपक्ष ने रोका है।

**डिलिमिटेशन के लिए अलग से लाते विधेयक:** जग्गी ने कहा कि केंद्र सरकार को डिलिमिटेशन के लिए अलग से विधेयक लाना चाहिए था, क्योंकि पहले जनगणना होगी, उसके बाद डिलिमिटेशन की प्रक्रिया चलती है। जनगणना से पहले डिलिमिटेशन प्रपोज करने के पीछे जनता समझ सकती है कि केंद्र सरकार की क्या मंशा हो सकती है।

**महिलाओं को आना चाहिए आगे:** पूर्व राज्यसभा सांसद विप्लव ठाकुर द्वारा नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों में किसी महिला के शामिल न होने की बात पर देवेंद्र ने कहा कि मेरा मानना है कि ब्लॉक अध्यक्ष पदों पर महिलाएं होनी चाहिए थी। प्रदेश में कांग्रेस द्वारा चलाए गए अभियान के तहत महिलाओं से भी बातचीत की गई। महिलाओं को आगे आना होगा और बताना होगा कि हम भी ब्लाक अध्यक्ष बनने में सक्षम हैं।

## संसद में नारी शक्ति वंदन बिल का पारित न होना दुर्भाग्यपूर्ण : कोहली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने वाला नारी शक्ति वंदन अधिनियम का अभी तक पूरी तरह से लागू न हो पाना देश की आधी आबादी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला कांगड़ा भाजपा महामंत्री देवेंद्र कोहली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नारी सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए यह बिल लोकसभा और राज्यसभा से पारित करवाया, लेकिन विपक्षी दलों की नकारात्मक राजनीति और कांग्रेस सरकार की उदासीनता के कारण बिल को लागू करने में अनावश्यक विलंब हो रहा है। आजादी के 75 साल बाद पहली बार महिलाओं को निर्णय लेने की मुख्यधारा में 33त्न हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का मौका मिला है। जो दल वर्षों तक महिला आरक्षण का केवल नारा लगाते रहे, आज वही दल बिल को लटकाने का काम कर रहे हैं। हिमाचल की कांग्रेस सरकार भी महिला हितों को लेकर गंभीर नहीं है। प्रदेश में न महिला सुरक्षा, न स्वरोजगार, न राजनीतिक भागीदारी पर कोई ठोस काम हुआ। भाजपा कांगड़ा मांग करती है कि सभी दल दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को शीघ्र लागू करवाने में सहयोग करें। यह बिल पास न होना न केवल महिलाओं के साथ, बल्कि 'विकसित भारत' के सपने के साथ भी अन्याय है। भाजपा संकल्प लेती है कि सडक़ से सदन तक नारी शक्ति के अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी। नया भारत, सशक्त नारी के साथ ही बनेगा।

# पशु पालकों के हितों को सुरक्षित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : आशीष

## विधायक ने पशुपालकों को उन्नत नस्ल के गद्दी बकरे किए वितरित

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार पशुपालकों के हितों की सुरक्षा और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि उन्नत नस्लों का वितरण, पशु उत्पादों पर उचित समर्थन मूल्य और पशुपालन को लाभकारी बनाने के लिए कई योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं।

चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गद्दी नस्ल सुधार परियोजना के अंतर्गत प्रवासी पशुपालक किसानों को 20 उन्नत नस्ल के बकरे वितरित किए गए। विधायक ने कहा कि यह पहल हिमालयी क्षेत्रों में पारंपरिक पशुपालन को सशक्त बनाने और स्थानीय नस्लों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।





चारा अनुपूरक व अन्य सामग्री किट भी वितरित की। अनंत ज्ञान

विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2010 से अब तक 300 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले प्रजनन बकरे उपलब्ध कराए जा चुके हैं, जिससे पशुधन की उत्पादकता बढ़ी है और पशुपालकों की आय में भी वृद्धि हुई है। कुलपति डॉ. एके पांडा ने वैज्ञानिक प्रजनन तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डाला।

वहीं, डॉ. सुभाष वर्मा ने बेहतर आनुवंशिक गुणवत्ता से झुंड के समग्र विकास और किसानों के सामाजिक–आर्थिक उत्थान पर जोर दिया। विधायक ने पशुपालकों को चारा अनुपूरक व अन्य सामग्री सहित किट वितरित की तथा इलेक्ट्रिक शियरिंग मशीन उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। साथ ही, संवाद सत्र के माध्यम से किसानों को व्यावहारिक प्रबंधन और समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई, जिससे उनके ज्ञान और कौशल में वृद्धि हो सके।

# विश्व धरोहर दिवस पर उपेक्षित देश का प्रथम धरोहर गांव

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** चिराग तले अंधेरा वाली कहावत आज देश के प्रथम धरोहर गांव परागपुर और गरली पर सटीक बैठती है, जहां विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर भी सन्नाटा पसरा रहा और यह ऐतिहासिक दर्जा अब केवल सरकारी कागजों व भाषणों तक ही सीमित होकर रह गया है।

प्रदेश सरकार और पर्यटन विभाग की बेरुखी का आलम यह है कि वर्ष 1997 के बाद इन गांवों की सुध नहीं ली गई और इस विशेष दिवस पर भी यहां की गलियां पूरी तरह सुनसान नजर आईं। विडंबना यह है कि परागपुर के निजी तीन सितारा होटल में अक्सर आने वाले विदेशी पर्यटकों ने भी इस बार यहां से दूरी बनाए रखी, जिससे विभाग के दावों की हवा निकल गई है। राजनेताओं की सक्रियता भी इस अवसर पर केवल सोशल मीडिया की चारदीवारी तक ही सिमटी नजर आई, जहां स्थानीय विधायक बिक्रम ठाकुर और हिमाचल प्रदेश अन्य कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष व पीसीसी प्रदेश महासचिव सुरिंदर मनकोटिया ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर पोस्ट डालकर रस्म अदायगी की परंतु धरातल पर उनका योगदान भी पूरी तरह शून्य ही रहा। प्रशासन और पर्यटन विभाग की कार्यप्रणाली पर सबसे बड़ा सवाल यह है कि उन्हें आज तक यह स्पष्ट नहीं है कि इन धरोहर गांवों का वास्तविक क्षेत्र पंचायतों में कहां स्थित है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में संबंधित क्षेत्र की नकल जमाबंदी के खेवट, खतौनी और खसरा नंबर दर्ज नहीं हैं, जिसकी पुष्टि पूर्व में राजस्व विभाग भी कर चुका है। विभाग की लापरवाही के चलते विश्व धरोहर दिवस जैसे आयोजनों के मायने इन क्षेत्रों के लिए खत्म होते जा रहे हैं।

स्थानीय निवासी संजीव कुमार, हैप्पी, दीपक, रमन, शशीलता, कोंडलजीत, राजेश, कुलभूषण, दिनेश, अमित, कमल, कर्ण और जगदीश ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि पर्यटन को गंभीरता से लिया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक धरोहर पर्यटन का उत्थान और विकास सुनिश्चित नहीं किया जाता तब तक जिला कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने का सपना केवल एक छलावा ही रहेगा। जनता ने सरकार से इन ऐतिहासिक गांवों की अधिसूचना में सुधार कर इनके अस्तित्व को बचाने की पुरजोर अपील की है।

> **सरकार** की तरफ से विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर किसी भी प्रकार के आयोजन करने की डायरेक्शन नहीं दी गई थी। धरोहर गांव परागपुर व गरली के लिए पर्यटन विभाग की तरफ से कोई योजना नहीं है, क्योंकि धरोहर गांव में लोगों के अपने निजी भवन हैं।
>
> **-विनय कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी, धर्मशाला।**

# दीक्षांत समारोह की तिथि सार्वजनिक न होने से छात्र और छात्राओं में रोष



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय में प्रस्तावित 17वें दीक्षांत समारोह को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले यह जानकारी दी गई थी कि समारोह अप्रैल के तीसरे सप्ताह में आयोजित होगा, लेकिन सप्ताह समाप्त होने को है और अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इससे छात्रों और पूर्व छात्रों में भारी रोष है, जो विश्वविद्यालय के कुप्रबंधन को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि पिछले चार वर्षों से दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं हो पाया और यह तीसरी बार है जब तय तिथि टाली गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई ने कुलपति को ज्ञापन सौंपकर इस मुद्दे को उठाया। इकाई अध्यक्ष शैफाली ठाकुर ने बताया कि पूर्व छात्रों से सहभागिता के लिए जारी गूगल फॉर्म की जानकारी समय पर सभी तक नहीं पहुंच सकी। कई पूर्व छात्र इससे वंचित रह गए और फॉर्म बंद हो गया। परिषद ने इसे दोबारा खोलने की मांग की, जिसे प्रशासन ने अस्वीकार कर दिया। छात्र संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उनकी मांग है कि दीक्षांत समारोह की तिथि तुरंत घोषित की जाए, पंजीकरण पोर्टल पुनः खोला जाए और सभी छात्रों की सम्मानजनक भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

**बैठक** अनुसूचित जाति–जनजाति विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में बनी रणनीति

# एससी/एसटी अधिकारों की लड़ी जाएगी लड़ाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अनुसूचित जाति व जनजाति के अधिकारों की लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके लिए धर्मशाला में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति–जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली की हिमाचल इकाई की कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीन मंगाटिया की मौजूदगी में रणनीति बनाई गई। इस दौरान परिषद को बूथ स्तर पर खड़ा करने का निर्णय लिया है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति–जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली की हिमाचल इकाई की बैठक उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीन मंगाटिया ने कहा कि संगठन अनुसूचित जाति–जनजाति के हितों की रक्षा को लेकर काम कर रहा है और भविष्य में क्या प्रक्रिया अपनानी चाहिए और संगठन के उद्देश्य हैं, उसके लिए अनुकूल व्यवस्था बनाने को कार्य करना है। संस्था का मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय व्यवस्था और सामाजिक व्यवस्था को कायम करना है।

सामाजिक न्याय व्यवस्था और सामाजिक व्यवस्था के लिए किस प्रकार हमें लड़ाई लड़नी है, इन बिंदुओं पर बैठक में चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति–जनजाति को सामाजिक न्याय दिलाने की दिशा में संगठन प्रतिनिधित्व करेगा और इसके लिए पूरे देश में जागरुकता की अलख जगाई जाएगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि हिमाचल में होने वाले पंचायती राज संस्थानों और नगर निकाय चुनावों में भी उपरोक्त वर्ग के लोगों को सही आरक्षण मिलना चाहिए, जिससे कि इस वर्ग के उत्थान की दिशा में कार्य कर सकें। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वीर सिंह, प्रदेश प्रभारी प्रवीण तरमोलिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुभाष नागला, प्रदेश उपाध्यक्ष तकदीर सिंह, जगदीश वर्धन, गोकूल सिंह, खुशीराम त्यागी, वीरेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।





बूथ स्तर पर संगठन को खड़ा करने का धर्मशाला में लिया निर्णय। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### बीमार व्यक्ति को दी 5000 रुपए की आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पौंहज में कार्यरत स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा (प्रवक्ता इतिहास) अपने साथियों के साथ लगातार स्काउटिंग के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सहायता कर रहे हैं। इसी क्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स इकाई पौंहज ने प्रधानाचार्य रबिंद्र सिंह सुपहिया के मार्गदर्शन में, लक्की शास्त्री के माध्यम से चरियां दी धार पंचायत के एक बीमार व्यक्ति को 5000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस सराहनीय कार्य के लिए सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कई शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### डीएवी स्कूल नादौन में मनाया हेरिटेज-डे

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में हेरिटेज क्लब द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज-डे (विश्व धरोहर दिवस) मनाया गया। विद्यार्थियों ने हिमाचली पारंपरिक परिधान में सुंदर प्रस्तुतियां दीं और पुराने सांस्कृतिक लोकगीतों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने धरोहर संरक्षण पर भाषण और कविताएँ प्रस्तुत कीं तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (क्विज गतिविधि) में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी संस्कृति और विरासत को सहेजकर रखने के लिए प्रेरित किया।

### फार्मेसी ऑफिसर के 41 पदों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में फार्मेसी ऑफिसर (एलोपैथी) जॉब ट्रेनी के 41 पदों के लिए 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन पदों के लिए आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर लिंक 28 अप्रैल को सुबह 10 बजे से लेकर 20 मई रात 11:59 बजे तक खुला रहेगा।

### जलाड़ी गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल के जलाड़ी गांव में 20 अप्रैल को संसद मोबाइल सेवा के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संयोजक मुकेश जरियाल ने बताया कि शिविर में रक्तचाप और शुगर सहित अन्य रोगों की मुफ्त में जाएगी और जरूरी दवाइयों का वितरण भी किया जएगा।

### मंत्र उच्चारण स्पर्धा में पटेल सदन प्रथम

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में महात्मा हंसराज की 162वीं जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा के निर्देशन व वेदाचार्य पंकज सिंह राणा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यार्थियों ने महात्मा हंसराज व स्वामी दयानंद के जीवन मूल्यों पर विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मंत्र उच्चारण प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें पटेल सदन प्रथम व नेहरू सदन द्वितीय रहा। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को सेवा, सरलता और समर्पण अपनाने की प्रेरणा दी।

### बैंक खाता सत्यापन के लिए होंगी बैठकें

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के ग्रामीणों, विशेषकर राशन कार्ड धारकों को सूचित किया गया है कि पपलाह कृषि सहकारी सभा समिति में बैंक खातों के सत्यापन के लिए 20 से 23 अप्रैल 2026 तक विशेष बैठकें आयोजित होंगी। इन बैठकों में लाभार्थियों के बैंक खातों की जांच की जाएगी, इसलिए सभी से पासबुक साथ लाने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम के अनुसार 20 अप्रैल को भरेड़ी, ककरोहल, वल्ली, शाही; 21 को घरसाहड़, अम्बी; 22 को पपलाह, छतरैहल और 23 को रीड़ा, शासन, पल्ली में बैठकें होंगी। उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है।

### माता बगलामुखी जयंती पर होगा हवन व भंडारा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गोशाला जमली धाम द्वारा गोशाला परिसर में स्थापित मां बगलामुखी मंदिर में 24 अप्रैल को माता का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे से 11 बजे तक हवन किया जाएगा। हवन यज्ञ के उपरांत दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल व भव्य बनाने के लिए गोशाला कमेटी द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है।

### तकनीकी विवि प्रवेश परीक्षा की आज अंतिम तिथि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19 अप्रैल निर्धारित की गई है। अब तक 7200 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, जिनमें बीटेक के लिए 4200 और बी फार्मेसी के लिए लगभग 2400 आवेदन शामिल हैं। प्रवेश परीक्षा 9 और 10 मई को आयोजित की जाएगी। 9 मई को बीएससी एचएम, बीएचएमसीटी और एमएससी पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा होगी। 10 मई को बीटेक, बी फार्मेसी, एमएससी भौतिक विज्ञान, एमसीए और एमबीए की परीक्षाएं निर्धारित हैं। अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि जल्द ही एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे।

### विधायक आशीष के जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर विधायक आशीष शर्मा के 39वें जन्मदिन पर हमीरपुर के गांधी चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में लगभग 72 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर विधायक आशीष शर्मा स्वयं भी उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने उन्हें शॉल, टोपी और फूल मालाएं पहनाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश संयोजक ठाकुर अजमेर सिंह ने उन्हें और उनकी पत्नी स्वाती जार को सम्मानित किया।

### 38 महिला मंडलों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के कढ़ियार स्थित अंबेडकर भवन और टौणी देवी मंदिर में महिला मंडल सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर 38 महिला मंडलों को सम्मानित किया गया और लगभग 700 महिलाओं ने भाग लिया। 80 वर्षीय रसिलो देवी सहित 12 वरिष्ठ महिलाओं को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। विधायक ने सभी वरिष्ठ महिलाओं का आशीर्वाद लिया और उन्हें शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही महिला मंडलों को कुर्सियां भेंट की गईं।

### महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जाहू।** महिला एवं बाल विकास परियोजना भोरंज के वृत्त जाहू के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र डुहका में वृत्त स्तरीय पोषण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृत पर्यवेक्षक सुनील नड्डा ने की। इस अवसर पर गर्भवती महिला ऊषा देवी की गोदभराई की गई। सुनील नड्डा ने कहा कि कुपोषण एक गंभीर समस्या है, हालांकि इसमें सुधार हुआ है, फिर भी जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# ब्वॉयज स्कूल में मर्ज किए कन्या स्कूल को किया जाए डिनोटिफाई

## कन्या स्कूल की छात्राओं और अभिभावकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



अभिभावकों के साथ कन्या स्कूल की छात्राएं। अनंत ज्ञान

**नादौन।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन को पीएम श्री उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में मर्ज किए जाने का विरोध लगातार जारी है। शनिवार को छात्राएं और अभिभावक इंद्रपाल चौक पर एकत्रित हुए और इसके बाद मुख्यमंत्री को एसडीएम नादौन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि कन्या स्कूल नादौन को डिनोटिफाई किया जाए और सीबीएसई की बजाय एनसीईआरटी सिलेबस ही जारी रखा जाए।

अभिभावकों पहचान रही है। उन्होंने चिंता जताई कि मर्जर के बाद छात्राओं को नई व्यवस्था में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ज्ञापन देने वालों में नविता रानी, रंजना कुमारी, अंजना शर्मा, बबली, अनिता शर्मा सहित कई महिलाएं और स्थानीय लोग शामिल रहे। उन्होंने सरकार से निर्णय पर पुनर्विचार करने की अपील की। वहीं, ज्ञापन सौंपे जाने के बाद एसडीएम ने स्कूल प्रशासन और अभिभावकों की बैठक बुलाई। बैठक में अभिभावकों की समस्याएं विस्तार से सुनी गईं। एसडीएम ने प्रिंसिपल को निर्देश दिए कि सह-शिक्षा व्यवस्था के चलते छात्राओं और छात्रों के लिए अलग-अलग शौचालयों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही अभिभावकों और अध्यापकों की एक संयुक्त सतर्कता कमेटी गठित करने के निर्देश भी दिए गए, जो स्कूल परिसर में निगरानी रखेगी ताकि छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। एसडीएम निशांत शर्मा ने बताया कि ज्ञापन सरकार को भेजा जाएगा।

### अभय पठानिया मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का आगाज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सिंथेटिक ग्राउंड अणु में स्व. अभय पठानिया मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने उनका फूल मालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। यह टूर्नामेंट स्व. अभय पठानिया की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है, जो एक प्रतिभाशाली फुटबाल थे और जिनका असामयिक निधन हो गया था। उनके मित्रों द्वारा युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और नशे से दूर रखने के उद्देश्य से यह दो दिवसीय प्रतियोगिता शुरू की गई है। प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग ले रही हैं। विजेता टीम को 11,000 रुपए और उपविजेता को 5,100 रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और 11,000 रुपये की सहयोग राशि भी प्रदान की। पहला मुकाबला हमीरपुर और नादौन के बीच खेला गया।

# कलवाड़ा गांव से लापता 7 वर्षीय बेटी का चौथे दिन भी सुराग नहीं

◆ एसडीआरएफ की चार टीमें सर्च अभियान के बाद खाली लौटी, तलाशी जारी रहेगी

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** विधानसभा बड़सर की कड़साई पंचायत के कलवाड़ा गांव से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हुई सात वर्षीय बच्ची का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

बच्ची बुधवार के दिन अपने घर के पास खेल रही थी, तभी वह अचानक लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कहीं भी बच्ची का कहीं पता नहीं चल पाया, जिसके बाद मामले की सूचना बड़सर पुलिस को दी गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्ची की तलाश शुरू कर दी थी। पहले दिन स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों ने आसपास के इलाकों, खेतों और जंगलों में सर्च अभियान चलाया। इसके अलावा दूसरे दिन ड्रोन की मदद से भी इलाके की निगरानी की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार को भी एसडीआरएफ की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। टीम द्वारा संभावित हर स्थान पर बारीकी से जांच की जा रही है। स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में इस सर्च अभियान में जुटे हुए हैं और बच्ची की सुरक्षित वापसी के लिए दुआएं कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी को बच्ची के बारे में कोई भी जानकारी मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि बच्ची को जल्द से जल्द सुरक्षित बरामद किया जा सके। एडीएसपी बड़सर एम शर्मा ने बताया कि शनिवार को भी लापता लड़की के सर्च अभियान में एसडीआरएफ की चार टीमें सर्च कर रही हैं, लेकिन चौथे दिन भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सर्च अभियान आगे भी जारी रहेगा पुलिस टीम हर पहलू की जांच कर रही है।

# सदन में एक बिल नहीं गिरा, देश की आधी आबादी के सपनों व हक को कुचला : अर्चना

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने प्रेस बयान में विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल का विरोध उनकी महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिकार, सम्मान और भागीदारी देने की बात करने वाले दल अब अपने असली चेहरे के साथ सामने आ गए हैं।



अर्चना चौहान ने कहा कि भाजपा हमेशा से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी दिशा में एक बड़ा और क्रांतिकारी कदम है, जो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का रवैया यह साबित करता है कि वे कभी भी महिलाओं को समान अधिकार देने के पक्षधर नहीं रहे। वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने महिलाओं के आरक्षण को केवल चुनावी मुद्दा बनाकर रखा, लेकिन उसे लागू करने का साहस नहीं दिखाया। अब जब भाजपा सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम उठाया है, तो विपक्ष इसका विरोध कर रहा है।

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और वे उन ताकतों को पहचान चुकी हैं, जो सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती हैं। आने वाले समय में महिलाएं ऐसे दलों को करारा जवाब देंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखेगा।

### एचपीवी वैक्सीनेशन में जिले ने पार किया 1000 का आंकड़ा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान में जिला हमीरपुर प्रदेश में पहले स्थान पर चल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी ने बताया कि जिले में 14-15 वर्ष आयु वर्ग की 2899 लड़कियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से अब तक 1006 लड़कियों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है, जो 34.7 प्रतिशत उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि बड़सर, भोरंज, गलोड़, नादौन, टौणी देवी, सुजानपुर और मेडिकल कॉलेज हमीरपुर सहित 32 स्वास्थ्य केंद्रों में टीकाकरण जारी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाल्टी ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की है, जिसके लिए डॉक्टर पूजा कौंडल को प्रशस्ति पत्र दिया गया। सीएमओ ने बताया कि पात्र लड़कियां किसी भी दिन नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर यह टीका लगवा सकती हैं, ताकि सर्वाइकल कैंसर से प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# समाज के हर वर्ग के साथ स्थापित करें संवाद : राकेश

◆ भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की प्रथम संगठनात्मक बैठक शनिवार को हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम गान के साथ हुई, जिसके बाद सभी अतिथियों का विधिवत स्वागत किया गया। बैठक के प्रारंभिक सत्र में प्रदेश सह संयोजक प्रेम सिंह भरमौरिया ने सभी सदस्यों का परिचय करवाते हुए प्रकोष्ठ की संरचना और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह मंच समाज के प्रबुद्ध वर्ग को एकजुट कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का माध्यम बनेगा।

इसके बाद जिला संयोजक इंजीनियर त्रिलोक नाथ गर्ग ने आगामी रणनीतियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर बल दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए पार्टी के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया और कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

समाज के हर वर्ग के साथ संवाद स्थापित करें। प्रदेश सह-संयोजक एवं जिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सतीश शर्मा ने 'इनोवेटिव एजुकेशन' विषय पर विचार रखते हुए शिक्षा में तकनीक, अनुसंधान और कौशल विकास के महत्व को रेखांकित किया। वहीं प्रदेश संयोजक प्रो. रविंद्र ठाकुर ने राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास के संदेश को समाज तक पहुंचाने में बुद्धिजीवी वर्ग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अंत में प्रेम सिंह भरमौरिया ने धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और बैठक के सफल आयोजन पर बधाई दी

### सरकार के नहीं सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर की जा रही कार्रवाई : सुमन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने अवैध खनन मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए भाजपा नेताओं पर राजनीतिक दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगाए। शनिवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को पूर्व विधायक राजेंद्र राणा अपने 15-20 समर्थकों के साथ थाने पहुंचे, जो जांच प्रक्रिया में बाधा डालने का प्रयास था। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें से कई लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है और वे विभिन्न मामलों में नामजद आरोपी हैं। शर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के इशारे पर नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत की जा रही है। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त 2025 की छापेमारी में अवैध खनन सामग्री के ढेर मिले थे। उन्होंने कहा कि आरोपियों की जमानत याचिका भी अदालत ने खारिज कर दी थी। सुमन भारती शर्मा ने निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की।

### एडवोकेट बलदेव दूसरी बार बने भोरंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल बार एसोसिएशन भोरंज के वार्षिक चुनाव संपन्न हुए। इस चुनाव में एडवोकेट बलदेव जसवाल को लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया, जो उनके प्रति अधिवक्ताओं के विश्वास को दर्शाता है। चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव आयुक्त एडवोकेट संजीव ठाकुर की देखरेख में निष्पक्ष रूप से आयोजित की गई। अध्यक्ष पद के लिए बलदेव जसवाल के पक्ष में व्यापक समर्थन देखने को मिला, जिसके चलते किसी अन्य सदस्य ने उनके विरुद्ध नामांकन दाखिल नहीं किया। परिणामस्वरूप, उन्हें निर्विरोध विजेता घोषित किया गया।

जनरल हाउस की बैठक में चुनाव आयुक्त ने उन्हें विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किया, जिस पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने तालियों के साथ स्वागत किया। अपने संबोधन में जसवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने जल्द ही कार्यकारिणी गठन का आश्वासन भी दिया।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान की जिलास्तरीय प्रतियोगिता में सूर्यांश ने मारी बाजी



मैहरे में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** वर्ष 2025 में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिला हमीरपुर से सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शनिवार को मैहरे में जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किड बड्स पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

जिलास्तर की प्रतियोगिता में सूर्यांश ने प्रथम, प्रेक्ष ने द्वितीय तथा अनमोल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तहसील स्तर पर आर्य शर्मा ने प्रथम और आरुषि ने द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में एएसपी बड़सर एलएम शर्मा ने मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया।

एलएम शर्मा ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव चंदेल ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सीएम का ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस : सुनील बिट्टू

## ब्राहलड़ी में किया गन्ने की पेराई की मशीन, बोरवेल का उद्घाटन

अनंत ज्ञान



किसानों ने भी साझा किए अपने विचार। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पिछले तीन वर्षों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। शनिवार को हमीरपुर के निकटवर्ती ब्राहलड़ी गांव में गन्ने की पेराई मशीन, बॉयलर और बोरवेल के लोकार्पण के बाद किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन नीतियों का सीधा लाभ किसानों, बागवानों और पशुपालकों तक पहुंच रहा है।

उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने फसलों के लिए अलग से उच्च समर्थन मूल्य निर्धारित किए हैं। गेहूं 80 रुपए, मक्की 60 रुपए, कच्ची हल्दी 150 रुपए, पांगी घाटी का जौ 80 रुपए और अदरक 30 रुपए प्रति किलोग्राम तय किया गया है। वहीं, गाय का दूध 61 रुपए और भैंस का दूध 71 रुपए प्रति लीटर निर्धारित किया गया है। ब्राहलड़ी में हिम कृषि योजना के तहत 8.17 लाख रुपए की लागत से स्थापित इस परियोजना से 21 किसान परिवार लाभान्वित होंगे और लगभग 40 बीघा भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। उन्होंने हमीरपुर के विकास का जिक्र करते हुए मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशिलिटी विभाग, कैंसर केयर संस्थान, डेंटल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, मातृ-शिशु अस्पताल और नशा उपचार केंद्र जैसी सुविधाओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारियों और किसानों ने भी अपने विचार साझा किए।

# हिम अकादमी स्कूल में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित



जिलास्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर के विद्यार्थियों ने हिमाचल दिवस समारोह के अवसर पर शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

विद्यार्थियों ने पारंपरिक हिमाचली वेशभूषा में झमाकड़ा लोक नृत्य प्रस्तुत कर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। हिम अकादमी की प्रस्तुति अपनी सजीवता, अनुशासन और समन्वय के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा और मुख्याध्यापिका कंचन लखनपाल ने विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता में संगीत एवं नृत्य विभाग के शिक्षक आकाश अटवाल, हिमानी, मनोज ठाकुर, शैलजा और अनिल का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन ने इसे प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।

# सोहारी स्कूल एक शिक्षक के सहारे

## अभिभावकों में भारी रोष, विद्यार्थियों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**एसके ठाकुर, बड़सर।** राजकीय प्राथमिक स्कूल सोहारी में अध्यापकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। नया सत्र भी शुरू हो गया है और करीब 51 के छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। 18 बच्चे प्री-प्राइमरी तथा 33 बच्चे प्राइमरी विंग में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। स्कूल एक शिक्षक के सहारे चल रहा है। प्राथमिक विद्यालय में अगर बाल वाटिका को मिला लिया जाए तो आठ कक्षाएं बनती हैं। इस असुविधाजनक स्थिति को लेकर अभिभावकों में रोष है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल को सीबीएसई का दर्जा तो दे दिया गया, लेकिन अभी तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग व सरकार से मांग की है कि स्कूल में शीघ्र स्टाफ का उचित प्रबंध किया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। एक ही शिक्षक को कई कक्षाओं को संभालना पड़ रहा है।





अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से जल्द से जल्द अतिरिक्त अध्यापकों की नियुक्ति करने की मांग की है। अभिभावकों का कहना है अगर नींव ही कच्ची होगी, तो फिर भवन कैसे टिकेगा। सरकार को चाहिए कि प्राइमरी विंग में अध्यापकों की कमी कहीं न कहीं बच्चों के विषय से खिलवाड़ हो रहा है। कार्यवाहक ब्लॉक प्राथमिक शिक्षा अधिकारी विनीता सोनी का कहना है कि इस बारे में डिप्टी डयरेक्टर को अवगत करवा दिया गया है।

### मुंडखर में 35वां दंगल 23 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** मुंडखर में 23 अप्रैल को 35वां दंगल आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के पहलवान भाग लेकर अपनी कुश्ती का दमखम दिखाएंगे, जिससे रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद है। आयोजन समिति द्वारा बड़ी माली, छोटे माली तथा जोड़ी कुश्तियों का विशेष प्रावधान किया गया है। बड़ी माली के विजेता को गदा, नकद राशि, ट्रॉफी और अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जबकि छोटे माली और जोड़ी कुश्तियों के विजेताओं व उपविजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों के लिए उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। दंगल कमेटी अध्यक्ष मिलखी राम चौधरी ने क्षेत्र के कुश्ती प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### पंचायतीराज चुनावों के लिए एसडीएम किए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने आगामी पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन के सुचारु संचालन के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। उन्होंने जिले के पांचों उपमंडलों के एसडीएम को उनके-अपने क्षेत्रों के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार, एसडीएम को पंचायत एवं वार्ड स्तर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति का अधिकार भी प्रदान किया गया है। साथ ही सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने खंड का प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा जिला परिषद वार्ड और पंचायत समिति चुनावों के संचालन की जिम्मेदारी भी एसडीएम को सौंपी गई है, जिससे चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

# लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ बने कड़े कानून



विहिप ने डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर में लव जिहाद और धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने इन घटनाओं में वृद्धि पर चिंता जताते हुए देश में कड़े कानून बनाने की मांग की।

प्रदेश सह मंत्री पंकज भारतीय ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं अब केवल सामान्य समाज तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि कॉरपोरेट क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही हैं, जो चिंताजनक है। उन्होंने हिंदू लड़कियों की सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता बताई। ज्ञापन में आरोप लगाया कि विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं। जनजातीय क्षेत्रों में कथित शोषण रोकने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की मांग भी उठाई। नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर विहिप के जिला अध्यक्ष संजय गोस्वामी, जिला मंत्री अश्विनी शर्मा, जिला सह मंत्री संदीप अग्निहोत्री, बजरंग दल के जिला सहसंयोजक विपिन शर्मा आदि आदि उपस्थित रहे।

# चौगान नंबर 1 पर बढ़ता खतरा: अभी नहीं संभले, तो हो जाएगा सब बेकार: मान सिंह



अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा के ऐतिहासिक चौगान नंबर 1 की मौजूदा स्थिति को लेकर अब वरिष्ठ एवं जागरूक नागरिकों की चिंता खुलकर सामने आने लगी है। वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी मान सिंह ठाकुर ने साफ शब्दों में कहा कि यदि अभी सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो हाल ही में हुए विकास कार्य पूरी तरह बेकार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष चौगान में हुआ कार्य बेहद सराहनीय है और इसके लिए सदर विधायक नीरज नैय्यर, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल और उनकी टीम बधाई की पात्र है, लेकिन मैदान के खुलते ही जिस तरह से उसकी हालत बिगड़ने लगी है, वह बेहद चिंताजनक है।

मान सिंह ने कहा कि क्रिकेट खेलने के कारण मैदान में जगह-जगह गड्ढे और पैच बन गए हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिकों और आम लोगों के लिए वहां चलना तक मुश्किल हो गया है। 'किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसके अलावा उन्होंने चौगान में कुत्तों को घुमाने और वहां गंदगी फैलाने की समस्या को भी गंभीर बताया। उनका कहना है कि इससे न केवल स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि यह ऐतिहासिक स्थल की गरिमा को भी नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि चौगान में क्रिकेट खेलने पर तुरंत रोक लगाई जाए व कुत्तों के मालिकों पर सख्त जुर्माना लगाया जाए। साथ ही इस व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस को सौंपी जाए, ताकि नियमों का सख्ती से पालन हो सके। मान सिंह ने दो टूक कहा कि 'विकास सिर्फ बनाकर छोड़ देने का नाम नहीं है, उसे संभालना भी उतना ही जरूरी है।' मीडिया से बात करने के दौरान उनके साथ सामाजिक कार्यकर्ता विजय सिंह कटोच और कमल सिंह भारद्वाज भी मौजूद रहे और अंत में उन्होंने कहा कि चंबा के लोगों ने भी प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर चौगान की स्थिति सुधारने की मांग की है।

# परिवहन निगम डिपो कमजोर, निजीकरण की आहट में 'झुनझुना' बनकर रह गया विकास: जय सिंह

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** जिला चंबा में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बदहाल स्थिति अब सियासी विस्फोट का कारण बन गई है। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जयसिंह ने प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए, 'सरेआम झुनझुना' दिखाया व कहा कि 'विकास के नाम पर चंबा की जनता को सिर्फ झूठे वादे और खोखले दावे ही मिले हैं।'

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व की नाकामी व उदासीनता के चलते चंबा का परिवहन निगम डिपो धीरे-धीरे खत्म करने की साजिश रची जा रही है। बसें कम की जा रही हैं, डिपो कमजोर किया जा रहा है और इसे निजी हाथों में सौंपने की जमीन तैयार की जा रही है। जयसिंह ने साफ चेतावनी दी कि अगर परिवहन निगम की बसें घटाई गईं या डिपो की ताकत कम की गई, तो



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस सरकार को झुनझुना दिखाते भाजपा नेता जय सिंह। अनंत ज्ञान

इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा। सस्ती यात्रा खत्म: सरकारी रियायतें समाप्त होने से यात्रियों को महंगे किराए चुकाने पड़ेंगे।

छूट योजनाओं पर खतरा: ग्रीन कार्ड पर 30% छूट, स्मार्ट कार्ड पर 5% से 10% छूट, वरिष्ठ नागरिकों को 20% से 30% तक रियायत, महिलाओं को 50% किराया छूट, विद्यार्थियों के लिए रियायती यात्रा सुविधा, ये सभी सुविधाएं निजी बसों में नहीं मिलेंगी। निजी बस संचालक घाटे वाले मार्गों पर नहीं चलते, जिससे दूरदराज के गांव पूरी तरह कट सकते हैं। परिवहन निगम की तरह सख्त नियम और जवाबदेही निजी बसों में नहीं होती। निगम कर्मचारियों की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। जयसिंह ने कहा कि हालात इतने खराब हैं कि अब चंबा के मार्ग की दूसरे डिपो चला रहे हैं। सुबह 5:30 बजे चंबा-मंडी मार्ग की बस नगरोटा डिपो से चलाई जा रही है, जबकि मनाली मार्ग की बस, जो वर्षों से चंबा डिपो के जिम्मे थी, अब 'चोरी-छिपे' पालमपुर डिपो को दे दी गई है।

चंबा की ज्यादातर बसें 16-18 साल पुरानी हो चुकी हैं व आए दिन रास्ते में खराब हो जाती हैं। 'कोई भी दिन ऐसा नहीं जब बस बीच रास्ते में न रुके यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ है। करीब साढ़े 6 लाख की आबादी वाले जिले को बुनियादी परिवहन सुविधा से वंचित करना सरकार की नाकामी को दर्शाता है। विधानसभा अध्यक्ष और स्थानीय विधायक पर निशाना साधते हुए जयसिंह ने कहा कि 'बड़ी-बड़ी बातें करने वाले नेता आज चंबा को उसके हाल पर छोड़ चुके हैं।' चुनावों के दौरान किए गए इलेक्ट्रिक बसों के वादों पर भी उन्होंने सवाल उठाए। 'एक भी विद्युत बस चंबा नहीं पहुंची, बल्कि जो आरामदायक बस थी, उसे भी वापस भेज दिया गया।

# 'पीआईए' लिखा पाकिस्तानी गुब्बारा मिलने से चंबा में दहशत

अनंत ज्ञान



**चंबा।** चंबा जिले के खैरी क्षेत्र में संदिग्ध पाकिस्तानी गुब्बारा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। चलाड़ी के समीप खेतों में मिले इस गुब्बारे पर 'पीआईए' (पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस)' लिखा होने के साथ उर्दू भाषा में शब्द और पाकिस्तान का झंडा बना हुआ मिला, जिससे लोगों में भय और आशंका का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह एक ग्रामीण अपने मवेशी चराने खेतों की ओर गया था। इसी दौरान उसकी नजर एक अजीब दिखने वाले गुब्बारे पर पड़ी। पास जाकर देखने पर उस पर बने निशानों ने उसे चौंका दिया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उसने तुरंत पूर्व प्रधान को सूचना दी, जिन्होंने बिना देर किए पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची व पूरे क्षेत्र को घेरते हुए जांच शुरू कर दी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए भारतीय सेना को भी तुरंत बुलाया गया। पुलिस व सेना ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गुब्बारे को कब्जे में लेकर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर यह गुब्बारा सामान्य बच्चों का खिलौना प्रतीत हो रहा है, लेकिन उस पर लिखे 'पीआईए' और अन्य चिन्ह कई सवाल खड़े कर रहे हैं। सेना अधिकारियों के अनुसार गुब्बारे की तकनीकी जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह महज एक खिलौना है या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश छिपी है। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वस्त किया व क्षेत्र में फैले भय को शांत करने का प्रयास किया।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक में योजनाओं की जमीनी हकीकत का गहन विश्लेषण किया गया व अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित इस बैठक में जिले के सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों व कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों व विभिन्न योजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा करते हुए डॉ. भारद्वाज ने कहा कि सरकार की हर योजना का लाभ समयबद्ध तरीके से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही विभाग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत योजना, मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण अभियान व गैर संचारी रोगों की रोकथाम से जुड़े कार्यक्रमों की स्थिति पर कड़ी नजर रखते हुए अधिकारियों से स्पष्ट जवाबदेही तय की। उन्होंने दो टूक कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी तरह की गिरावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में टीकाकरण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि कोई भी पात्र व्यक्ति टीकाकरण से वंचित न रहे।



विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि हर जरूरतमंद तक समय पर सुविधा पहुंच सके। गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच, सुरक्षित प्रसव और नवजात शिशुओं की देखभाल को लेकर भी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और एनीमिया मुक्त अभियान को प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य संस्थानों में दवाइयों की उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति और उपकरणों की कार्यशीलता का भी जायजा लिया। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में संसाधनों की कमी नहीं होनी चाहिए, और यदि कहीं समस्या है तो उसे तुरंत उच्च स्तर पर उठाया जाए। डॉ. भारद्वाज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना हर अधिकारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# किलाड़-कुल्लू मार्ग पर गिर रहे पत्थर, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

अनंत ज्ञान

**किलाड़।** पांगी उपमंडल में लगातार हो रही भारी वर्षा ने जनजीवन पर संकट के बादल और गहरा दिए हैं। पहाड़ी इलाकों में शूटिंग स्टोन्स व भूस्खलन की घटनाएं बढ़ने से हालात चिंताजनक हो गए हैं।

प्रशासन ने किलाड़-कुल्लू मार्ग पर यात्रा को लेकर सख्त एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से अनावश्यक आवाजाही से बचने की अपील की है। उपमंडल दंडाधिकारी, पांगी (किलाड़) कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार, ओसी 94 आरसीसी उदयपुर से प्राप्त रिपोर्ट में बताया गया है कि एसकेटीटी रोड के केएम 84.900 व केएम 82.150 पर पहाड़ियों से पत्थर गिरने के कारण मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। हालांकि, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा बहाली कार्य जारी है, लेकिन लगातार बारिश के चलते खतरा अभी भी बना हुआ है। प्रशासन ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जब तक मार्ग पूरी तरह सुरक्षित व बहाल नहीं हो जाता, तब तक किलाड़-कुल्लू मार्ग पर यात्रा करना जोखिम भरा साबित हो सकता है, ऐसे में यात्रियों व स्थानीय लोगों को फिलहाल इस मार्ग से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है।

इसके साथ ही आमजन से आग्रह किया गया है कि वे भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से बचें व यात्रा के दौरान प्रशासन, पुलिस तथा बीआरओ द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करें। किसी भी प्रकार की आपात या असुरक्षित स्थिति की सूचना तुरंत नजदीकी प्रशासनिक या पुलिस इकाई को देने के निर्देश भी दिए गए हैं। लगातार बिगड़ते मौसम के बीच यह एडवाइजरी लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# विधायक नीरज ने 1.9 करोड़ से बनने वाली दो सड़कों की रखी आधारशिला

## भूमि दान करने वाले क्षेत्रों को सड़क निर्माण में मिलेगी प्राथमिकता

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने शनिवार को 1 करोड़ 9 लाख की लागत से बनने वाली दो सड़कों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास उसकी सड़कों पर निर्भर करता है व हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के प्रयास लगातार जारी हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे सड़क निर्माण के लिए स्वेच्छा से भूमि दान करें, ताकि निर्माण कार्य तेजी से पूरा हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों में भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सड़क सुविधा प्रदान की जाएगी। विधायक जम्मूहार-सीटल जीप योग्य संपर्क मार्ग तथा नगाली-रुनठा वाया टिन्नू सड़क की आधारशिला रखने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जम्मूहार-सीटल मार्ग पर 24 लाख तथा नगाली-रुनेठा सड़क पर लगभग 85 लाख की लागत व्यय की जाएगी। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। इस अवसर पर उन्होंने जम्मूहार-सीटल संपर्क मार्ग के लिए भूमि दान करने पर पूर्व शिक्षा मंत्री आशा रानी तथा राजा प्रेम सिंह का आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में विधायक ने विधानसभा क्षेत्र चंबा में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का भी उल्लेख किया व कहा कि क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई दूरदराज गांव अभी भी सड़क सुविधा से वंचित हैं, अब तक लगभग 35 सड़कों का निर्माण किया जा चुका है व आने वाले



दो वर्षों में और अधिक सड़कों के निर्माण की योजना है। उच्च विद्यालय जम्मूहार को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्तरोन्नत करने की स्थानीय मांग पर उन्होंने कहा कि यदि विद्यालय निर्धारित मानकों को पूरा करता है, तो इस प्रस्ताव को सरकार के समक्ष रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनीं व अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक की धर्मपत्नी भारती नैय्यर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओम प्रकाश, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता जोगिंदर शर्मा, जल शक्ति विभाग के जतिंदर शर्मा, सहायक अभियंता दिनेश कुमार व दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## शिक्षक अश्विनी की छह महीने बाद वापसी

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान, धरवाला।** शिक्षा खंड मैहला के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला तागी में कार्यरत जेबीटी शिक्षक अश्विनी शर्मा को आखिरकार राहत मिल गई है। विभाग ने जांच में आरोप निराधार पाए जाने के बाद उनके निलंबन को रद्द करते हुए बहाली के आदेश जारी कर दिए हैं। अश्विनी शर्मा पर 29 अक्तूबर 2025 को अभिभावकों द्वारा लगाए गए आरोपों छात्र को पीटने व कान का पर्दा फटने के आधार पर निलंबित किया गया था। मामले की जांच के दौरान शिक्षक ने अपना पक्ष रखते हुए सबूत पेश किए, जिसके बाद जांच अधिकारी की रिपोर्ट में आरोपों को गलत पाया गया। करीब 6 महीनों तक निलंबन झेलने के दौरान अश्विनी शर्मा को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। चार बेटियों और एक बेटे के पिता होने के कारण परिवार की जिम्मेदारियां निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा। घर चलाने के लिए उन्हें रिश्तेदारों और परिचितों से उधार लेना पड़ा। बहाली के बाद अश्विनी शर्मा ने कहा कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा था व यह उनके सम्मान की जीत है। विभागीय आदेश के अनुसार, अब वह पुनः राजकीय प्राथमिक पाठशाला धरबेटा में अपनी सेवाएं देंगे। इस फैसले पर स्थानीय लोगों ने भी संतोष जताया है।

## महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना गलत : डॉ. दिनेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर व कांग्रेस विचार (बुद्धिजीवी) विभाग के को-ऑर्डिनेटर डॉ. दिनेश कुमार ने केंद्र की भाजपा सरकार पर महिला आरक्षण बिल को परिसीमन से जोड़ने को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने इसे राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से उठाया गया कदम बताया। डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि वर्ष 2023 में विपक्ष की पूर्ण सहमति से महिला आरक्षण बिल ध्वनि मत से पारित हुआ था, लेकिन सरकार ने इसे 2024 के लोकसभा चुनावों में लागू नहीं किया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार की मंशा साफ थी, तो 543 लोकसभा सीटों में एक-तिहाई आरक्षण उसी समय क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन साल तक बिल को लंबित रखने के बाद अब इसका नोटिफिकेशन जारी करना कई सवाल खड़े करता है। डॉ. कुमार के अनुसार, परिसीमन की आड़ में महिला आरक्षण को टालना मातृ शक्ति के साथ अन्याय है व देश की महिलाएं इस मुद्दे को भली-भांति समझ रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष इस मुद्दे पर पूरी तरह गंभीर है और संसद में कांग्रेस नेतृत्व ने महिलाओं को तुरंत आरक्षण देने के लिए स्पष्ट प्रतिबद्धता जताई है।

## ग्रामीणों ने मतदान केंद्र बदलने की उठाई मांग

**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** विकास खंड भटियात की ग्राम पंचायत पधरोटू के वार्ड नंबर-1 (लक्कड़मंडी) के ग्रामीणों ने आगामी पंचायत चुनावों को लेकर प्रशासन से मतदान केंद्र बदलने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान सूची में उनका मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला द्रवड़ दर्शाया गया है, जो लक्कड़मंडी से लगभग 28 से 30 किलोमीटर दूर स्थित है। स्थानीय लोगों के अनुसार इतनी लंबी दूरी तय कर मतदान करना करीब 500 मतदाताओं के लिए काफी कठिन होगा। उन्होंने बताया कि पहले लक्कड़मंडी में ही मतदान केंद्र स्थापित किया जाता रहा है, लेकिन पिछली बार अधिक बर्फबारी के कारण इसे अस्थायी रूप से द्रवड़ में स्थानांतरित किया गया था। ग्रामीणों ने तर्क दिया कि इस बार चुनाव ग्रीष्म ऋतु में होने जा रहे हैं, इसलिए किसी प्रकार की मौसम संबंधी बाधा नहीं है, ऐसे में मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्र को पुनः राजकीय प्राथमिक पाठशाला लक्कड़मंडी में ही स्थापित किया जाना चाहिए। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति रोष भी देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने डीसी चंबा से मांग की है कि वे इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हुए जल्द उचित निर्णय लें व मतदान केंद्र को द्रवड़ से बदलकर लक्कड़मंडी में स्थानांतरित करने के निर्देश जारी करें।

## पशु मित्र भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट की तिथियां निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. मुकेश महाजन ने बताया कि विभाग में पशु मित्र (मल्टी टास्क वर्कर) की भर्ती के तहत उपमंडल सदर मंडी एवं करसोग के उम्मीदवारों के लिए शारीरिक परीक्षण की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। सदर मंडी (ग्रामीण) उपमंडल में 7 तथा करसोग उपमंडल में 4 पशु मित्रों का चयन किया जाना है। सदर मंडी के तहत 24 अप्रैल को सुबह 8.30 बजे से पुरुष उम्मीदवारों के लिए और 25 अप्रैल को सुबह 7.45 बजे से महिला उम्मीदवारों के लिए पड्डल मैदान मंडी में यह परीक्षण आयोजित किया जाएगा। करसोग उपमंडल में 29 अप्रैल को सुबह 9 बजे से पुरुष/ महिला उम्मीदवारों के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग के मैदान में यह परीक्षण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिजिकल टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों में से हर संस्थान के लिए मेरिट आधार पर 5 उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार किया जाएगा।

# शिक्षकों की कमी से जूझता डिगर स्कूल, अभिभावकों में बढ़ा रोष

अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिला चंबा के शिक्षा खंड हरदासपुरा के अंतर्गत आने वाले राजकीय प्राथमिक पाठशाला डिगर में शिक्षकों की भारी कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

स्कूल में वर्तमान में 14 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन एक शिक्षक के तबादले और एक अध्यापिका के 10 जुलाई 2026 तक मातृत्व अवकाश पर जाने से नियमित शिक्षण कार्य लगभग ठप हो गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि स्कूल में पढ़ाई का संचालन अब अस्थायी व्यवस्था के सहारे चल रहा है। जानकारी के अनुसार पास के राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाट से दो-तीन दिन के लिए शिक्षक भेजे जा रहे हैं, जिससे न तो पढ़ाई में निरंतरता बन पा रही है और न ही बच्चों को सही मार्गदर्शन मिल रहा है। इस अव्यवस्था को लेकर अभिभावकों में भारी असंतोष देखने को मिल रहा है। उनका कहना है कि बच्चों के भविष्य के साथ समझौता किया जा रहा है और विभाग इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहा। स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्षा अंजू ने शिक्षा उपनिदेशक, जिला चंबा को पत्र लिखकर इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग उठाई है। उन्होंने सुझाव दिया है कि हाल ही में जेबीटी से एलटी पद पर पदोन्नत शिक्षक जो पहले डिगर स्कूल में सेवाएं दे चुके हैं, उनकी अस्थायी प्रतिनियुक्ति यहां की जाए। अंजू ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाट में एलटी के पद पर अन्य शिक्षक उपलब्ध हैं, जिससे वहां की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर गंभीर असर पड़ेगा। अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग इस गंभीर स्थिति को कितनी जल्दी संज्ञान में लेकर ठोस कदम उठाता है, ताकि डिगर स्कूल के बच्चों की पढ़ाई फिर से पटरी पर आ सके।

# कुलदीप पठानिया गरनोटा में आज रखेंगे सामुदायिक भवन की आधारशीला

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 18 से 19 अप्रैल को भटियात विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा अध्यक्ष 18 अप्रैल को सायं 5:30 बजे ग्राम पंचायत गरनोटा के त्रिहू गांव निवासी जगदीश चंद के निधन पर शोक संतप्त परिवार से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। वह इसके उपरांत सायं 7:30 बजे कुंजर महादेव में जय मणिमहेश सेवा दल कल्याण समिति, बद्दी द्वारा आयोजित शिव नुआला में शिरकत करेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 19 अप्रैल को प्रात: 11:30 बजे गरनोटा में भगवान परशुराम सामुदायिक भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य पर ब्राह्मण कल्याण परिषद भटियात द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 3 बजे ग्राम पंचायत अवांह के हुनेरा गांव में ब्राह्मण कल्याण परिषद भटियात इकाई अवांह द्वारा स्थापित भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।

# 1636 राजस्व मामलों का किया निपटारा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में विशेष राजस्व अदालत को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक 1636 राजस्व मामलों का निपटारा किया जा चुका है, जिनमें तकसीम, सीमांकन और अभिलेख दुरुस्ती से जुड़े मामले शामिल हैं। उपायुक्त ने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए अधिकारियों को प्रति सप्ताह लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक वर्ष से अधिक पुराने मामलों को प्राथमिकता से निपटाने तथा सभी आंकड़ों को राजस्व प्रबंधन प्रणाली में अपडेट करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उपमंडलाधिकारी(ना) चंबा प्रियांशु, सलूणी चंद्रवीर, चुराह राजेश, तहसीलदार चंबा भूपेंदर, चुराह आशीष, भटियात जय चंद व विभिन्न उपमंडलों से एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# करतार सिंह ठाकुर बने राष्ट्रीय बचत सलाहकार बोर्ड के सदस्य

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड में चंबा का कद बढ़ाते हुए सुल्तानपुर निवासी करतार सिंह ठाकुर को गैर-सरकारी सदस्य नियुक्त किया है।



वित्त विभाग की अधिसूचना के तहत ये नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। उनके साथ हमीरपुर के नरेश कुमार को भी बोर्ड में शामिल किया गया है। राजनीति के अनुभवी, स्वभाव के धनी करतार सिंह ठाकुर लंबे राजनीतिक करियर और अपने शांत, कूटनीतिक स्वभाव के लिए जिले में पहचाने जाते हैं। विवादों से दूर रहकर जमीनी मुद्दों पर काम करना उनकी पहचान रही है। यही वजह है कि सरकार ने लघु बचत जैसी जनहित योजना को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए उन पर भरोसा जताया है। राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड प्रदेश में लघु बचत योजनाओं को बढ़ावा देने व आम लोगों को आर्थिक रूप से जागरूक करने की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, अब तक चंबा जैसे दूरस्थ जिलों में इन योजनाओं की पहुंच सीमित रही है। करतार सिंह की नियुक्ति से उम्मीद है कि चंबा सहित पूरे जनजातीय क्षेत्र में बचत की संस्कृति मजबूत होगी और लोगों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय लोगों और प्रबुद्ध वर्ग ने नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा कि करतार ठाकुर का अनुभव और जनसंपर्क निश्चित तौर पर चंबा को वित्तीय जागरूकता के नक्शे पर मजबूती से रखेगा। जिले में इसे विकास की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# मनरेगा मजदूरों ने किया विकास खंड कार्यालय का घेराव

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** मनरेगा श्रमिक संगठन व किसान सभा ने बेरोजगारी भत्ते व मनरेगा में काम न मिलने पर विकास खंड कार्यालय बालीचौकी का घेराव किया। घेराव से पूर्व काम व भत्ते की मांग को लेकर मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को किसान सभा राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा, मनरेगा श्रमिक संगठन वाली चौकी अध्यक्ष इंदर सिंह, ग्राम पंचायत थाटा के पूर्व उपप्रधान नवल किशोर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा खंड विकास कार्यालय बाली चौकी लगातार मनरेगा कानून की अवहेलना कर रहा है। मनरेगा कानून सीधे तौर पर कहता है कि आवेदन के 15 दिन के अंदर लोगों को काम दिया जाए, यदि काम नहीं दे पाए, तो मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी कामगारों को भता देगा। दुख की बात यह है कि 68 दिन बीत जाने के बाद भी न तो काम दिया और न ही भत्ता दे पाए। यह सीधे-सीधे तौर पर मनरेगा कानून की अवेहलना है। किसान सभा मांग करती है कि खंड विकास अधिकारी/ कार्यक्रम अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। समाचार लिखे जाने तक सभी लोग विकास खंड कार्यालय में ही जमे हुए थे। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी औट भी अपने दल बल के साथ घेराव स्थाल पर पंहुच चुके हैं।


अनंत Classifieds

## नाम दुरुस्ती

मैं देव दास ( 52 साल ) पुत्र श्री गोकलू वासी गांव पट्टीधार डाकघर व उप तहसील थाची जिला मण्डी हि.प्र.। घोषणा करता हूं कि मेरे जन्म रजिस्टर रिकार्ड ग्राम पंचायत थाची में मेरा नाम देवी राम दर्ज है जिसे कि मैं दरूस्त करके देव दास ही करवाना चाहता हूँ । सभी संबंधित नोट करें।

## बेदखली सूचना

मैं, बलबीर सिंह (60 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय हुकम सिंह निवासी गांव धीरा (रुमेहड़) वार्ड नं 03 डाकघर एवं तहसील धीरा जिला कांगड़ा हि.प्र.-176101 घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र कार्तिक ठाकुर और उसकी पत्नी श्रीमती तनु गुलेरिया मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। अत: मैं अपने पुत्र कार्तिक ठाकुर और उसकी पत्नी श्रीमती तनु गुलेरिया को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**शपथ पत्र**

मैं शेष राम पुत्र श्रीमति सुमनु वासी गाँव उखलधार डाकघर बालू तहसील औट जिला मण्डी मैं शेष राम पुत्र हिमाचल प्रदेश का आयु 49 साल का हूँ।
जो कि मैं निम्न हलफन ब्यान करता हूँ-
1. यह कि मैं उपर वर्णित पते का स्थायी निवासी हूँ ।
2 यह कि मैनें मुस्तर्का भूमि मुहाल अनसर पटवार सर्कल बालू तहसील औट जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश में स्थित अपनी निजी के सह-धारक प्रति माननीय उप मण्डल अधिकारी बाली चौकी की अदालत में विभाजन का मामला हेतू अपील दायर कर रखी है जिसमें कि लालू पुत्र नानकू पुत्र भादरू वासी गाँव उखलधार डाकघर बालू तहसील औट जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश भी सह-धारक है ।
3 यह कि उक्त विभाजन की सुनवाई दिनांक 5/5/2026 को मुकरर हुई है लालू उपरोक्त के पते पर बार बार समन / इतलाह करने पर भी समन की तामिल नहीं हो रही है जिस कारण कि श्री लालू उपरोक्त के हाजर नहीं होने पर एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी ।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**
मुकदमा इन्द्राज मृत्यु तिथी ।
पेशी- 06.05.2026
हेमा देवी पत्नी श्री केवल सिंह निवासी गांव व डाकघर अनसुई तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
**बनाम आम जनता**
2. ग्राम पंचायत अनसुई
3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला।
**विषय- बाबत इन्द्राज मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969**
उपरोक्त विषय से संबधित मुकदमा इस अदालत में विचाराधीन है जिसमें प्रार्थीनी ने दावा किया है कि उनके चाचा ससुर श्री ज्ञान चंद का देहांत दिनांक 10.06.1975 को गांव एवं डाकघर अनसूई में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश उनकी मृत्यु तिथी का इन्द्राज सम्बन्धित ग्राम पचांयत अनसूई में दर्ज न करवाया जा सका है। अतः इस ईशतहार के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के चाचा ससुर की उपरोक्त मृत्यु को संबधित ग्ग्रंम पचायंत अनसूई के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे यदि किसी को कोई एतराज हो तो वह दिनांक 06.05.2026 को बाद दोपहर 2.00 बजे इस अदालत में असालतन या बकालतन हाजिर आकर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर न आने की सूरत के निर्धारित तिथी के बाद किसी भी प्रकार का कोई दावा स्वीकार्य न होगा और नियमानुसार उपरोक्त मृत्यु तिथी दर्ज बारे आदेश पारित कर दिए जाएगें। आज दिनांक 17/04/26 को को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**कार्याकारी दंडाधिकारी**
**शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा इन्द्राज मृत्यु तिथी ।
पेशी- 06.05.2026
नीलम कुमारी पत्नी श्री निर्मल सिंह निवासी गांव व डाकघर अनगुई तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
**बनाम आम जनता**
2. ग्राम पंचायत अनसुई
3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला।
**विषय - बाबत इन्द्राज मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969**
उपरोक्त विषय से संबधित मुकदमा इस अदालत में विचाराधीन है जिसमें प्रार्थीनी ने दावा किया है कि उनके ससुर श्री शेर सिंह का देहांत दिनांक 15.12.1976 को गांव एवं डाकघर अनसूई में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश उनकी मृत्यु तिथी का इन्द्राज सम्बन्धित ग्राम पचांयत अनसूई में दर्ज न करवाया जा सका है। अतः इस ईशतहार के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीनी के ससुर की उपरोक्त मृतयु को संबधित ग्गांम पचायंत अनसूई के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे यदि किसी को कोई एतराज हो तो वह दिनांक 06.05.2026 को बाद दोपहर 2.00 बजे इस अदालत में असालतन या बकालतन हाजिर आकर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर न आने की सूरत के निर्धारित तिथी के बाद किसी भी प्रकार का कोई दावा स्वीकार्य न होगा और नियमानुसार उपरोक्त मृत्यु तिथी दर्ज बारे आदेश पारित कर दिए जाएगें।
आज दिनांक 17/04/26को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी**
**शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**

**OFFICE OF THE BLOCK DEVELOPMENT OFFICER, BALICHOWKI (DISTT. MANDI, H.P.)**

**TENDER NOTICE**

Sealed tenders (two-bid system) are invited for leasing of Log Huts (Tourist Accommodation), Shops, Parking Area and Plastic Waste Management Unit (PWMU) located at Jhidi on Mandi-Kullu Four Lane, on "as is where is basis".

Suitable for tourism, hospitality and commercial use.

Last Date: 11.05.2026 up to 12:00 PM
Opening of Technical Bids: 11.05.2026 at 03:00 PM

Detailed terms and conditions can be obtained from the office of the undersigned on payment of Rs.1000/- (non-refundable) during office hours up to 11.05.2026 (10:00 AM).

The undersigned reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason.

**Block Development Officer**
**Balichowki Development Block**
**District Mandi (H.P.)**

**कष्ट** ही तो वह प्रेरक शक्ति है जो मनुष्य को कसौटी पर परखती है और आगे बढ़ाती है।

-वीर सावरकर

## संपादकीय

# रैगिंग की जड़ें उखाड़ने का समय

रैगिंग, जिसे कभी 'मजाक' या 'परिचय की परंपरा' कहकर हल्के में लिया जाता था, आज अपनी भयावह सच्चाई के साथ समाज के सामने खड़ी है। यह अब किसी भी रूप में हानिरहित नहीं रह गई है, बल्कि मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का एक संगठित रूप बन चुकी है। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के हरोली उपमंडल के एक निजी कॉलेज में जूनियर छात्र के साथ रैगिंग और मारपीट का ताजा मामला इसी कड़वी हकीकत को उजागर करता है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक छात्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि एक गहरी और लगातार बढ़ती समस्या का संकेत है। बड़ा सवाल यही है कि आखिर रैगिंग की यह कुप्रथा हिमाचल जैसे शांत और शिक्षित राज्य से कब समाप्त होगी?

विडंबना यह है कि लगभग हर महीने किसी न किसी शिक्षण संस्थान से रैगिंग का मामला सामने आ ही जाता है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती है। माता-पिता अपने बच्चों को बड़े विश्वास के साथ स्कूलों और कॉलेजों में भेजते हैं। वे यह उम्मीद करते हैं कि उनके बच्चे सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करेंगे और अपने भविष्य को संवारेंगे, लेकिन जब रैगिंग जैसे मामले सामने आते हैं, तो यह भरोसा डगमगा जाता है। शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले संस्थान यदि भय और उत्पीड़न के केंद्र बन जाएं, तो यह पूरे समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

इस समस्या के लिए जिम्मेदार कौन है? क्या शिक्षा विभाग, सरकार, या फिर शिक्षण संस्थानों का प्रबंधन? सच्चाई यह है कि यह एक सामूहिक विफलता का परिणाम है। यदि किसी छात्र में इतनी हिम्मत आ जाती है कि वह दूसरे छात्र को प्रताड़ित करे, उसे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करे, तो यह साफ दर्शाता है कि कहीं न कहीं निगरानी और अनुशासन में कमी है। संस्थानों की जिम्मेदारी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं हो सकती, बल्कि छात्रों की सुरक्षा और उनके मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना भी उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। आज के समय में यह भी देखने को मिलता है कि छात्र पढ़ाई के महत्वपूर्ण समय को ऐसी गैर-जरूरी गतिविधियों में व्यर्थ कर देते हैं। रैगिंग जैसे कृत्य न केवल पीड़ित छात्र के जीवन को प्रभावित करते हैं, बल्कि स्वयं करने वाले छात्र के भविष्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। जब परिणाम सामने आते हैं और अपेक्षित सफलता नहीं मिलती, तब पछतावा ही हाथ लगता है। यदि यही समय पढ़ाई और सकारात्मक गतिविधियों में लगाया जाए, तो यह उनके करियर को नई दिशा दे सकता है।

यह समस्या केवल हिमाचल प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में इसका विस्तार हो चुका है। यह हमारे शैक्षणिक ढांचे में गहराई तक जड़ें जमा चुकी कुप्रथा का प्रतीक है। यूजीसी के आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में रैगिंग से जुड़े मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 के बाद से कई छात्रों ने रैगिंग से उत्पन्न मानसिक आघात के कारण आत्महत्या तक कर ली। ये आंकड़े केवल सतह पर दिखाई देने वाली सच्चाई हैं, क्योंकि अनेक मामले तो सामाजिक दबाव या डर के कारण सामने ही नहीं आ पाते। हालांकि रैगिंग को रोकने के लिए 'यूजीसी रेगुलेशन एक्ट 2009' जैसे सख्त कानून मौजूद हैं, लेकिन केवल कानून बना देने से समस्या का समाधान नहीं होता। जरूरत है उनके प्रभावी क्रियान्वयन की। कई बार संस्थान अपनी प्रतिष्ठा को बचाने के लिए ऐसे मामलों को दबाने की कोशिश करते हैं, जिससे दोषियों के हौसले और बढ़ जाते हैं। रैगिंग को समाप्त करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहले, शिक्षण संस्थानों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्हें कैंपस में सख्त निगरानी व्यवस्था लागू करनी चाहिए, एंटी-रैगिंग समितियों को सक्रिय बनाना चाहिए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत की प्रसिद्ध एथलेटिक्स खिलाड़ी

**अंजू बॉबी जॉर्ज** भारत की प्रसिद्ध एथलीट हैं, जिन्होंने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाया। उन्होंने वर्ष 2003 में पेरिस में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लंबी कूद स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वे विश्व एथलेटिक्स में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं और उनके इस प्रदर्शन ने भारतीय एथलेटिक्स को नई दिशा दी। अंजू का जन्म 19 अप्रैल 1977 को केरल के कोट्टायम जिले में हुआ।



अंजू बॉबी जॉर्ज
**जन्म :** 19 अप्रैल, 1977

बचपन से ही उन्हें खेलों में रुचि थी और उन्होंने बहुत कम उम्र में एथलेटिक्स में भाग लेना शुरू कर दिया था। उनके माता-पिता ने उन्हें पूरा सहयोग दिया और उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी प्रेरणा महान भारतीय धाविका पीटी उषा रहीं। उनके करियर में कई चुनौतियां भी आईं। वर्ष 1999 में लगी गंभीर चोट के कारण वे सिडनी ओलंपिक में भाग नहीं ले सकीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और 2001 में शानदार वापसी की। उनके पति और कोच रॉबर्ट बॉबी जॉर्ज ने उनके करियर को नई दिशा देने में अहम योगदान दिया। अंजू ने 2002 के मैनचेस्टर राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक और बुसान एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वर्ष 2004 के एथेंस ओलंपिक में वे भारतीय दल की ध्वजवाहक भी बनीं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 2004 में देश के सर्वोच्च खेल सम्मान 'राजीव गांधी खेल रत्न' से सम्मानित किया गया। ■



गज़ल

## शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

साइना कुमारी
जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा

**न** गूगल से, न यू ट्यूब से, न कहीं से लाई है,
ये महज एक कविता ही नहीं जनाव....मेरे दिल की गहराई है।।
क्या लिखूं उन वीरों के सम्मान में, क्या उनके नाम थे...,
शब्दकोश में इतने शब्द न होंगे, जितने महान उनके काम थे।।
देश की खातिर मर मिटे, शहीदी का नाम मिला। रौंद उठा हर इंसान का सीना, जब उनकी शहीदी का पैगाम मिला।। कैसे संभली थी उनकी मां, असर कैसा पिता पर छाया था। जान वार दो वतन की खातिर, इस देश ने वीर गंवाया था।। 9 सितंबर को जन्मे थे वो, पालमपुर जिनका गांव है, उन शहीद की बात है ये, कैप्टन विक्रम बत्रा जिनका नाम है।।, उस मां से पूछो, उसने क्या खोया था, उसका अपना खून था वो, जो तिरंगे में लिपटकर सोया था।। तिरंगे को देखकर ये ख्याल मन में आया था, तीन रंग तो तिरंगे के थे चौथा मेरे भाई का लहू बहकर आया था।। बहनों की आंखें दंग हो गई, क्यों हमारी राखी की कीमत कम हो गई। हमारी रक्षा का वादा किया था आपने, अब क्यों आपकी आंखें बंद हो गई।। मंगेतर उनकी रोने लगी, अपने होश-ओ-हवास वो खोने लगी। अब मेरी मांग में सिंदूर कौन सजाएगा, ये बात अब मेरे दिल को चुभोने लगी।। सबके प्यारे थे वो, सबके लाड़ दुलारे थे वो, वतन पर जां वारने वाले, कैप्टन विक्रम बत्रा सर पालमपुर के रहने वाले थे वो।। उनकी जिंदगी का सफर आसान न था, अपने लक्ष्य को हासिल करने का पता अंजाम न था, मरे नहीं वो शहीद हो गए, वतन की खातिर अमर हो गए।। सरहद पर फौजी अपनी जान लुटा देते हैं, खुद अमर होकर, सबको रुला देते हैं।। उनके नाम पर कॉलेज बना, न कोई इससे अंजान है। विक्रम बत्रा नाम कॉलेज का जो पालमपुर की जान है।। सीने पर गोलियां खाई पर सर दुश्मन के आगे न झुकाया था। धन्य हैं..!! उस वीर की मां, जिसने उन्हें झुकना नहीं सिखाया।। देश पर मिटने वाले डरपोक नहीं होते, और यूं ही नहीं मिलती सफलता जिंदगी में, परमवीर चक्र पाने वाले पूरी रात नहीं सोते।। छोड़ दिया संसार उन्होंने, वो वीर मां का जाया था। नम हो गई आंखें सबकी, जब वो तिरंगे में लिपटकर। घर आया था।। जय माता दी..! कह गए वो, आखिरी शब्द जो गाया था। उन शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की बात है ये जिनका नाम पूरे देश की जुबां पर आया था।।

# चुनाव, लोकतंत्र और बदलता राजनीतिक परिदृश्य



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि विज्ञानी, कृ.वि.वि. पालमपुर, मो. 8219389439

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

देश में एक तरफ चुनाव का वातावरण बना हुआ था। पांच राज्यों में चुनाव हो रहे थे। तीन राज्यों में चुनाव एक चरण में ही संपन्न हो गए, जबकि दो बड़े और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में बहु-चरणीय चुनाव प्रक्रिया जारी है। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव माना जाता है, लेकिन इस बार कई ऐसे सवाल खड़े हो रहे हैं जो लोकतंत्र की सेहत पर चिंता पैदा करते हैं।

पश्चिम बंगाल के चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा मतदाता सूची को लेकर सामने आया है। आरोप है कि करीब 90 लाख वैध मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए। यह एक गंभीर आरोप है, क्योंकि लोकतंत्र में वोट का अधिकार सबसे बुनियादी अधिकार होता है। चुनाव आयोग की भूमिका निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए, लेकिन अगर इस तरह के आरोप सामने आते हैं तो जनता के मन में संदेह पैदा होना स्वाभाविक है।

देश की जनता सब कुछ देख रही है, सुन रही है, समझ रही है, लेकिन फिलहाल मौन है। इतिहास गवाह है कि जब जनता का मौन टूटता है तो उसका प्रभाव व्यापक होता है। 2014 के बाद से राजनीतिक विमर्श में एक नया नैरेटिव उभरा है, जिसमें एक धर्म विशेष के लोगों को 'घुसपैठिया' कहकर संबोधित किया जाता है। यह शब्द अब चुनावी राजनीति का हिस्सा बन चुका है। सवाल यह है कि अगर इतने बड़े पैमाने पर घुसपैठ हुई है, तो उसके ठोस आंकड़े जनता के सामने क्यों नहीं रखे जाते? केवल आरोपों के आधार पर किसी वर्ग को वोट के अधिकार से वंचित करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ माना जाएगा।

विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि देश की संवैधानिक संस्थाएं-जैसे चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई और यहां तक कि न्यायपालिका पर एक विचारधारा का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। यह आरोप नया नहीं है, लेकिन चुनावी माहौल में यह और तेज हो जाता है। अगर लोकतंत्र की संस्थाओं पर विश्वास कमजोर होता है, तो इसका सीधा असर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर पड़ता है। यही कारण है कि यह बहस देश के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सुनाई देती है कि 2014 के बाद भारत में लोकतंत्र की प्रकृति में बदलाव आया है।

बंगाल चुनाव के दौरान एक और दिलचस्प घटनाक्रम सामने आया। राजनीतिक दलों के बीच कथित सौदेबाजी और स्टिंग ऑपरेशन के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें कई गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं, लेकिन इनकी सत्यता की पुष्टि बिना जांच के नहीं की जा सकती। फिर भी, इस तरह की घटनाएं चुनावी राजनीति में पारदर्शिता और नैतिकता पर सवाल जरूर खड़े करती हैं।

इसी बीच केंद्र सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया, जिसने राजनीतिक हलचल को और बढ़ा दिया। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर सरकार ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया, लेकिन विपक्ष ने इसके समय और उद्देश्य पर सवाल उठाए। यह विधेयक पहले ही पास हो चुका है, लेकिन इसके लागू होने की समयसीमा को लेकर भ्रम बना हुआ है। जनगणना और परिसीमन से जोड़कर इसे भविष्य के लिए टाल दिया गया है, जिससे राजनीतिक बहस और तेज हो गई है। परिसीमन का मुद्दा इस पूरे विमर्श का अहम हिस्सा है। अगर जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्निर्धारण होता है, तो उत्तर भारत के राज्यों-जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश को अधिक सीटें मिल सकती हैं, जबकि दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी कम हो सकती है। इससे क्षेत्रीय असंतुलन की स्थिति बन सकती है और राजनीतिक शक्ति का केंद्र बदल सकता है। यही कारण है कि इस मुद्दे पर सहमति बनना आसान नहीं है।

जातीय जनगणना का मुद्दा भी इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण बन जाता है। विपक्ष का मानना है कि जब तक जाति आधारित आंकड़े सामने नहीं आएंगे, तब तक सामाजिक न्याय की नीतियां प्रभावी नहीं हो सकतीं। वहीं, सरकार इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख नहीं अपना रही है। अगर जातीय जनगणना होती है, तो देश की राजनीति और सामाजिक संरचना में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। महिला आरक्षण विधेयक में एक और पहलू है जिस पर कम चर्चा हो रही है-राज्यसभा की सीटों में वृद्धि। अगर लोकसभा और विधानसभा की सीटें बढ़ती हैं, तो राज्यसभा में भी अनुपातिक वृद्धि होनी चाहिए। अन्यथा, विधायी संतुलन प्रभावित हो सकता है। यह सवाल भविष्य में और प्रमुखता से उठ सकता है।

पूरे घटनाक्रम को देखें तो ऐसा लगता है कि चुनाव, विधायी निर्णय और राजनीतिक रणनीतियां एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। हर कदम के पीछे एक राजनीतिक गणित काम करता है, जिसे समझना आसान नहीं होता। लोकतंत्र में संख्या बल महत्वपूर्ण होता है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है पारदर्शिता और जनविश्वास। यह जनता पर निर्भर करता है कि वह इन सभी मुद्दों को किस नजरिए से देखती है। लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जनता की भागीदारी, अधिकार और विश्वास पर टिका हुआ एक जीवंत तंत्र है। अगर इन मूल तत्वों को नजरअंदाज किया जाता है, तो लोकतंत्र की मजबूती पर असर पड़ सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# महिला आरक्षण बिल का पतन : किसकी जीत किसकी हार ?



हरिराम धीमान
नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)
मोबाइल : 9805822852

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जैसी आशंका थी, सरकार का महिला आरक्षण एवं परिसीमन संबंधी विधेयक लोकसभा में गिर गया। इस पर तात्कालिक रूप से विपक्ष बेशक अपनी जीत का दावा कर रहा हो परंतु इसके दूरगामी परिणाम होंगे। मोदी सरकार द्वारा महिला आरक्षण और परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद में पेश करना केवल विधायी प्रक्रिया का हिस्सा नहीं था, बल्कि इसके पीछे एक गहरी राजनीतिक रणनीति भी दिखाई देती है। विशेष रूप से बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में चुनाव से ठीक पहले इन बिलों को लाना, सत्ता पक्ष की दूरदर्शिता और चुनावी गणित को दर्शाता है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि सरकार को पहले से यह अंदेशा था कि लोकसभा में उसके पास दो-तिहाई बहुमत नहीं है, जो ऐसे संवैधानिक संशोधन वाले विधेयकों के पारित होने के लिए जरूरी होता है। इसके बावजूद इन बिलों को पेश करना भाजपा की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा हो सकता है। यदि ये बिल पारित हो जाते, तो बंगाल और तमिलनाडु में इसका सीधा राजनीतिक लाभ भाजपा को मिलता और वह महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम का श्रेय लेती, लेकिन जब यह बिल गिर गया ही, तो परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया। अब भाजपा के पास यह अवसर है कि वह इस असफलता का ठीकरा भी विपक्ष के सिर फोड़ेगी। भाजपा यह प्रचार कर सकती है कि उसने महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की दिशा में ठोस प्रयास किया, लेकिन विपक्ष ने अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के चलते इसका विरोध किया। इस प्रकार, भाजपा खुद को महिलाओं की हितैषी और विपक्ष को उनके अधिकारों के विरोधी के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश करेगी। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तमिलनाडु में अपनी चुनावी सभाओं में उठाकर कर दी है।

यदि भाजपा महिलाओं के बीच यह संदेश पहुंचाने में सफल हो जाती है कि उनके अधिकारों और प्रतिनिधित्व के रास्ते में विपक्ष बाधा बना हुआ है तो विपक्ष के लिए कड़ी चुनौती होगी। भारत में महिला मतदाताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है और वे चुनावी परिणामों को प्रभावित करने में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में यदि भाजपा इस मुद्दे को भावनात्मक और सामाजिक न्याय के संदर्भ में प्रस्तुत करती है, तो उसे इसका सीधा लाभ मिल सकता है। दूसरी ओर विपक्ष के लिए यह स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण हो सकती है।

उसे यह स्पष्ट करना होगा कि उसने इस बिल का विरोध क्यों किया या समर्थन क्यों नहीं दिया। यदि विपक्ष अपनी स्थिति को प्रभावी ढंग से जनता, खासकर महिलाओं के सामने नहीं रख पाता, तो वह भाजपा के इस चक्रव्यूह में फंस सकता है। इसके अलावा, विपक्ष के भीतर एकजुटता की कमी भी भाजपा के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है, क्योंकि इससे यह संदेश जाता है कि विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध कर रहा है। हालांकि ऐसे बिलों को पारित कराने के लिए सरकार विपक्ष से संवाद और सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए था, परंतु जब विपक्ष विशेष रूप से मुख्य विपक्षी दल व्यक्ति विरोध के चलते राष्ट्र विरोध तक जा सकता है तो ऐसे में सरकार को इसके लिए उत्तरदायी नहीं ठहरा सकते कि विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया गया।

इसके अलावा, महिला आरक्षण जैसे मुद्दे केवल राजनीतिक हथियार नहीं होने चाहिए, बल्कि यह सामाजिक न्याय और समानता का विषय है। इसे चुनावी लाभ-हानि के तराजू पर तौलना कहीं न कहीं इसके मूल उद्देश्य को कमजोर करता है। महिलाओं का वास्तविक सशक्तिकरण तभी संभव है जब सभी दल मिलकर गंभीर प्रयास करें। भाजपा ने इसे 'च, व्यूह' की तरह पेश किया है। अब देखना है विपक्ष इस नैरेटिव का कैसे जवाब देता है। परिणाम चुनावों के बाद स्पष्ट होंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# सम्मान सेवारत सैनिकों का ही नहीं,बल्कि भूतपूर्व सैनिकों का भी होना चाहिए



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर
मोबाइल. 8219386300

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

देश की सुरक्षा और अखंडता में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारतीय सैनिकों के त्याग, समर्पण और जज्बे के कारण ही हम आप अमन चैन की सांसें लेते हैं। इसी संदर्भ में भूतपूर्व सैनिकों के प्रति मान सम्मान और आदर के रूप में चर्चा करने का प्रयास करेंगे।

आज आप सभी तक मीडिया बंधुओं के माध्यम से जनहित और भारतीय सैनिकों के प्रति देशप्रेम जैसे महत्वपूर्ण और गौरवमयी विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास करेंगे। जैसा कि मालूम है कि भारतवर्ष में अमूमन भारतीय सैनिकों के प्रति हर व्यक्ति और समाज की हमेशा मान सम्मान की भावना देखने एवं सुनने को मिलती हैं, तो वहीं देश के लिए शहादतों को देने वाले बहादुर सैनिकों के प्रति और भी अधिक सम्मान व्यक्त किया जाता है और ये सम्मान की भावना हमेशा रहनी भी चाहिए, अर्थात अगर भारतीय सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना रखते हैं तो जिन सैनिकों ने दशकों से देश-भर के विभिन्न क्षेत्रों के दुर्गम क्षेत्रों में और सियाचिन ग्लेशियर से, गर्म क्षेत्रों में शुमार रेगिस्तानी क्षेत्रों इत्यादि में देश के लिए अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की है, उन सम्मानित और बहादुर भूतपूर्व सैनिकों के प्रति समाज और हम सभी का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम अपने क्षेत्र समाज के भूतपूर्व सैनिकों के प्रति भी वहीं सम्मान की भावना और आदर व्यक्ति किया जाएं जो मान सम्मान और आदर सेवारत भारतीय सैनिकों के प्रति देखने एवं सुनने को मिलता है।

हां, इतना जरूर है कि सम्मान उन्हीं सेवारत सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों का होना चाहिए जो इसके असल हकदार मानें जाते हैं अर्थात जिनका व्यक्तित्व ईमानदारी, निस्वार्थ, जनहित, बेदाग और कर्तव्यनिष्ठा से भरा हो, और समाज को भी प्रेरित करता हो, क्योंकि इसमें भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कुछेक सेवारत भारतीय सैनिकों व भूतपूर्व सैनिकों का आचरण, व्यवहार, कार्यपद्धति और व्यक्तित्व विवादास्पद और सुर्खियों से भरा हुआ माना जाता है, परंतु जिन सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों का व्यक्तित्व सराहनीय माना जाता है उनके प्रति हम आपको मान सम्मान और हर संभव सहयोग करने का प्रयास होना चाहिए,क्योंकि समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में भूतपूर्व सैनिकों के प्रति वह मान सम्मान और आदर देखने को नहीं मिलता जो मान सम्मान और आदर उन्हीं सैनिकों को तत्कालिक सेवारत के समय देखने एवं सुनने को मिलता था। इस प्रकार आज हम सभी और खासकर युवा पीढ़ी को भूतपूर्व सैनिकों के प्रति समाज में उचित सम्मान देने का प्रयास करना चाहिए, जिस युवा पीढ़ी के कंधों पर देश का भविष्य और सैनिक बनकर देश के सुरक्षा की महत्वपूर्ण दायित्व होगा।

अमूमन देखने एवं सुनने को मिलता है कि जब भी कोई भारतीय सेनिक दशकों बाद सेवानिवृत्त होकर अपने घर गांव व समाज में आकर जीवन व्यतीत करता है तो उनको विभिन्न समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है क्योंकि उन्हें समाज की अनेकों चुनौतियों, व्यवस्थाओं और उस वातावरण में अपने आप को ढालने में समय और समस्याएं देखने एवं सुनने को मिलती हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में जिस प्रकार समय-समय पर क्षेत्र समाज और सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय सैनिकों के प्रति बहुत मान सम्मान की भावनाएं देखने एवं सुनने को मिलती हैं जो कि निसंदेह होनी भी चाहिए, परंतु इसी प्रकार के मान सम्मान और आदर की भावना भूतपूर्व सैनिकों के प्रति भी होनी चाहिए जो भूतपूर्व सैनिक समाज में यकीनन हकदार भी माने जातें हैं, और जिनका सामाजिक जीवन में किसी न किसी रूप से सहयोग होना चाहिए। भूतपूर्व सैनिक समाज के अनेकों कार्यों से अनजान भी माने जाते हैं जिनके प्रति अगर हम मिलकर सहयोगी बनेंगे तो हर भूतपूर्व सैनिकों को जहां समय की बचत और समाज से सहयोग की अपेक्षा और परिवार के साथ शेष जीवन बिताने में समाज की अहम् भूमिका रहेगी। भूतपूर्व सैनिकों में चाहे कोई भी सैनिक क्यों न हो जैसे भारतीय सैनिक,भारतीय अर्धसैनिक इत्यादि।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# अनंत समृद्धि का दिन अक्षय तृतीया आस्था, परंपरा और सामाजिक जिम्मेदारी



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र लेखक
मोबाइल : 9414255034

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हमारे देश में समय-समय पर अनेक त्यौहार मनाए जाते हैं, इसी कारण भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। हिंदू धर्म के प्रमुख पर्वों में अक्षय तृतीया का विशेष स्थान है, जिसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है और इसे अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए सभी शुभ कार्य अक्षय फल देते हैं, अर्थात उनका पुण्य कभी समाप्त नहीं होता।

अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, यानी इस दिन किसी भी शुभ कार्य के लिए विशेष मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। यही कारण है कि इस दिन बड़ी संख्या में विवाह संपन्न होते हैं। यह पर्व बसंत और ग्रीष्म ऋतु के संधिकाल का प्रतीक भी है। इस दिन गंगा स्नान, पितरों का तर्पण, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया का संबंध कई महत्वपूर्ण घटनाओं से जुड़ा है। माना जाता है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने परशुराम अवतार लिया था, इसलिए इसे परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। यह भी मान्यता है कि राजा भगीरथ इसी दिन गंगा को पृथ्वी पर लाए थे। भगवान कृष्ण द्वारा सुदामा को सम्मान और समृद्धि प्रदान करने की कथा भी इसी दिन से जुड़ी मानी जाती है। साथ ही, ऋषि वेदव्यास ने महाभारत की रचना का आरंभ भी इसी तिथि से किया था।

'अक्षय' शब्द का अर्थ है, जो कभी समाप्त न हो, और 'तृतीया' का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इस प्रकार यह दिन समृद्धि, सुख और निरंतर शुभ फल का प्रतीक माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, गणेश और कुबेर की पूजा का विशेष विधान है। लोग दान-पुण्य करते हैं, गरीबों को भोजन कराते हैं और अपने सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की सहायता करते हैं। जैन धर्म में भी अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है। मान्यता है कि प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने इसी दिन एक वर्ष की कठिन तपस्या के बाद पारणा किया था। इसलिए जैन समुदाय भी इस दिन को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाता है।

देश के विभिन्न हिस्सों में इस पर्व का अलग-अलग महत्व देखने को मिलता है। कहीं इसे कृषि कार्यों की शुरुआत से जोड़ा जाता है तो कहीं समृद्धि और व्यापार से। लोग इस दिन सोना-चांदी या अन्य वस्तुओं की खरीदारी को शुभ मानते हैं। कुल मिलाकर यह पर्व आस्था, समृद्धि और शुभता का प्रतीक है, लेकिन इस पवित्र पर्व के साथ एक गंभीर सामाजिक समस्या भी जुड़ी हुई है-बाल विवाह। अबूझ मुहूर्त होने के कारण इस दिन बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चों के विवाह कर दिए जाते हैं, जो इस पर्व की गरिमा को आघात पहुंचाता है। भारत के कई राज्यों में यह समस्या अधिक देखने को मिलती है। प्रशासन को हर वर्ष ऐसे मामलों को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने पड़ते हैं।

बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जो बच्चों के भविष्य, शिक्षा और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद यह समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हो पाई है। समाज के हर वर्ग को इस दिशा में जागरूक होना होगा। अक्षय तृतीया जैसे पवित्र पर्व का वास्तविक महत्व तभी बना रहेगा, जब हम इसके सकारात्मक पक्ष को अपनाएं और नकारात्मक कुरीतियों से दूर रहें। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इस दिन केवल शुभ कार्य ही हों, न कि ऐसी प्रथाएं जो समाज के लिए हानिकारक हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सिया हत्याकांड 6 दिन बाद भी अनसुलझा

## मौंही में फूटा जनाक्रोश, विधायक दलीप ठाकुर बोले— न्याय नहीं मिला तो और तेज होगा संघर्ष

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट के मौंही में सरकाघाट क्षेत्र के विधायक दलीप ठाकुर की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर निर्दोष बेटी सिया को न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि सिया हत्याकांड को हुए 6 दिन बीत चुके हैं, लेकिन यह मामला अभी भी अनसुलझी पहेली बना हुआ है, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस मामले की जांच में तेजी लाने और जल्द से जल्द सच्चाई सामने लाने की मांग की।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

विधायक ने स्थानीय लोगों की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया, जिन्होंने साहस और जागरूकता दिखाते हुए आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। उन्होंने कहा कि यह समाज की एकजुटता और जिम्मेदारी का उदाहरण है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सिया को न्याय नहीं मिलता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह स्वयं इस मामले को प्राथमिकता के साथ उठाते रहेंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में नारे लगाते हुए सिया को न्याय दिलाने और दोषियों को कठोर सजा देने की मांग दोहराई।



विधायक दलीप व महिलाएं विरोध प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

### सिया के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री रंगीला राम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** गोपालपुर क्षेत्र में हुए एक जघन्य अपराध में मासूम बच्ची सिया की दर्दनाक मौत के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। इसी क्रम में सरकाघाट क्षेत्र के पूर्व मंत्री एवं विधायक रंगीला राम राव नैन गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले और उनका दुख साझा किया। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी और भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। पूर्व मंत्री ने इस घटना को मानवता को शर्मसार करने वाला बताते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। रंगीला राम राव ने पीड़ित परिवार को अपनी ओर से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

### महिला मंडलों ने निकाली आक्रोश रैली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के गांव नैण में 13 अप्रैल को हुई 19 वर्षीय सिया की निर्मम हत्या के विरोध में छठे दिन भी लोगों का आक्रोश थमता नजर नहीं आया। मामले में अब तक ठोस कार्रवाई न होने से नाराज विभिन्न गांवों—सरकाघाट, मसेरन, रिस्सा, थौना, पटड़ीघाट, पौंटा और गोपालपुर—की महिला मंडलों ने सरकाघाट बाजार में आक्रोश रैली निकाली। महिलाओं ने पुलिस प्रशासन और संबंधित संस्थाओं से आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा, यहां तक कि फांसी देने की मांग की। मसाल संस्था सरकाघाट की अध्यक्षा प्रेम कुमारी ठाकुर ने कहा कि यदि ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो अपराध बढ़ते जाएंगे। करीब 50 महिला मंडलों की 1000 से अधिक महिलाओं ने मामले की तेज जांच और नशे पर रोक लगाने की मांग उठाई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# गड्ढों से भरी सड़क और अव्यवस्था से जूझता बहुतकनीकी संस्थान सुंदरनगर

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** सुंदरनगर क्षेत्र में स्थित सरकारी बहुतकनीकी संस्थान कई मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। संस्थान को जाने वाला सड़क मार्ग लंबे समय से गड्ढों से भरा हुआ है, जिससे विद्यार्थियों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग अब भी सुधार की प्रतीक्षा में है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

इसके साथ ही संस्थान परिसर में स्वच्छता और नाली व्यवस्था की भी कमी साफ नजर आती है। सरकारी कार्यालय से लेकर कन्या छात्रावास और कर्मचारी आवास तक उचित सफाई व्यवस्था का अभाव संबंधित विभाग की लापरवाही को उजागर करता है।

स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि वर्तमान समय में सुरक्षा के मद्देनजर कन्या छात्रावास और कर्मचारी आवास के चारों ओर मजबूत सुरक्षा दीवार (चारदीवारी) बनाना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही वाचमैन और सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति भी समय की मांग बन चुकी है।

इसके अलावा परिसर में कंटीली झाड़ियों की सफाई, उचित नाली व्यवस्था और सड़क मार्ग का शीघ्र सुधार भी जरूरी बताया जा रहा है।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, विशेष रूप से उपायुक्त मंडी से मांग की है कि संस्थान का निरीक्षण कर सभी कमियों को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।


खस्ताहाल सड़क से ग्रामीणों व छात्रों को हो रही परेशानी। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### तीन भैंसें चोरी, मालिक ने दर्ज कराई शिकायत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र के गांव मोरगलू निवासी अब्दुल खान (45) ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी तीन भैंसें रात के समय उसके शटर से चोरी हो गईं। शिकायत के अनुसार, परिवार रात करीब 11 बजे सो गया था और भैंसों को शटर के अंदर बांध दिया गया था। सुबह करीब 5 बजे उठने पर देखा कि तीनों भैंसें गायब थीं। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद भैंसों का कोई सुराग नहीं मिला। शिकायतकर्ता का कहना है कि कोई अज्ञात व्यक्ति भैंसों को चोरी कर ले गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अवैध शराब की 36 बोतलों सहित एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गांव हवाणी निवासी बालम राम अपनी गाड़ी में ठेके से शराब लाकर इलाके में अवैध रूप से बेचता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन की जांच की, जिसमें 3 गत्ता पेटियों में कुल 36 बोतल शराब (ऊना नंबर 01) बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। मामले की एसपी मंडी विनोद कुमार ने पुष्टि की है।

### भांबला, बतैल में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** 11 केवी खुडला सरकाघाट एचटी लाइन के जरूरी रखरखाव व साथ लगते पेड़ों की टहनियों के कांट-छांट के कार्य चलते 19 अप्रैल को विद्युत उपमंडल भांबला के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रातः 10 बजे से कार्य खत्म होने तक बंद रहेगी। यह जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल भांबला के सहायक अभियंता ई. रूप सिंह ठाकुर ने बताया कि इस अवधि में भांबला, बतैल, मुण्डक, खेरी, रोपा ठाठर, रामेहरा, हरियाली टांडा, करेड, ढलवान एवं इनके आस पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसलिए उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

### प्राकृतिक खेती अपनाने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषि विभाग और इरी (आईआरआरआई) दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में धनोटू की कोट व महादेव पंचायत में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 60 किसानों ने भाग लेकर बढ़ती जागरूकता का परिचय दिया। विशेषज्ञों डॉ. अजय कुमार मिश्रा, श्रीनिवास रेड्डी और गायत्री हेड्वा ने जलवायु-सहिष्णु, कम लागत और सतत कृषि पद्धतियों पर जानकारी दी। प्रशिक्षण में बीजामृत, जीवामृत जैसे प्राकृतिक इनपुट्स की तैयारी और उपयोग पर विशेष जोर रहा। कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी तकनीकी मार्गदर्शन दिया। किसानों को फील्ड विजिट करवाई गई, जहां उन्हें इन तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव मिला। कार्यक्रम में लागत घटाने, मृदा स्वास्थ्य सुधार और उत्पादन स्थिरता पर विस्तृत चर्चा की गई, जिससे किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरणा मिली।

### छात्रों ने जीता सिल्वर मेडल, बढ़ाया मान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला स्तरीय बाल बैडमिंटन चैंपियनशिप में लॉर्ड्स स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल जीता। प्रतियोगिता का आयोजन त्रस्स्ड नवाही में हुआ, जिसमें विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। टीम में कक्षा +2 के अर्णव और प्रांजल, कक्षा 10 के लक्ष्य, कक्षा 9 के शौर्य, आयुष व शिवम तथा कक्षा 8 के हर्ष शामिल रहे। सभी खिलाड़ियों ने टीम भावना और उत्साह के साथ खेलते हुए यह सफलता प्राप्त की। स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने कहा कि इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है और अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

### मतदाता सूची में 20 से नाम जुड़वाने का मौका

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि जिला मंडी में पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन 2025-26 के लिए मतदाता सूचियां तैयार कर दी गई हैं। 01 अप्रैल को अहर्ता तिथि मानते हुए अनुपूरक मतदाता सूचियों में नाम दर्ज करने की प्रक्रिया तय की गई है। उन्होंने बताया कि छूटे हुए मतदाता 20 अप्रैल से लेकर निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने तक अपने नाम दर्ज करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पंचायत अधिकारी मंडी के भ्यूली स्थित कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र-2 पर दो प्रतियों में दो रुपये शुल्क के साथ किया जाएगा।

# सुंदरनगर पुलिस ने 582 ग्राम चरस सहित 6 युवकों को किया गिरफ्तार


सुंदरनगर पुलिस टीम के साथ चरस के साथ पकड़े युवक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुंघ के पास नाकाबंदी के दौरान पुलिस शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग के दौरान एक गाड़ी नंबर पीबी-29एजी-5079 की तलाशी लेने पर उसमें सवार 6 युवकों के कब्जे से 582 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए सही आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं। आरोपियों को रविवार को न्यायालय के समक्ष नियमानुसार पेश किया जाएगा। आरोपियों की शिनाख्त कुलजीत (21) निवासी मानक माजरा जिला मलेरकोटला, युवराज सिंह (22) निवासी अरनो तहसील पतरान जिला पटियाला, जगदीप सिंह (20) निवासी हैदर नगर जिला मलेरकोटला, हरमनप्रीत सिंह (19) निवासी नारीके जिला मलेरकोटला, करणदीप सिंह (20) निवासी बिड़ अहमदाबाद जिला मलेरकोटला और हरमन सिंह (21) निवासी बिड़ अहमदाबाद, जिला मलेरकोटला पंजाब के तौर पर हुई है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है। मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है।

# वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दिनेश धर्मपाल की पुस्तकों का विमोचन साहित्य व रंगमंच पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** यूनाइटेड थिएटर सोसाइटी एंड आर्ट विलेज के तत्वावधान में आयोजित उत्सव कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दिनेश धर्मपाल की पुस्तकों—'अग्निरेखा के पार', 'मैं और मेरा समय', 'स्वयंसिद्ध' और 'वन्या' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग के सह-सचिव डॉ राजन सिंह, डॉ तारा ज्योति, डॉ हेमलता, रंगकर्मी अनिल महंत तथा प्रख्यात रंगमंच निर्देशिका व अभिनेत्री दक्षा शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ राजन सिंह ने साहित्य और रंगमंच के प्रति अपने लगाव का जिक्र करते हुए ऐसे आयोजनों को प्रेरणादायक बताया, वहीं डॉ हेमलता ने सभी का आभार जताते हुए भविष्य में भी सहभागिता की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान डॉ तारा ज्योति के आगामी उपन्यास पर चर्चा हुई, जो हिमाचल की जड़ी-बूटियों, प्रेम, उपचार और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। अपने संबोधन में डॉ दिनेश धर्मपाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी रचनाओं को मंचित करने की जिम्मेदारी दक्षा शर्मा ने स्वीकार की है और जून माह में नया नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। रंगकर्मी अनिल महंत ने भी साहित्य से अपने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए नाटक में भूमिका निभाने की बात कही। दक्षा शर्मा ने युवाओं को साहित्य और रंगमंच से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और बौद्धिक विकास के लिए ऐसे मंच बेहद जरूरी हैं।

**◆ उत्सव कार्यक्रम में जुटे साहित्यकार व रंगकर्मी, युवाओं को जोड़ने पर दिया जोर**

# झड़ीयार गांव के बीएसएफ जवान को सैन्य सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई


बीएसएफ जवान को नम आंखों से अंतिम विदाई देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल की ग्रेयोह पंचायत के झड़ीयार गांव के वीर सपूत एएसआई प्रकाश चंद (पप्पी) जो बीएसएफ में कार्यरत थे ड्यूटी पर ही उनका देहांत हृदय गति से हो गया। उनका आज पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव झड़ियार में किया गया।

बीएसएफ की सैनिक टुकड़ी ने उन्हें तिरंगे में लपेटकर श्रद्धांजलि दी और गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। इसके अलावार वीर जवान को फायर सलामी देकर अंतिम विदाई दी गई। इस अवसर पर बीएसएफ के कमांडिंग ऑफिसर, डीएसपी बीएसएफ, सैन्य जवानों की टुकड़ी। एसएचओ धर्मपुर विनोद कुमार, पूर्व सैनिक लीग टिहरा की टुकड़ी, स्थानीय प्रशासन से उप तहसीलदार टिहरा शशिकांत शर्मा तथा धर्मपुर क्षेत्र के अधिकारी व सैकड़ों स्थानीय लोगों ने अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर धर्मपुर के पूर्व भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विनोद ठाकुर, पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र पठानिया सहित पूरा क्षेत्र शोक में डूबा, सभी ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई।

# सरकाघाट में 15 दिव्यांगों को फ्री मिली कृत्रिम टांगें

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** सरकाघाट में ठेकेदार रांझा राम वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित एक विशेष कृत्रिम अंग वितरण शिविर में 15 दिव्यांग व्यक्तियों को लोअर लिम्ब (कृत्रिम टांगें) प्रदान की गईं। ये सभी लोग विभिन्न दुर्घटनाओं में अपनी टांगें खो चुके थे। शिविर का आयोजन आईजीएमसी के एमएस डॉ. राहुल राव की अध्यक्षता में किया गया। इससे पहले लाभार्थियों का माप लेकर आवश्यक फिटिंग तैयार की गई थी, जिसके बाद आज उन्हें कृत्रिम अंग लगाए गए।

डॉ. राहुल राव ने बताया कि सोसायटी लगातार समाज सेवा के कार्य कर रही है और एक्ट ह्यूमन एनजीओ के सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि संस्था अब तक कई नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर हजारों लोगों को लाभ पहुंचा चुकी है। भविष्य में दिव्यांगों को कृत्रिम बाजू, व्हीलचेयर और हियरिंग एड भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रंगीला राम राव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संस्था और चिकित्सकीय टीम को सम्मानित करते हुए कहा कि यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में अनिल शर्मा, अखिल गुप्ता, सचिन वर्मा, मनोज कुमार, अतुल राठौर, संजू गुप्ता, हितेश कौशल, डॉ. बालम राम, रमेश ससवाल, कर्नल बलवंत बरारी, ब्रह्मदास शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस मानवीय पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्य जारी रखने की बात कही।

# नारी शक्ति के अधिकारों के खिलाफ कांग्रेस : जयराम

## सराज के थुनाग में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर बरसे नेता प्रतिपक्ष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शनिवार को अपने गृह क्षेत्र सराज के थुनाग में महिलाओं के साथ विशाल रोष प्रदर्शन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगी विपक्षी दलों पर नारी शक्ति के अधिकारों के विरोध का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला। जयराम ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन का विरोध कर इन दलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकार देने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश की मातृशक्ति इस रवैये को कभी क्षमा नहीं करेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल एक परिवार तक सीमित होकर रह गई है और अन्य प्रतिभाशाली महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर नहीं देती। उनके अनुसार दशकों बाद महिलाओं को मिलने वाला आरक्षण का अधिकार भी कांग्रेस की संकीर्ण राजनीति की भेंट चढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवहार केवल नाइंसाफी नहीं बल्कि अक्षम्य अपराध है, जिसे जनता कभी नहीं भूलेगी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नारी शक्ति को उनका वास्तविक अधिकार दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला आरक्षण एवं परिसीमन विधेयक का विरोध करने के बाद विपक्षी दलों द्वारा जश्न मनाना अत्यंत शर्मनाक है।

थुनाग में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भाग लेकर कांग्रेस के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया। इसके बाद जयराम ठाकुर ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी रणनीति पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसी दौरान जयराम ठाकुर ने डीजीपी के विरुद्ध वायरल पत्र को लेकर प्रदेश सरकार को भी घेरा। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के बाद अब डीजीपी जैसे उच्च अधिकारी पर सवाल उठना गंभीर स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर प्रशासनिक अव्यवस्था और कानून-व्यवस्था बिगड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में अराजकता बढ़ रही है।

इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 की समय सीमा 2028 तक बढ़ाने और बजट वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इससे हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में सड़क परियोजनाओं को बड़ी राहत मिलेगी।


सराज के थुनाग में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर महिलाओं के साथ प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

**स्वागत** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त होने पर नारों और आतिशबाजी से गूंजा माहौल

# दीपक शर्मा के स्वागत में उमड़ी समर्थकों की भीड़

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त होने के बाद सदर विधानसभा क्षेत्र में दीपक शर्मा का भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। गांधी चौक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में समर्थक, युवा, महिलाएं और स्थानीय जनप्रतिनिधि एकत्रित हुए। पूरे क्षेत्र में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। दीपक शर्मा के पहुंचते ही समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया और कंधों पर उठाकर अभिनंदन किया। इस दौरान आतिशबाजी की गई और 'आओ हमारे साथ चलो' के नारे पूरे क्षेत्र में गूंजते रहे। इसके साथ ही 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद', 'सुखविंद्र सिंह सुक्खू जिंदाबाद', 'विनय कुमार जिंदाबाद', 'राहुल गांधी जिंदाबाद' और 'सोनिया गांधी जिंदाबाद' के नारों से माहौल राजनीतिक रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में पूर्व पंचायत प्रधानों, नगर निगम पार्षदों सहित बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने भागीदारी निभाई। आयोजन ने जनआंदोलन का रूप ले लिया, जिससे क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज होने के संकेत मिले।अपने संबोधन में दीपक शर्मा ने कहा कि उन्हें मिला जनसमर्थन उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने कहा कि यह भीड़ नहीं, बल्कि उनका परिवार है, जो उनके संघर्ष का साथी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे राजनीति में पद के लिए नहीं, बल्कि जनता की आवाज बनने और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि नेता किसी विशेष परिवार में पैदा नहीं होते, बल्कि जनता उन्हें बनाती है। उन्होंने लोगों से विश्वास और साथ देने का आह्वान करते हुए कहा कि मिलकर सदर की राजनीति की दिशा बदली जा सकती है। यह केवल शुरुआत है और आगे एक नई लड़ाई और नए बदलाव का दौर शुरू होगा। दीपक शर्मा ने प्रदेश सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा के सिद्धांतों पर चलते हुए सरकार ने जनता का विश्वास मजबूत किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उठाए गए कदम प्रदेश को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करें। साथ ही अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी निभाएंगे। अंत में उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ इस बात का संकेत है कि सदर विधानसभा क्षेत्र में नए नेतृत्व और बदलाव की लहर शुरू हो चुकी है।


शंखनाद करते हुए दीपक शर्मा और कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। अनंत ज्ञान

# 8 साल के लंबे इंतजार के बाद 32 में से सिर्फ 6 दुकानदारों को ही मिला रोजगार

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** उपमंडल के तहसील मुख्यालय औट में विस्थापित दुकानदारों के पुनर्वास की प्रक्रिया आखिरकार शुरू तो हुई, लेकिन इसने राहत से ज्यादा सवाल और आक्रोश पैदा कर दिया है। शनिवार को एसडीएम बाली चौकी, विचित्र सिंह द्वारा लकी ड्रॉ के माध्यम से बचत समिति द्वारा नवनिर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स की 6 दुकानों का आवंटन किया गया। हालांकि, प्रशासन की इस कछुआ चाल और अधूरी प्लानिंग से स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष है।

बता दें कि वर्ष 1992 में जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों को स्वरोजगार देने के लिए औट में 32 दुकानों का निर्माण किया था। देखते ही देखते यह 'केशव माधव मार्केट' के नाम से प्रसिद्ध हो गई। यहां बिकने वाले स्थानीय ड्राई फ्रूट्स और किसानों के ऑर्गेनिक उत्पाद पर्यटकों की पहली पसंद थे। 32 परिवारों की रोजी-रोटी इसी मार्केट से चलती थी, लेकिन, 2018 में NHAI के एक अचानक आए फरमान ने इन दुकानदारों की दुनिया उजाड़ दी। इन दुकानों को अवैध घोषित कर मात्र एक महीने के भीतर जमींदोज कर दिया गया। रातों-रात 32 दुकानदार सड़कों पर आ गए। कई दुकानदारों ने बैंकों से लोन ले रखे थे, जो इस कार्रवाई के बाद कर्ज के जाल में फंस गए।

### 32 विस्थापित, बनीं सिर्फ 18 दुकानें

**प्रशासन** ने उस समय जल्द नई दुकानें बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन इस वादे को आधा-अधूरा पूरा करने में भी 8 साल का लंबा समय लग गया। पहले 32 दुकानें एक कतार में थीं, लेकिन अब नया कॉम्प्लेक्स तीन मंजिला बनाया गया है। हैरानी की बात यह है कि विस्थापित दुकानदार 32 थे, जबकि प्रशासन ने केवल 18 दुकानों का निर्माण किया है। इन दुकानों का किराया 5,700 रुपए तय किया गया है, जिसे लेकर भी व्यापारियों में चिंता है। शनिवार को केवल सड़क के साथ लगती 6 दुकानों का ही आवंटन हुआ है। शेष 12 दुकानों के आवंटन की तिथि अभी तय नहीं है। सबसे बड़ा सवाल उन 14 दुकानदारों का है जिनके लिए इस नए परिसर में जगह ही नहीं है। इस अवसर पर स्थानीय दुकानदार सुरेश गुप्ता, रोशन लाल, परवीन, हेमराज वर्मा, अमर सिंह, रवि शर्मा, दिनेश कुमार, दौलत राम, इंदर सिंह, लुदरमणि, और सतीश कुमार आदि ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द शेष 14 दुकानों का निर्माण करें।

### बाकी दुकानों का जल्द होगा आवंटन : एसडीएम

**एसडीएम** बालीचौकी विचित्र सिंह ने कहा कि शेष 12 दुकानों का आवंटन भी जल्द किया जाएगा। वहीं, जो 14 दुकानदार शेष रह जाएंगे, उनके लिए उपयुक्त स्थान तलाश कर नई दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी बालीचौकी बवनेश चड्ढा, पूर्व प्रधान औट भूषण कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### परिचालक पर जानलेवा हमला बर्दाश्त नहीं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जय महावीर निजी बस चालक व परिचालक यूनियन, घुमारवीं ने अपने एक साथी परिचालक के साथ हुई मारपीट की घटना पर कड़ा विरोध जताया है। यूनियन ने इस घटना को अमानवीय व शर्मनाक बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि दो महिलाओं द्वारा सार्वजनिक रूप से परिचालक के साथ की गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो न केवल निंदनीय है, बल्कि बस कर्मियों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि संबंधित परिचालक पिछले 25 वर्षों से विभाग व जनता की सेवा कर रहा है तथा उसकी छवि हमेशा साफ रही है। यूनियन ने स्पष्ट किया कि यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे संगठन के सम्मान व सुरक्षा पर सीधा आघात है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में दर्ज एफआईआर को केवल औपचारिकता न बनाया जाए, बल्कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा दी जाए। यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि बस कर्मियों के साथ आए दिन हो रही बदसलूकी व मारपीट अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बस स्टैंड पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए व अराजक तत्वों पर सख्ती से नकेल कसी जाए, ताकि कर्मचारियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। यूनियन ने यह भी कहा कि वे जल्द ही उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को अपना मांग पत्र सौंपेंगे यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो यूनियन चक्का जाम सहित उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।

### विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर नवाजा

**अनंत ज्ञान, ऊना/अंबाला।** उत्तर रेलवे मंडलीय चिकित्सालय, अंबाला में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एक फ्लेमलेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बिना आग के विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन तैयार किए। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन अपर मंडल रेल प्रबंधक, अंबाला, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अंबाला एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अंबाला द्वारा किया गया। सभी अधिकारियों ने व्यंजनों के स्वाद, प्रस्तुति एवं पोषण मूल्य के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ व उपस्थित सभी लोगों ने इसकी सराहना की।

### पंडोगा रैगिंग मामले पर एबीवीपी का सख्त रुख

**अनंत ज्ञान, पंडोगा।** पंडोगा स्थित केसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में रैगिंग व छात्र से मारपीट के मामले पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ा रुख अपनाया है। परिषद ने घटना की निंदा करते हुए इसे शिक्षा के मूल्यों के खिलाफ बताया। जानकारी के अनुसार हॉस्टल में एक छात्र के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। संस्थान द्वारा आरोपी को निष्कासित करने व पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने को सकारात्मक कदम बताया गया, लेकिन परिषद ने निष्पक्ष व समयबद्ध जांच की मांग की है। परिषद ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई, एंटी-रैगिंग नियमों के सख्त पालन और पीड़ित छात्र को हर संभव सहायता देने की मांग की है।

### 25 से अधिक लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** घुमारवीं उपमंडल के बरठीं क्षेत्र के साथ स्थित ग्राम पंचायत कोटलू ब्राह्मणा में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा द्वारा एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में खबर लिखे जाने तक लगभग 25 से अधिक स्थानीय निवासियों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसमें आम लोगों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श व जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। डॉक्टर देवांश ने बताया, 'आज हम कोटलू ब्राह्मणा में स्वास्थ्य शिविर लगा रहे हैं। अभी तक करीब 25 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई है। यह शिविर दोपहर 3 बजे तक चलेगा। हमारा प्रयास है कि दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को घर के नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों।'

### बिलासपुर के अध्यक्ष बनने पर मस्तराम ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस पार्टी के सदर ब्लॉक बिलासपुर के अध्यक्ष बनाए जाने पर मस्तराम वर्मा ने प्रदेश नेतृत्व सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। मस्तराम वर्मा ने धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे व कांग्रेस पार्टी की नीतियों व विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन में कार्य करते हुए सभी साथियों के सहयोग से पार्टी को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा व आने वाले समय में कांग्रेस को और मजबूती मिले, इसके लिए पूरी टीम भावना के साथ काम किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी समर्थकों और शुभचिंतकों का भी आभार प्रकट किया।

### जब्त वस्तुओं की सार्वजनिक नीलामी 27 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वजन व माप विभाग सर्कल, ऊना द्वारा रखी गई जब्त वस्तुओं की सार्वजनिक नीलामी 27 अप्रैल को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। यह नीलामी वजन व माप विभाग सर्कल, ऊना के निरीक्षक कार्यालय में संपन्न होगी। विभाग के निरीक्षक राहुल सेठी ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी व नियमानुसार संपन्न करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता 24 अप्रैल को कार्यालय समय के दौरान नीलामी के लिए रखी गई वस्तुओं का निरीक्षण कर सकते हैं। उन्होंने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने का आग्रह किया है।

### टीकाकरण व संतुलित भोजन के महत्व पर जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ग्राम पंचायत चडतगढ़ में समेकित बाल विकास परियोजना ऊना द्वारा पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यवेक्षक नानकी देवी ने की। इसमें महिलाओं, बच्चों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा 2026 का विषय 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना' है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक 1,000 दिन बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। शिविर में मातृ व शिशु पोषण, स्तनपान, पूरक आहार, टीकाकरण और संतुलित भोजन के महत्व पर जानकारी दी गई। साथ ही आयरन, कैल्शियम युक्त आहार अपनाने और कुपोषण से बचाव पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में योग और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक किया गया।

### पशु मित्र भर्ती की शारीरिक परीक्षा 21 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल गगरेट के अंतर्गत पशु मित्र भर्ती प्रक्रिया की शारीरिक परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उपनिदेशक वीरेंद्र सिंह पटियाल ने बताया कि परीक्षा 21 अप्रैल को सुबह 9 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अंबोटा के खेल मैदान में होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा का आयोजन एसडीएम गगरेट की अध्यक्षता में पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। पुरुष अभ्यर्थियों के लिए 5000 मीटर और महिला अभ्यर्थियों के लिए 1500 मीटर दौड़ निर्धारित की गई है। प्रशासन द्वारा ट्रैक मार्किंग, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं। उप निदेशक ने अभ्यर्थियों से समय पर पहुंचने और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की है, ताकि चयन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### जिप चुनाव: वार्ड-40 से डॉ. केशव भाजपा प्रत्याशी घोषित

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर।** आगामी जिला परिषद चुनावों को लेकर जसवां-परागपुर भाजपा ने अपनी रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। चिंतपूर्णी में विधायक व पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वार्ड संख्या-40 (परागपुर) से डॉ. केशव रत्न को पार्टी प्रत्याशी घोषित किया गया। बैठक के दौरान भाजपा नेता संजीव शर्मा ने डॉ. केशव रत्न के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। इस मौके पर विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। पार्टी पदाधिकारियों का मानना है कि डॉ. केशव रत्न की साफ-सुथरी छवि व क्षेत्र में मजबूत पकड़ उन्हें एक सशक्त उम्मीदवार बनाती है। बैठक का समापन 'जय भाजपा-तय भाजपा' के नारों के साथ हुआ।

### तनाव प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय स्थित स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। 'स्कूली बच्चों में मानसिक दृढ़ता व अच्छा स्वास्थ्य' विषय पर प्रशिक्षकों स्नेह लता और राकेश कुमार ने शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और भावनात्मक संतुलन पर प्रशिक्षण दिया। प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा ने कार्यक्रम का स्वागत किया। प्रशिक्षण में सकारात्मक संवाद और सहयोगात्मक वातावरण के महत्व पर जोर दिया गया। शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की और कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक बताया।

---

### घुमारवीं सिविल अस्पताल को मिले नए चिकित्सा उपकरण, नई एंबुलेंस को मिली हरी झंडी

# ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतरीन चिकित्सा मुहैया करवाना सरकार की प्राथमिकता : धर्माणी

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक व औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने नागरिक चिकित्सालय घुमारवीं में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न अत्याधुनिक मशीनरी व उपकरणों का लोकार्पण किया, जिनमें एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन, अल्ट्रासाउंड (यूएसजी) मशीन, मल्टीपारा मॉनिटर तथा लेप्रोस्कोपिक उपकरण शामिल हैं।

इन सभी आधुनिक मशीनों व उपकरणों तथा एंबुलेंस की अनुमानित लागत लगभग 2 करोड़ 15 लाख रुपए है। यह उपकरण एचडीएफसी बैंक के माध्यम से 'सीएसआर फंड' के अंतर्गत डॉक्टर फॉर यू एनजीओ के माध्यम से उपलब्ध कराए गए हैं। इस मौके पर उन्होंने एक नई वातानुकुलित एंबुलेंस वाहन को भी हरी झंडी दिखाई। यह एंबुलेंस वाहन कोटक महेंद्रा बैंक के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई है। इन



नई सुविधाओं के जुड़ने से नागरिक चिकित्सालय घुमारवीं में उपचार की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित होगा। धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी बेहतर व आधुनिक स्वास्थ्य व वं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि घुमारवीं सिविल अस्पताल में इन नवीन उपकरणों के स्थापित होने से अब मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही त्वरित व बेहतर स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पहले पुराने उपकरणों के माध्यम से चिकित्सक ऑपरेशन कर रहे थे, जिसमें कई तरह के जोखिम रहते थे, लेकिन अब अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध हो जाने से जहां चिकित्सक कम समय में अधिक ऑपरेशन कर पाएंगे, तो वहीं मरीजों को भी बेहतर व तुरंत चिकित्सा उपचार की सुविधा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि अब घुमारवीं सिविल अस्पताल में पथरी, हर्निया, अल्सर, स्त्री रोग से संबंधित ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध होगी तथा चिकित्सक ज्यादा सुरक्षित तरीके से ऑपरेशन करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि आधुनिक तकनीक से लैस उपकरणों और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्थापित की गई सभी मशीनें अत्याधुनिक तकनीक से युक्त व पूर्णत: स्वचालित हैं, जिससे मरीजों को अब बड़े अस्पतालों की ओर जाने की आवश्यकता काफी हद तक कम होगी व लोगों को घर-द्वार ही बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को लाभ सुनिश्चित होगा। उन्होंने सिविल अस्पताल घुमारवीं को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण तथा एंबुलेस वाहन उपलब्ध करवाने के लिए एचडीएफसी तथा कोटक महेंद्रा बैंक का आभार जताया। इस मौके पर खंड चिकित्सा अधिकारी घुमारवीं डॉ. अनुपमा शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा आश्वासन दिया कि इन सभी सुविधाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम गौरव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

## पंजाब के लोगों से एंट्री टैक्स के जरिए रोजाना सवा करोड़ की वसूली का आरोप

अनंत ज्ञान



**ऊना/नंगल।** हिमाचल प्रदेश में लागू एंट्री टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी मुद्दे पर नंगल में संघर्ष समिति द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेताओं ने हिमाचल सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पंजाब के लोगों से रोजाना करीब 1.25 करोड़ रुपए की वसूली की जा रही है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान समिति के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि हिमाचल सरकार ने हाईकोर्ट में दाखिल अपने जवाब में तथ्यों को स्पष्ट करने के बजाय भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की है। उनका कहना था कि 1975 के टोल एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए एंट्री टैक्स वसूला जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। समिति के कन्वीनर गौरव राणा, एडवोकेट उतांश मोंगा व किसान नेता सेठी शर्मा ने कहा कि एक ही नेशनल हाईवे पर दोहरी वसूली जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार स्पष्ट जवाब देने से बच रही है, जिससे आम जनता व न्यायालय दोनों को गुमराह किया जा रहा है। नेताओं ने बताया कि इस संबंध में पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस के माध्यम से परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा व संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक हो चुकी है। बैठक में हिमाचल के जवाब में पंजाब में रेसिप्रोकल टैक्स लागू करने पर विचार भी किया गया, लेकिन पांच दिन बीतने के बाद भी कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आया है।

समिति ने मांग की कि पंजाब सरकार जल्द अपनी स्थिति स्पष्ट करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि देरी जारी रही, तो सरकार को भी विरोध का सामना करना पड़ेगा। नेताओं ने कहा कि रूपनगर, मोहाली व पठानकोट सहित सीमावर्ती जिलों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान टैक्सी यूनियन के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि एंट्री टैक्स के अलावा 300 से 800 रुपए तक की अतिरिक्त वसूली भी की जा रही है, जो ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट नियमों का उल्लंघन है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि अप्रैल माह के अंत तक एंट्री टैक्स वापस नहीं लिया गया, तो 1 मई से विभिन्न एंट्री प्वाइंट्स पर धरने-प्रदर्शन शुरू किए जाएंगे व हिमाचल जाने वाले मार्गों को बंद किया जाएगा।

---

## एससीडीपी के तहत तीन वर्षों में 188 करोड़ रुपए व्यय : कुलदीप धीमान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग द्वारा बचत भवन, बिलासपुर में एससीडीपी के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने की। बैठक के दौरान धीमान ने कहा कि जिला बिलासपुर में पिछले तीन वर्षों में एससीडीपी के तहत कुल 188 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में 73.13 करोड़, 2024-25 में 71.24 करोड़ तथा 2025-26 में 43.77 करोड़ रुपए खर्च किए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के प्रावधानों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित की जाए, ताकि अनुसूचित जाति वर्ग का कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि समीक्षा के दौरान कई कमियां सामने आई हैं, जिन्हें समयबद्ध दूर करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि आयोग द्वारा भेजी गई शिकायतों पर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। धीमान ने बताया कि जिले में 48,157 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है, जिनमें 13,771 लाभार्थी अनुसूचित जाति वर्ग से हैं, और इस पर लगभग 157 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। इसके अतिरिक्त स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत 2.58 करोड़ तथा अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 3.45 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में प्रोत्साहन राशि 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दी गई है। बैठक में इको पार्क के दुरुपयोग का मामला भी उठा, जिस पर उन्होंने पुलिस प्रशासन को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त हिमाचल के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने आयोग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी निर्देशों की समयबद्ध अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी।

---

## महिला विधेयक पर कांग्रेस का चेहरा हुआ बेनकाब : जय दत्ता

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिव सेना शिंदे के हिमाचल प्रदेश के कार्यवाहक राज्य प्रमुख जय दत्ता ने कहा कि महिला विधेयक पर कांग्रेस पार्टी का चेहरा बेनकाब हुआ है, जिससे साफ हो गया है कि मातृ शक्ति के प्रति उनकी क्या सोच है, जब महिला विधेयक पर बिल पास करने की बारी आई, तब उन्होंने महिलाओं के प्रति अपनी नकारात्मक सोच दिखा दी और उस बिल के विपक्ष में वोट की। जय दत्ता ने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी के पास महिलाओ से वोट मांगने का अधिकार ही खत्म हो गया है, क्योंकि उन्होंने महिलाओं को राजनीती में आगे बढ़ने में कोई योगदान न देने की सोच उजागर कर दी है। इससे साफ है कि कांग्रेस पार्टी महिला विरोधी है, अगर महिला विरोधी न होती, तो अपना पक्ष साफ करती व महिला विधेयक को पास करवाने में अपनी भूमिका निभाती।

---

## राजनीतिक स्वार्थ के चलते महिला आरक्षण विधेयक अटका : रोशन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व विभिन्न संगठनों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके रोशन ठाकुर ने नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर विपक्ष की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं।



उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विपक्ष का रवैया निराशाजनक रहा है। रोशन ने कहा कि यह विधेयक देश की महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल था, जिससे उन्हें निर्णय प्रक्रिया में अधिक भागीदारी मिल सकती थी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विधेयकों का समर्थन सभी दलों को मिलकर करना चाहिए था, लेकिन विपक्ष ने अपेक्षित सहयोग नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर सकारात्मक भूमिका निभाने के बजाय राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता दी, जिसके चलते यह महत्वपूर्ण विधेयक पारित नहीं हो सका। ठाकुर ने कहा कि यह स्थिति देश की आधी आबादी की आकांक्षाओं के साथ न्याय नहीं करती। रोशन ने कहा कि भाजपा हमेशा से महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है और भविष्य में भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस विधेयक को पुनः प्रभावी रूप से प्रस्तुत कर जल्द पारित कराने के प्रयास किए जाएं, ताकि महिलाओं को उनका अधिकार और सशक्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।

### विधेयक पर विपक्ष की भूमिका पर सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक का पारित न हो पाना अत्यंत खेदजनक एवं चिंताजनक है। यह विधेयक महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता था। उन्होंने कहा कि यह विधेयक महिलाओं की निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लाया गया था। कृष्ण लाल चंदेल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल इस महत्वपूर्ण विषय पर सकारात्मक सहयोग देने में विफल रहे, जिस कारण यह विधेयक पारित नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर इस प्रकार का रवैया विपक्ष की सोच पर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों व सम्मान से जुड़े विषय पर राजनीतिक स्वार्थ हावी होना दुर्भाग्यपूर्ण है व यह देश की आधी आबादी की अपेक्षाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा नारी सम्मान, सुरक्षा व सशक्तिकरण के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है व इस दिशा में निरंतर कार्य करती रहेगी। अंत में उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस विधेयक को पुनः प्रभावी रूप से प्रस्तुत कर जल्द पारित कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि महिलाओं को उनका अधिकार और सशक्त प्रतिनिधित्व मिल सके।



---

### वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन

## एकल नृत्य प्रतियोगिता में नन्हे छात्रों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

अनंत ज्ञान

**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल को विकसित करने के लिए कक्षा पहली से चौथी तक के छात्रों के लिए 'एकल नृत्य प्रतियोगिता' व कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के छात्रों के लिए 'बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट गतिविधि' का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में नन्हे विद्यार्थियों ने पारंपरिक, फिल्मी व लोकगीत गानों पर रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति में आत्मविश्वास, ऊर्जा और उत्साह देखने योग्य था। 'स्ट्रॉबेरी ग्रुप' (कक्षा प्रथम) से अर्शिता प्रथम, सारा, अनन्या ठाकुर द्वितीय तथा वेदिका शर्मा, शिवांशी शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से अभिधा रावल, लवदीप सिंह प्रथम, मन्नत, गुरलीन कौर द्वितीय तथा मनरूप कौर तृतीय स्थान पर रहे। 'एप्पल ग्रुप' ( कक्षा तीसरी) से विधि



चौधरी प्रथम, निहारिका द्वितीय तथा जपनूर सैनी, सानवीं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से नैऋति प्रथम, प्रीशा शर्मा द्वितीय तथा शिवांश, अक्षिता तृतीय स्थान पर रहे। 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे अनुपयोगी वस्तुओं से नई और उपयोगी सामग्री तैयार कर सकें। इससे छात्रों को रीसाइकलिंग, पुनः उपयोग व पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक बनाना, जिससे वे संसाधनों के सही उपयोग की आदत विकसित करें। 'ऑरेंज ग्रुप' से धवन प्रीत सिंह प्रथम, अवनी, मन्नत द्वितीय तथा मालती, परिधि तृतीय स्थान पर रहे। 'मैंगो ग्रुप' से इशिका, कनिष्का प्रथम, अनेघा, निष्ठा द्वितीय तथा मयंक, अर्णव पटियाल तृतीय स्थान पर रहे। 'मेलन ग्रुप' से साक्षी प्रथम, मन्नत, श्रेया सैनी द्वितीय तथा पलक अहूजा तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर छात्र अपनी रुचि व प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़े। यह आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को मंच पर लाने का अवसर प्रदान करते हैं व उन्हें आत्मविश्वास से भरते हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सहायक होती हैं। एकल नृत्य से बच्चों की आत्म अभिव्यक्ति को बल मिलता है तथा बेस्ट ऑफ वेस्ट गतिविधि विद्यार्थियों में समस्या-समाधान क्षमता, आत्मनिर्भरता व आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक है।

---

## फोरलेन से बिलासपुर का स्थानीय व्यापार प्रभावित : आशीष ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमकोफेड निदेशक मंडल के सदस्य आशीष ठाकुर ने पत्रकार वार्ता के दौरान बिलासपुर के स्थानीय व्यापार व विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।



उन्होंने कहा कि फोरलेन निर्माण के बाद जहां एक ओर यातायात सुगम हुआ है। वहीं, दूसरी ओर स्थानीय छोटे व्यापारियों पर इसका नकारात्मक असर भी साफ देखने को मिल रहा है। आशीष ने बताया कि फोरलेन बनने के बाद पुराने मार्गों पर आवाजाही कम हो गई है, जिससे ढाबा संचालक, टायर पंचर लगाने वाले, छोटे मैकेनिक व चाय विक्रेताओं का काम बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि ये छोटे कारोबारी स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन आज वे खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। एम्स बिलासपुर को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए। उनका कहना था कि इतना बड़ा संस्थान होने के बावजूद जिले के आम व्यापार व रोजगार को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि बिलासपुर में ऐसे बड़े संस्थान स्थापित किए जाएं, जिनसे स्थानीय लोगों को सीधे तौर पर रोजगार और व्यापार के अवसर मिल सकें।

इस दौरान आशीष ठाकुर ने पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही कहलूर खेल परिसर का विकास संभव हो पाया है। उन्होंने सुझाव दिया कि बिलासपुर में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की जानी चाहिए, जिससे युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं और अवसर मिल सकें। उन्होंने बताया कि इन सभी मांगों और मुद्दों को लेकर वे जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे, ताकि बिलासपुर के समग्र विकास को नई दिशा मिल सके।

---

## कांग्रेस ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपनी सोच व नीयत को उजागर किया: गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इस बिल का विरोध कर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपनी नीयत उजागर कर दी है। गर्ग के अनुसार यह विधेयक महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम था, लेकिन कांग्रेस ने इसका समर्थन नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर गंभीर नहीं है और उसके इस रुख से महिलाओं के अधिकारों को नुकसान पहुंचा है। गर्ग ने कहा कि महिलाएं अब जागरूक हैं और समय आने पर इसका जवाब देंगी। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि 18 से 59 वर्ष की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ।

---

### सुविधा — जल शक्ति विभाग की योजनाओं से हरोली क्षेत्र में सिंचाई व कृषि को मिली नई मजबूती

# मुकेश अग्निहोत्री ने करोड़ों की पेयजल योजनाएं की लोकार्पित

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को ऊना जिले के हरोली व कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्रों में जल शक्ति विभाग की लगभग 13.50 करोड़ रुपए की 8 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

उपमुख्यमंत्री ने हरोली विस में नलकूप आधारित 2.66 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना दुलैहड़, 1.04 करोड़ की उठाऊ सिंचाई योजना पोलियां (झोल माजरा), 1.95 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना हलेड़ा, बिलना, बाड़ेवाल, लूथडे एवं धुग्गे, 1.08 करोड़ की उठाऊ सिंचाई योजना बट्ट कलां, 1.06 करोड़ की उठाऊ सिंचाई योजना पालकवाह, 1.01 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना निचला बढेड़ा और 1.28 करोड़ रुपए की उठाऊ सिंचाई योजना खड्ड (मोहल्ला डाडियां) का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं के माध्यम से जहां एक ओर लगभग 7 हजार लोगों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं, करीब 112 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचाई सुविधा के दायरे में आएगा, जिससे कृषि गतिविधियों को भी नई मजबूती मिलेगी। उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य



उपमुख्यमंत्री चमियाड़ी-सिहाणा पेयजल योजना का लोकार्पण करते हुए। अनंत ज्ञान

सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा जल शक्ति विभाग के माध्यम से 'हर घर जल' और किसानों के लिए पर्याप्त सिंचाई सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि ऊना जिले में वर्तमान में लगभग 1000 करोड़ रुपए की पेयजल और सिंचाई परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

इनमें करीब 550-600 करोड़ रुपए के पेयजल तथा 350-400 करोड़ रुपए के सिंचाई कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भभौर साहिब से पोलियां बीत तक 175 करोड़ रुपए की नई पेयजल योजना को भी तेजी से आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में बीत क्षेत्र समेत विभिन्न स्थानों पर जलशक्ति विभाग करीब 10 प्याऊ स्थापित करेगा। उन्होंने पुराने समय की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले लोग स्वयं राहगीरों की सुविधा के लिए प्याऊ लगाते थे और आशीर्वाद पाते थे, अब विभाग इस जिम्मेदारी को निभाएगा, ताकि आमजन को सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए प्रथम चरण में 1 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई गई गए है। बीत सिंचाई योजना के पहले चरण में 44 करोड़ से विकसित सिंचाई सुविधा से यहां बदलाव की शुरुआत हुई और अब बीत सिंचाई योजना के दूसरे चरण में 75 करोड़ से 28 गांवों को उन्नत सिंचाई सुविधाएं देने का काम किया जा रहा है। खेतों तक पानी पहुंचने से खीरा, मटर, आलू, गोभी और करेला जैसी नकदी फसलें बड़े पैमाने पर उगाई जा रही हैं। कभी बंजर कही जाने वाली जमीन अब किसानों की आमदनी का मजबूत आधार बनती दिख रही है। उन्होंने कहा कि प्राचीन टोबे-तालाबों का करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा कायाकल्प इस बदलाव को संतुलन भी दे रहा है। हमारे पूर्वजों ने दूरदर्शिता के साथ इनका निर्माण किया था ताकि पानी जमीन में जाए व भूमि रिचार्ज हो। हम इन तालाबों को जल संरक्षण और पर्यावरण के मजबूत सहारे के रूप में फिर से जीवंत करने के साथ इन्हें सुंदर बनाने और पर्यटन से भी जोड़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पूबोवाल में 2 करोड़ से तालाब का कायाकल्प किया गया है। कार्यक्रम में विधायक विवेक शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रणजीत राणा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष देशराज गौतम, हरोली कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप अग्निहोत्री, कुटलैहड़ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष विवेक मिंका, सुभद्रा चौधरी सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी, उपयुक्त जतिन लाल आदि मौजूद रहे।

---

## झंडूता में सड़कों के सुधार को मिली रफ्तार, 85 लाख रुपए की स्वीकृति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के झंडूता उपमंडल में सड़कों के सुधारीकरण को लेकर बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है।



लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़कों के कारण लोगों को हो रही परेशानियों के बीच अब सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विभिन्न मार्गों के लिए लाखों रुपए की राशि स्वीकृत की है। बरठीं सिविल अस्पताल को जाने वाली सड़क, जो वर्षों से खराब हालत में थी, अब सुधारी जाएगी। इस सड़क की खराब स्थिति के चलते मरीजों व स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सड़क पिछले करीब 10 वर्षों से उपेक्षित रही थी व इस पर कोई ठोस बजट खर्च नहीं किया गया था। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है, जिसमें से 12 लाख रुपए बरठीं अस्पताल मार्ग के सुधार पर खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा दोकडू से नेरी सड़क के लिए भी 12 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। वहीं, बागड़ा से गुग्गा रोड के लिए अलग से बजट जारी किया गया है।

विवेक कुमार ने बताया कि कुल मिलाकर करीब 85 लाख रुपए की राशि विभिन्न सड़कों के विकास के लिए स्वीकृत की गई है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा व लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए झंडूता क्षेत्र की जनता को बधाई दी है।

## मजदूरों की छंटनी व किसानों पर सख्ती से त्रस्त है लाहौल-स्पीति : रवि ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक और भाजपा नेता रवि ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

उन्होंने सरकार पर जनजातीय विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा शासन में लाहौल-स्पीति की जनता खुद को असहाय और ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्पीति उपमंडल में लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग में मस्टररोल पर तैनात सैकड़ों स्थानीय मजदूरों को बिना किसी पूर्व सूचना के काम से निकाल दिया गया है। सैकड़ों परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। सरकार इन मजदूरों को तुरंत काम पर वापस ले।लाहौल क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए रवि ठाकुर ने कहा कि खेतों में काम के दौरान खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले एलपीजी सिलेंडर पर भी प्रशासन चालान काट रहा है। भाजपा नेता ने बजट की कमी के बहाने किसानों और बागवानों को दी जाने वाली सब्सिडी रोकने पर भी गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कृषि और बागवानी लाहुल-स्पीति की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।



सब्सिडी बंद होने से खाद, बीज और उपकरणों की लागत बढ़ गई है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी रवि ठाकुर ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इन फैसलों की समीक्षा नहीं की और छंटनी किए गए मजदूरों व किसानों को राहत नहीं दी, तो आने वाले समय में जन-आक्रोश और बढ़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जनजातीय क्षेत्रों की कठिन परिस्थितियों को देखते हुए विशेष राहत पैकेज और उदार नीतियां अपनाई जाएं। उन्होंने कहा है कि ग्रामीण जीवन की जमीनी हकीकत को समझे बिना ऐसे अव्यवहारिक फैसले लेना आम जनता पर अनावश्यक दबाव बनाना है।

# नेहरू पार्क में कचरा केंद्र का विरोध

## डीसी से हस्तक्षेप की मांग, नेहरू पार्क का मूल स्वरूप बचाने की गुहार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** ऐतिहासिक नेहरू पार्क सरवरी के अस्तित्व पर मंडराते खतरों को लेकर स्थानीय जनता व वरिष्ठ नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा है।

सीनियर सिटीजन काउंसिल कुल्लू के एक प्रतिनिधिमंडल ने पार्क परिसर में प्रस्तावित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) साइट के निर्माण के खिलाफ डीसी कुल्लू को ज्ञापन सौंपा व इस प्रक्रिया को तुरंत रोकने की मांग की। नगर परिषद द्वारा 13 अप्रैल को एक शॉर्ट टर्म नोटिस जारी किया गया है, जिसके तहत 20 अप्रैल से पार्क के भीतर एमआरएफ साइट स्थापित करने का काम शुरू होना है। काउंसिल का तर्क है कि यह कदम न केवल जनविरोधी है, बल्कि प्रशासन के पुराने आदेशों की अवहेलना भी है। आरोप है कि नगर परिषद ने पहले ही यहां रेत, बजरी व पत्थर फेंककर व मोबाइल टॉयलेट खड़े करके पार्क को एक 'डंपिंग यार्ड' बना दिया है। शहर के बीचों-बीच स्थित इस इकलौते पार्क के खराब होने से वरिष्ठ नागरिकों के बैठने व बच्चों के खेलने की जगह छिन रही है। नेहरू पार्क बुजुर्गों और बच्चों के लिए सुकून का केंद्र है। इसे कचरा प्रबंधन केंद्र में बदलना पूरी तरह से अनुचित है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि इस प्रोजेक्ट को तुरंत रद्द कर किसी वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। काउंसिल ने चेतावनी दी है कि यदि 20 अप्रैल की प्रक्रिया को नहीं रोका गया व पार्क की गरिमा बहाल नहीं की गई, तो वे अपने आंदोलन को और उग्र करेंगे। फिलहाल, अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं कि क्या वे जनभावनाओं का सम्मान करते हुए नगर परिषद के फैसले पर रोक लगाते हैं या नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बदहाली की शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय तक भी की जा चुकी है, लेकिन धरातल पर नगर परिषद की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं दिखा। इस मौके पर काउंसिल के अध्यक्ष कमल भारद्वाज सहित अन्य पदाधिकारी घनश्याम सूद व वेद सूद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वर्ष 2019 में तत्कालीन उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि पार्क के मूल स्वरूप से कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। वर्तमान योजना इन निर्देशों के ठीक उलट है।



सीनियर सिटीजन काउंसिल के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

### प्रस्तावित एमआरएफ साइट को रद्द किया जाए

**वरिष्ठ** नागरिक घनश्याम सूद व वेद सूद ने बताया कि नगर परिषद द्वारा 20 अप्रैल से नेहरू पार्क परिसर में एमआरएफ साइट स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करने की योजना बनाई गई है, जिसे उन्होंने पूरी तरह अनुचित करार दिया। उनका कहना है कि यह निर्णय वर्ष 2019 में उपायुक्त द्वारा दिए गए उन स्पष्ट निर्देशों के विपरीत है, जिनमें पार्क की स्थिति में किसी भी प्रकार का बदलाव न करने की बात कही गई थी। घनश्याम सूद व महिमन चंद्र ने आरोप लगाया कि नगर परिषद ने इन निर्देशों की अनदेखी करते हुए पार्क परिसर में रेत, बजरी और पत्थर डाल दिए हैं, जिससे पार्क का स्वरूप प्रभावित हुआ है। इसके अलावा वहां मोबाइल टॉयलेट भी स्थापित कर दिए गए हैं, जिससे पार्क की सुंदरता खराब होकर वह डंपिंग साइट जैसा नजर आने लगा है। काउंसिल ने मांग की है कि प्रस्तावित एमआरएफ साइट को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए। काउंसिल ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जलद सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

## ब्यास नदी में हो रहे प्रदूषण व वेस्ट मैनेजमेंट पर त्वरित कार्रवाई के आदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** सहायक आयुक्त जयबंती ठाकुर की अध्यक्षता में कुल्लू-मनाली एयरपोर्ट से संबंधित द्विमासिक बैठक में सुरक्षा आदि संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में जानकारी दी गई कि हवाई अड्डा सुरक्षा व खतरों से बचाव के लिए हवाई अड्डा से 10 किलोमीटर की परिधि में पक्षी गतिविधियों से मुक्त होना चाहिए। एयरपोर्ट एनवायरमेंट कमेटी के अंतर्गत आवश्यक प्रावधानों को लागू करते हुए बताया गया कि कूड़ा- कचरा पक्षियों को आकर्षित करता है, अत: इसकी उच्च प्राथमिकता के आधार पर नियमित स्वच्छता सुनिश्चित होनी चाहिए। प्रवासियों द्वारा शाढ़ाबाई में झुग्गी बनाकर ब्यास नदी में हो रहा प्रदूषण पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।

छोटा भूईन में हवाई अड्डा के समानांतर सड़क के साथ ब्यास में कूड़ा फेंकने की समस्या पर भी चर्चा हुई। इसके लिए फेंसिंग की आवश्यकता जताई गई। एपीएमसी भुंतर द्वारा सब्जी मंडी में स्थापित वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को क्रियाशील करने के लिए उचित पग उठाने के लिए निर्देश दिया गया। सहायक आयुक्त ने बैठक में चर्चा में आए सभी प्रमुख मुद्दों पर हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश जारी किए। बैठक में एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



सहायक आयुक्त जयबंती ठाकुर अधिकारियों से चर्चा करती हुई। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### हाथीथान सहित आसपास के क्षेत्रों में कल बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल, एचपीएसईबीलि भुंतर ने जानकारी दी कि 11 केवी शाट व हाथीथान फीड़र में एचटी केबल के मरम्मत कार्य के लिए इसके अंतर्गत आने वाले गांव हाथीथान, जिया, पारला भुंतर, शाट, छन्नीकोड, बड़ा भूईन, छरौड़ मला, नरोगी, जच्छनी, भ्रेण, बिजली महादेव, जलुग्रां, बड़ा भूईन व आसपास के इलाके में 20 अप्रैल को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### मुख्यातिथि छविंद्र ठाकुर ने बांटे पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, मनाली।** शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला मनाली के सभागार में हिमालय पर्यावरण व वन्य प्राणी सुरक्षा समिति द्वारा अपना वार्षिक एक्सीलेंस अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एडवोकेट छविंद्र ठाकुर ने विभिन्न साहसिक, पर्यावरण, सांस्कृतिक दलों को पुरस्कार भी वितरित किए। इस समारोह में विशेष रूप से लद्दाख से आए पदमश्री फूलटोंग छूतजोर ने भी भाग लिया। इस सभा में रणजीत सिंह (सेवानिवृत्त) मेडिकल अफसर पन्नालाल भारद्वाज ( समाज सेवी) ताराचंद ठाकुर, निर्मिता, व्यास देव, मेहर चंद, चेतन भारती पूनम स्कूल के 35 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक व कांस्य पदक प्रदान किए गए। विशेषातिथि डीडी ठाकुर, चंद्र सेन अनीता ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष किशन लाल पर्यावरण विद ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट सभागार में रखी। अंत में मुख्याध्यापिका पुष्पा देवी ने समारोह का समापन किया व यहां उपस्थित हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद भी किया।

## विधायक ने युवाओं को दिया 'नशे से दूर रहने' का मंत्र

अनंत ज्ञान

**केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने उदयपुर के सलग्रां में 'स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह क्रिकेट मेमोरियल टूर्नामेंट' का विधिवत शुभारंभ किया।

क्रांति वीर क्लब सलग्रां द्वारा आयोजित इस खेल प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ जागरूक करने का प्रयास किया गया है। विधायक अनुराधा राणा ने खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने व स्थानीय युवाओं के उत्साहवर्धन के लिए क्रांति वीर क्लब को एक लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर ऐसे आयोजनों से न केवल प्रतिभाएं निखरती हैं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगती है। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि आज के दौर में युवा पीढ़ी का नशे की ओर आकर्षित होना एक गंभीर चिंता का विषय है। खेल गतिविधियां युवाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं और उन्हें बुराइयों से दूर रखने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। क्रांति वीर क्लब की यह पहल घाटी के युवाओं के भविष्य के लिए सराहनीय है। क्लब के संयोजक व सलग्रां पंचायत के उपप्रधान लाल चंद शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में घाटी के कुल 16 क्लब अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। विधायक अनुराधा राणा द्वारा लगातार स्थानीय क्लबों को मिल रहा आर्थिक सहयोग युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। उद्घाटन समारोह के दौरान राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें अनिल ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस उदयपुर वीना देवी चेयरमैन जिला परिषद, दिलीप उपाध्यक्ष, बीडीसी, कमला निवर्तमान प्रधान, तींदी पंचायत साथ ही कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पंचायत प्रतिनिधि और भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान शॉट लगाती विधायक। अनंत ज्ञान

## लाहौल-स्पीति पंचायत चुनाव भाजपा हाईकमान की कमेटी ही तय करेगी उम्मीदवार : हायरपा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति में पंचायत चुनावों की सरगर्मी तेज होते ही राजनीतिक पारा चढ़ गया है। भाजपा के जिला अध्यक्ष रिंगजिन सेमफेल हायरपा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चुनावी रणनीति स्पष्ट की है।

उन्होंने दोटूक कहा है कि आगामी पंचायत चुनावों में पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी, लेकिन उम्मीदवारों का चयन केवल पार्टी हाईकमान द्वारा गठित विशेष कमेटी के माध्यम से ही किया जाएगा। अध्यक्ष हयारपा ने घाटी में चल रही चर्चाओं और कुछ नेताओं के दावों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कार्यकर्ताओं को सचेत किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कुछ तथाकथित नेता भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता को भ्रमित कर रहे हैं। यह अफवाह फैलाई जा रही है कि कुछ लोगों की भाजपा में वापसी हो रही है और वे पार्टी के नाम पर चुनाव लड़ने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। हायरपा ने स्पष्ट किया कि पार्टी की ओर से ऐसी कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है और ये दावे पूरी तरह निराधार हैं।



भाजपा एक अनुशासित संगठन है। पंचायत चुनाव में उम्मीदवारों के चयन का अंतिम निर्णय केवल गठित कमेटी द्वारा ही लिया जाएगा। कार्यकर्ता भ्रामक प्रचार करने वाले तथाकथित नेताओं से सावधान रहें।
**रिंगजिन सेमफेल हायरपा, अध्यक्ष, भाजपा लाहौल-स्पीति।**

भाजपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों के झांसे में न आएं। उन्होंने दोहराया कि पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार वही होगा, जिसे हाईकमान द्वारा गठित कमेटी निर्धारित प्रक्रिया के तहत चुनेगी।

## आनी में मंदिर कमेटियों की बैठक 22 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, आनी।** उपमंडल आनी के उपमंडल अधिकारी लक्ष्मण कनेट द्वारा मंदिर कमेटियों के पंजीकरण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में होगी। उपमंडल अधिकारी आनी लक्ष्मण कनेट द्वारा जारी पत्र के अनुसार, उपमंडल आनी के अंतर्गत आने वाले सभी कारदारों व प्रधान मंदिर कमेटियों (जो सोसायटी एक्ट 2006 के तहत पंजीकरण प्रक्रिया में हैं) उनको इस बैठक में भाग लेने के लिए सूचित किया गया है। बैठक में मंदिर कमेटियों के पंजीकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रशासन ने सभी संबंधित पदाधिकारियों से निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## राष्ट्रपति के लाहौल दौरे को लेकर प्रशासन मुस्तैद, तैयारियां तेज

### डीसी किरण भड़ाना ने सिस्सू हेलिपैड व अटल टनल का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगामी कुल्लू व लाहौल-स्पीति दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है।

इस प्रस्तावित ऐतिहासिक यात्रा की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए डीसी लाहौल-स्पीति, किरण भड़ाना ने जिले के रणनीतिक स्थलों का व्यापक दौरा कर सुरक्षा और बुनियादी ढांचे का जायजा लिया। राष्ट्रपति का यह दौरा न केवल सुरक्षा और कूटनीति के लिहाज से अहम है, बल्कि सिस्सू और अटल टनल जैसे पर्यटन स्थलों के लिए भी वैश्विक स्तर पर एक बड़ा संदेश देगा। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की है। दौरे की शुरुआत में उपायुक्त सिस्सू हेलिपैड पहुंची, जहां उन्होंने तकनीकी सुविधाओं और आपातकालीन सुरक्षा मानदंडों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि हेलिपैड का सुदृढ़ीकरण और उचित चिह्नीकरण तुरंत पूरा किया जाए। आपातकालीन लैंडिंग की स्थिति के लिए सभी प्रोटोकॉल सक्रिय रखे जाएं। परिसर की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण में कोई कसर न छोड़ी जाए।बदलते मौसम के मिजाज को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित हों।



अटल टनल रोहतांग के नार्थ (सिस्सू) और साउथ पोर्टल पर व्यवस्थाओं का मुआयना करते हुए उपायुक्त ने यातायात प्रबंधन और पार्किंग सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी की गई। बैठक में राष्ट्रपति के काफिले के गुजरने के दौरान टनल के सामान्य संचालन, संचार व्यवस्था और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर चर्चा हुई।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला ने स्पष्ट किया कि महामहिम की सुरक्षा के लिए एक बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया जा रहा है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती और खुफिया तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है। वहीं, एसडीएम केलांग कुणिका एकर्स ने स्थानीय प्रशासन और जनसहयोग के तालमेल पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

> **राष्ट्रपति** का यह दौरा लाहौल घाटी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि सुरक्षा से लेकर स्वागत तक की सभी व्यवस्थाएं पूर्णतः त्रुटिरहित और विश्व स्तरीय हों।
> **किरण भड़ाना, उपायुक्त लाहौल-स्पीति**

## कुल्लू में सजेगा खेल का महाकुंभ, 8 मई से ढालपुर मैदान में दौड़ेगी प्रतिभा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू एथलेटिक एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को 'ऋतुराज परिसर' में आयोजित की गई। सचिव युवराज वर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में वर्ष 2026 के जिला स्तरीय मेगा एथलेटिक इवेंट की तारीखों व स्थान का आधिकारिक चयन कर लिया गया है।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, इस भव्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन 8, 9 व 10 मई को कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में किया जाएगा। ढालपुर मैदान में 8, 9 व 10 मई को आयु वर्ग अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20 (छात्र-छात्रा) और ओपन (महिला-पुरुष) एसोसिएशन ने खिलाड़ियों के लिए विभिन्न ट्रैक और फील्ड इवेंट्स की घोषणा की है। 100मी, 200मी, 400मी, 800मी, 1500मी, 3किमी, 5किमी और 10किमी दौड़। लंबी कूद, ऊंची कूद, थाली फेंक (डिस्कस थ्रो), गोला फेंक (शॉट पुट) व भाला फेंक (जैवलीन थ्रो)। रिले दौड़ का रोमांच भी दर्शकों को देखने को मिलेगा। एक खिलाड़ी अधिकतम तीन स्पर्धाओं में भाग ले सकता है। इसके लिए (2 ट्रैक+1 फील्ड) या (1 ट्रैक+2 फील्ड) का संयोजन अनिवार्य होगा।

इस बैठक में तकनीकी सहायक विजय ठाकुर सहित निशांत वर्मा, एकलव्य, पवन ठाकुर, ब्राजील, नरेंद्र, भीमसेन, मीना शर्मा, देवेंद्र, हीरालाल नेगी व ज्ञानचंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए खिलाड़ी व अभिभावक इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। युवराज वर्मा (सचिव): 98051-08100,विजय ठाकुर (तकनीकी सहायक): 98163-16327।

### सिर्फ ऑनलाइन होगा पंजीकरण

**सचिव** युवराज वर्मा ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन (मौके पर पंजीकरण) नहीं किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी 20 अप्रैल से 4 मई के बीच एसोसिएशन के आधिकारिक फेसबुक लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण और महिलाओं के सम्मान के पक्ष में : सेस राम



बैठक के दौरान जिला कांग्रेस पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेसराम आजाद ने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर मनमानी कर रही थी और केवल झूठा श्रेय लेने की कोशिश में लगी रही।

ढालपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण और महिलाओं के सम्मान के पक्ष में रही है। सेसराम आजाद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस कमेटी ने महिलाओं को उचित सम्मान दिया है व जिला व ब्लॉक स्तर की कमेटियों में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिला हितैषी होने का दिखावा कर रही है, जबकि पहले हुई कई बड़ी घटनाओं में पार्टी ने चुप्पी साधे रखी। उन्होंने जानकारी दी कि ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है व आगामी एक सप्ताह के भीतर जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की पूरी कार्यकारिणी का गठन कर लिया जाएगा। पंचायतीराज चुनावों को लेकर सेसराम आजाद ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह तैयार है और पार्टी समर्थित उम्मीदवार ही चुनावों में जीत हासिल करेंगे।

## प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर एबीवीपी मुखर, आंदोलन की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

◆ **केवल आश्वासनों से नहीं चलेगा काम : अभिनव**

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं व चरमराती कानून व्यवस्था को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ा रोष व्यक्त किया है।



परिषद ने सरकार को चेताया है कि यदि महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो परिषद उग्र आंदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेगी। एबीवीपी जिला कुल्लू के जिला संयोजक अभिनव कश्यप ने कहा कि हाल ही में सरकाघाट में घटित घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार व झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उनके मन से कानून का खौफ पूरी तरह खत्म हो गया है। कश्यप के अनुसार, यह स्थिति प्रशासन व सरकार की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश सरकार के समक्ष विभिन्न मांगें रखी हैं, जिसमें प्रदेश में पुलिस व प्रशासन की गश्त व निगरानी बढ़ाई जाए। महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा के लिए सरकार एक विशेष कार्य योजना तैयार करे। आपराधिक मामलों में लिप्त दोषियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट की तर्ज पर सख्त और जल्द कार्रवाई हो।

अभिनव कश्यप ने सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि केवल आश्वासन देने से समाज में सुरक्षा की भावना पैदा नहीं होगी। उन्होंने मांग की कि धरातल पर प्रभावी कार्रवाई दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार व प्रशासन ने इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया व कानून व्यवस्था में सुधार नहीं किया, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

**चिंता** सोलंग वैली में पसरा सन्नाटा, कारोबारियों की बढ़ी चिंता, 50 फीसदी तक कम हुए पर्यटक वाहन

# मनाली में इस वीकेंड पर्यटन की रफ्तार सुस्त

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** 'पहाड़ों की रानी' मनाली में इस वीकेंड पर्यटन कारोबार को बड़ा झटका लगा है।

पिछले कुछ हफ्तों से सैलानियों की भारी भीड़ से गुलजार रहने वाली मनाली की सड़कें और पर्यटन स्थल इस रविवार को सूने नजर आए। शाम के समय पर्यटकों से खचाखच भरे रहने वाले मॉल रोड पर भी इस बार चहल-पहल काफी कम रही। पर्यटकों की संख्या में आई इस अचानक गिरावट ने स्थानीय होटल कारोबारियों, टैक्सी ऑपरेटरों और छोटे व्यापारियों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। पर्यटकों की कमी के कारण एडवेंचर स्पोर्ट्स संचालकों की कमाई में भारी गिरावट आई है। होटल एसोसिएशन के सदस्यों के अनुसार, पिछले वीकेंड के मुकाबले इस बार ऑक्यूपेंसी में भारी गिरावट दर्ज की गई है। कई होटलों में कमरे खाली पड़े रहे, जिसका सीधा असर रेस्तरां और गाइड्स के काम पर भी पड़ा है। छोटे ढाबा मालिकों और गिफ्ट शॉप चलाने वालों का कहना है कि वीकेंड पर होने वाली अच्छी बिक्री इस बार नदारद रही।



सोलंगनाला में पर्यटकों के बिना पसरा सन्नाटा। अनंत ज्ञान

विशेषज्ञों व स्थानीय लोगों ने पर्यटन में इस सुस्ती के पीछे तीन प्रमुख कारण बताए हैं। हाल के दिनों में मौसम के बदलते मिजाज और कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी/बारिश के पूर्वानुमान ने पर्यटकों को सतर्क कर दिया है। कई पर्यटकों ने अप्रैल के अंत और मई की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए अपने ट्रिप को आगे बढ़ा दिया है। सैलानियों का एक बड़ा वर्ग अब मनाली के बजाय लाहौल घाटी, सिस्सू और जिभी जैसे ऑफ-बीट (कम भीड़भाड़ वाले) गंतव्यों की ओर रुख कर रहा है। हालांकि, इस वीकेंड कारोबार सुस्त रहा, लेकिन पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति अस्थायी है। अप्रैल के अंत और मई की शुरुआत में जैसे ही मैदानी इलाकों में गर्मी बढ़ेगी और स्कूलों की छुट्टियां शुरू होंगी, मनाली में एक बार फिर पर्यटकों का सैलाब उमड़ने की उम्मीद है। फिलहाल, स्थानीय प्रशासन और कारोबारी अगले 'पीक सीजन' के लिए तैयारियों में जुटे हैं। पर्यटकों की आमद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले सप्ताह तक जहां प्रतिदिन 2,000 से अधिक वाहन मनाली में प्रवेश कर रहे थे, वहीं इस वीकेंड यह संख्या सिमटकर 1,000 से 1,200 के बीच रह गई है। मनाली का सबसे प्रमुख आकर्षण केंद्र सोलांग वैली इस बार अपेक्षाकृत शांत रहा।

आमतौर पर यहां पैराग्लाइडिंग, जिपलाइन और एटीवी राइड के लिए पर्यटकों की लंबी कतारें लगी रहती थीं, लेकिन इस वीकेंड यहां सन्नाटा पसरा रहा।

## लुहरी बाजार में पहली बार रक्तदान शिविर, 105 ने किया महादान

अनंत ज्ञान

**आनी।** 'शहीदों का सम्मान, रक्तदान अभियान' के तहत खंड निथ्थर के अंतर्गत युवा कार्यक्रम आयोजन समिति लुहरी के तत्वावधान में लुहरी बाजार में पहला रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इसमें 105 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ। रक्तदान शिविर आयोजन समिति के संयोजक कपिल गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में आईजीएमसी शिमला के ब्लड बैंक की विशेषज्ञ टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।



क्षेत्र के युवाओं व आम जनता ने इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि यह किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान के समान है। एक यूनिट रक्त कई जिंदगियां बचा सकता है। नियमित रक्तदान करने से स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है व शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। इस शिविर में कुल 125 युवाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई, जिनमें 105 ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। आयोजन समिति ने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं का इस नेक कार्य में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया। शिविर में आईजीएमसी शिमला के ब्लड बैंक से डॉ. सुदीर, मेडिकल ऑफिसर, स्टाफ नर्स रेणु, हरी, गोवर्धन (चालक), राम सिंह ठाकुर, विक्की ठाकुर (समाजसेवी) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान से युवक ने गल्ले से उड़ाई नकदी

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला नया बाजार स्थित संजू जनरल स्टोर का है, जहां कल दिन-दहाड़े एक शातिर युवक ने बड़ी सफाई से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुआ। उसने दुकानदार से कुछ सामान मांगा और जैसे ही दुकानदार सामान लेने के लिए पीछे की ओर मुड़ा, युवक ने मौका पाकर गल्ले पर हाथ साफ कर दिया। शातिर चोर ने गल्ले में रखे 600 से 700 रुपये उड़ा लिए। दुकानदार के अनुसार गल्ले में ज्यादातर 10-10 और 20-20 रुपये के छोटे नोट रखे हुए थे। युवक के जाने के बाद जब दुकानदार ने गल्ला देखा, तो वह पूरी तरह खाली था। संदेह होने पर जब सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, तो उसमें युवक की पूरी करतूत साफ नजर आई।

### अग्निकांड प्रभावित दुकानदारों को मिलेगी नई दुकानें

**अश्वनी शर्मा, कसौली ।** हेरिटेज मार्केट कसौली में हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड के बाद छावनी परिषद की बैठक आयोजित की। इसमें विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जो प्रभावित दुकानदारों के लिए राहत की बड़ी खबर साबित हो सकते हैं। छावनी बोर्ड ने आग की चपेट में आकर जलकर राख हो चुकी दुकानों के पुनर्निर्माण की अनुमति प्रदान कर दी है। सूत्रों के अनुसार, बोर्ड नुकसान की भरपाई में दुकानदारों को हर संभव मदद देगा। इतना ही नहीं, जब तक दुकानें पूरी तरह मरम्मत नहीं हो जातीं, बोर्ड प्रभावित व्यापारियों को अपना कारोबार जारी रखने के लिए वैकल्पिक जगह उपलब्ध कराएगा। साथ ही, बोर्ड द्वारा वसूला जाने वाला किराया पूरी तरह स्थगित कर दिया गया है, जो पुनर्निर्माण पूरा होने तक लागू रहेगा। कसौली व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि वे बैठक में मौजूद थे। उन्होंने कहा, 'बोर्ड अध्यक्ष कमांडर ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए ये ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जो व्यापारियों के हित में हैं।' गुप्ता ने आगजनी से प्रभावित दुकानदारों की पीड़ा का जिक्र करते हुए बोर्ड की तत्परता की सराहना की। यह निर्णय हेरिटेज मार्केट की आर्थिक गतिविधियों को पटरी पर लाने में मील का पत्थर साबित होगा।

### फार्मा कंपनी की टूटी लिफ्ट, एक व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** नेशनल हाईवे पर बीती रात नाहन विधानसभा क्षेत्र के शंभूवाला की फार्मास्यूटिकल कंपनी सनवेट हेल्थ केयर में अचानक लिफ्ट की तार टूट जाने से एक दर्दनाक हादसे में एक 29 वर्षीय मजदूर की लिफ्ट के साथ नीचे गिर जाने से मौत हो गई। मौत का शिकार हुए मजदूर की पहचान टीका राम पुत्र रूप सिंह, निवासी रुखड़ी, जिला सिरमौर के रूप में हुई है। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल नाहन भेज दी है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले किया जायेगा। मिली जानकारी के अनुसार लिफ्ट सामान लेकर ऊपर की तरफ जा रही थी। अचानक इसी दौरान लिफ्ट की तार टूट गई, और यह हादसा हो गया। गंभीर रूप से घायल मजदूर को नाहन मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार इलाज़ के दौरान मजदूर ने दम तोड़ दिया। जिले के एसपी एनएस नेगी ने पुष्टि करते हुए बताया कि फार्मा इकाई में बीती रात लिफ्ट टूटने से एक मजदूर की मौत हुई है।

### विद्युत तकनीकी कर्मियों की मांगों को लेकर बैठक

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी कर्मचारी संगठन पांवटा यूनिट के अध्यक्ष विशाल ठाकुर की अध्यक्षता में बद्रीपुर में आयोजित हुई जिसमें दर्जनों तकनीकी कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। जिसमें जैसे मुख्यतः भगानी विद्युत सेक्शन में बैठने के लिए कमरें की व्यवस्था उपलब्ध करवाना,फोरमेन से स्पेशल फोरमेन की पदोन्नति, एएलम की डीपीसी हर सेक्शन में वाटर कूलर की व्यवस्था,हर सेक्शन में रैन कोट,फ्यूज वायर,हैंड ग्लब्स इत्यादि सभी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाना,मंडल पावटा के अन्तर्गत आने वाले कर्मचारियों के आवासीय कॉलोनी की मरम्मत,दो वर्ष पूरा कर चुके कर्मचारियों की कन्फर्मेशन करवाना, एएलम से लाईन मेन की डीपीसी करवाना,सभी सेक्शनों में शौचालय, फर्नीचर की व्यवस्था करवाना,ट ीए बिल मेडिकल बिल, ओवरटाइम बिल,मोबाइल अलाउंस इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई जिन उचित और महत्वपूर्ण विभिन्न मांगों को आगामी दिनों में अधिक्षण अभियंता विद्युत मंडल पांवटा साहिब से समय लेकर उनके समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा।

### शूलिनी विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** विकसित भारत के अंतर्गत एक स्वस्थ और सामाजिक रूप से जिम्मेदार राष्ट्र के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, शूलिनी विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआई) के सहयोग से रक्तदान अभियान का आयोजन किया। छात्रों और संकाय सदस्यों की ओर से इस पहल को भरपूर समर्थन मिला, जो करुणा और सामुदायिक सेवा की प्रबल भावना को दर्शाता है। कुल 99 पंजीकरण हुए, जिनमें से लगभग 80 व्यक्तियों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया और कई जिंदगियां बचाने में योगदान दिया।

### स्वयंसेवक संघ ने दाड़लाघाट में किया संगोष्ठी का आयोजन

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की ।** उपमंडल अर्की के निजी सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला दाड़लाघाट द्वारा प्रमुखजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 400 प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर राष्ट्र एवं समाज से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करना रहा। समाज की वर्तमान चुनौतियों का समाधान स्वयं समाज की सक्रिय सहभागिता से हो ऐसा समाज का व्यवहार बने इसके लिए समाज की सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, प्रशासनिक, न्यायिक, चिकित्सा, प्रबुद्ध नागरिक, कला, क्रीड़ा एवं वैज्ञानिक क्षेत्र से जुड़े प्रमुख जनों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सर कार्यवाह अतुल लिमये मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने बौद्धिक सम्बोधन में संघ के 100 वर्षों की यात्रा, उसके उद्देश्यों और समाज में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से की गई थी और तब से संघ व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज व राष्ट्र के उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने वर्तमान परिवेश का उल्लेख करते हुए संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रस्तुत 'पंच परिवर्तन' के विषय में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण (स्व का बोध) और नागरिक कर्तव्य जैसे पांच आयामों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इन बिंदुओं के माध्यम से समाज में एकता, पारिवारिक मूल्यों का संरक्षण, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, आत्मनिर्भरता और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना को मजबूत किया जा रहा है। बैठक के दौरान संवाद सत्र भी आयोजित किया गया ।

## कंडाघाट और चायल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा से वंचित मरीज

# अस्पताल में टेक्नीशियन की ट्रेनिंग शुरू होने की उम्मीद

अनंत ज्ञान



- मरीजों को अब कंडाघाट से सोलन जाना पड़ता है
- कई अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड की जांच की कमी से मरीज परेशान

**आर मोहन चौहान, सोलन ।** प्रदेश सरकार लगातार मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने का दावा करता है, वहीं सोलन जिला के कई अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड जैसी बुनियादी जांच की कमी से मरीज परेशान हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग के बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की भी पोल खुल रही है। जिले में केवल तीन अस्पतालों अर्की, क्षेत्रीय अस्पताल सोलन और नालागढ़ में ही यह सुविधा उपलब्ध है। कंडाघाट नागरिक चिकित्सालय और चायल अस्पताल में मरीज पूरी तरह वंचित हैं, जिससे उन्हें सोलन या निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ रहा है। कंडाघाट अस्पताल में हाल ही में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई गई थी और बुधवार जांच के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन मशीन को कहीं और स्थानांतरित कर दिया गया। अब यहां मरीजों को कोई सुविधा नहीं मिल रही। चायल में तो कभी-कभार भी जांच नहीं होती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दूर के अस्पतालों तक जाना महंगा और समय लेने वाला है, जबकि निजी क्लीनिकों में ऊंचे दाम वसूले जाते हैं। एक मरीज ने बताया, 'कंडाघाट से सोलन जाना पड़ता है, जो गरीबों के लिए मुश्किल है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, कर्मचारियों को ट्रेनिंग पर भेजा गया है। जैसे ही ट्रेनिंग पूरी होगी, कंडाघाट और चायल में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू करने की योजना है। सीएमओ सोलन डॉ. अजय पाठक ने कहा, 'जिले के तीन अस्पतालों में सुविधा चल रही है। ट्रेंड स्टाफ लौटते ही बाकी जगहों पर भी इसे उपलब्ध कराएंगे। इससे मरीजों को राहत मिलेगी। हालांकि, मरीजों की परेशानी तब तक बनी रहेगी। विभाग को शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सशक्त हों। जिले की कुल आबादी को देखते हुए ऐसी कमी अस्वीकार्य है।

## डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल परमाणु का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, परवाणु।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल परमाणु ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। रिया गोराई ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने अंग्रेजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए.।नमन शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा अनमोल सिंह, अस्मि श्रीवास्तव और रिद्धिमा नैंथा ने 97 प्रतिशत अंक हासिल किए। विशेष रूप से रिद्धिमा नैंथा ने संस्कृत और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में 100-100 अंक प्राप्त किए। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में दिव्यांशी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में 100 अंक प्राप्त किए, जबकि प्रियांशी चौहान ने अंग्रेजी विषय में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय का कुल परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है।

## सिरमौर में प्रवासी मजदूरों को 5 किलोग्राम के गैस सिलेंडर उपलब्ध : शमशेर सिंह

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सिरमौर शमशेर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सिरमौर जिला में कार्यरत प्रवासी मजदूर जिनके पास स्थाई गैस कुनैक्शन नहीं है उनकी सुविधा के लिए उन्हें 5 किलोग्राम के वाणिज्य गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे है। उन्होंने बताया कि इन सिलेंडरों की प्राप्ति के लिए प्रवासी मजदूर अपने कार्यक्षेत्र की निकटतम गैस एजैंसी के पास अपना आवेदन करने के उपरांत गैस सिलेंडर प्राप्त करना होगा। उन्होंने जिला में कार्यरत प्रवासी मजदूरों से अपील करते हुए कहा कि वह संबंधित गैस एजेंसी में सम्पर्क कर 5 किलोग्राम के वाणिज्य गैस सिलेंडर की मांग प्रस्तुत करें ताकि उपलब्धता के आधार पर उन्हें गैस सिलिंडर उपलब्ध करवाए जा सके। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सिरमौर स्थित नाहन के दूरभाष नं0-01702-222558, तथा गैस एजैंसी नाहन के 01702-222501, 225599, पोसवाल इण्डेन, खैरी के 93152-78750, प्रदीप गैस सर्विस पांवटा साहिब के 01704-222130, गैस एजैंसी राजगढ़ के 01799-221112, शहीद कुलविंद्र गैस एजैंसी ददाहू के01702-267749, शहीद कल्याण गैस एजैंसी शिलाई के 01704-278553, गैस एजैंसी हरिपुरधार के 70188-14875, शुभ इण्डेन गैस एजैंसी अम्बोया के 01704-248677, भाटिया इण्डेन गैस एजैंसी गोरखूवाला के 01704-238868, पांवटा इण्डेन गैस एजैंसी पांवटा साहिब के 86290-93690, खण्डूजा गैस एजैंसी माजरा के 82190-82503, नौहरा इण्डेन नोहराधार के 82194-61600, अन्वी गैस एजैंसी संगडाह के 98165-50088, सराहां कलां गैस एजैंसी सराहां के 01799-236163, सुनील भारत गैस एजैंसी सतौन के 98820-52109 से सम्पर्क कर सकते है। जिला नियंत्रक ने बताया कि जिला में घरेलू गैस सिलैण्डरों की नियमित आपूर्ति की जा रही है परंतु वर्तमान परिस्थितियों के चलते औसतन बुकिंग से अधिक बुकिंग किए जाने के कारण कुछेक गैस एजैन्सियों में बैकलाग उत्पन्न हो रहा है जिस कारण गैस की आपूर्ति में व्यवधान पैदा हो रहा है।

## जिला सोलन में 240 पंचायतें ऑप्टिकल फाइबर से जुड़ेंगी

अनंत ज्ञान

- भारतनेट से ग्रामीण क्षेत्रों की डिजिटल कनेक्टिविटी होगी मजबूत

**अश्वनी शर्मा, कसौली।** केंद्र सरकार के अमेंडेड भारतनेट प्रोग्राम के तहत जिला सोलन की 240 ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत होगी और डिजिटल डिवाइड को कम करने में मदद मिलेगी। यह जानकारी अपर महानिदेशक (दूरसंचार) वीरेंद्र कुमार ने सोलन स्थित भारतनेट के राज्य स्तरीय नेटवर्क ऑपरेटिंग सेंटर तथा धर्मपुर ब्लॉक की रौड़ी ग्राम पंचायत में फाइबर कनेक्टिविटी के निरीक्षण के दौरान दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति देगा। ऑप्टिकल फाइबर आधारित आधुनिक प्रणाली के माध्यम से प्रदेश की सभी पंचायतों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे दूरदराज क्षेत्रों में भी शहरी स्तर की कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सकेगी। वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सोलन जिले के दुर्गम क्षेत्रों को भी इस परियोजना में शामिल किया गया है, जिससे वहां के लोगों को बेहतर इंटरनेट और डिजिटल सेवाएं मिलेंगी। ग्राम पंचायत रौड़ी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतनेट परियोजना भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगी। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश में इस परियोजना का कार्य इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज द्वारा बीएसएनएल की देखरेख में किया जा रहा है।

## मरयोग में तेज रफ्तार पिकअप ने 10 वर्षीय बच्चे को मारी टक्कर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के मरयोग क्षेत्र में पिछली शाम सड़क पार कर रहे 10 वर्षीय बच्चे को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और उसके सिर व मुंह में चोटें आईं। घटना के बाद बच्चे को उपचार के लिए जोनल अस्पताल सोलन ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस थाना पच्छाद के अंतर्गत मरयोग क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से 10 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछली शाम करीब 5:15 बजे कार्तिक नामक बच्चा सड़क पार कर रहा था, तभी सोलन की ओर से आ रही पिकअप नंबर एचपी 63सी-7376 ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बच्चे के सिर और मुंह में गंभीर चोटें आई हैं, जिसे उपचार के लिए जोनल अस्पताल सोलन ले जाया गया। पुलिस ने चालक मनोज कुमार के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 125(a) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## लव जिहाद और षड्यंत्रों के विरुद्ध बजरंग दल ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



पदाधिकारी तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजते हुए। अनंत ज्ञान

**परवाणू ।** में विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा देश में फैला रही विकृत जिहादी मानसिकता,अवैध कब्जों धर्मान्तरण, लव जिहाद ओर सुनियोजित षड्यंत्रों को लेकर नायब तहसीलदार परमाणु के माध्यम से देश के राष्ट्रपति महोदय को एक ज्ञापन भेजा है। बजरंग दल के पूर्व प्रदेश संयोजक व विहिप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन समैला ने बताया कि बजरंग दल द्वारा विकृत जिहादी मानसिकता के विरूद्ध 16,17,18 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, इसी कड़ी में आज परवाणू में भी विकृत जेहादी मानसिकता के विरूद्ध प्रदर्शन कर सहायक आयुक्त महोदया के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया है ओर उनका ध्यान इन विषयों की ओर आकर्षित किया गया है। पवन समैला ने कहा कि आज देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली 'विकृत जिहादी मानसिकता' वर्तमान में राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और सद्भाव के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है। देश भर से आये विभिन्न मामलो में पुरुषों के साथ महिलाएं इस विकृत जिहादी कार्यों में सम्मलित पाई गई। उन्होंने कहा कि हमने मांग की है कि ऐसी राष्ट्र विरोधी और आपराधिक मानसिकता वाले तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध त्वरित एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए सभी अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए। लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे कृत्यों को रोकने हेतु कठोर केंद्रीय कानून लागू किया जाए। जनजातीय क्षेत्रों में हो रहे शोषण को रोकने हेतु विशेष सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए। इस मौके पर समरसता प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार, जिला सह मंत्री मनमोहन, विकास भट्ट ,जिला कोषाध्यक्ष बलवंत भट्टी, प्रखंड मंत्री विकास चंदेल, सह मंत्री ललित कुमार, कुनाल, चमन गोयल, सुरेंद्र कौंडल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिकों ने लिया पुलिस केस वापस

### सोशल मीडिया विवाद पर इशिता पुंडीर ने पूर्व सैनिकों से मांगी माफी

**राजगढ़ ।** सोशल मीडिया पर भारतीय सैनिकों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में विवादों में आई इशिता पुंडीर ने आखिरकार अपनी गलती स्वीकार करते हुए पूर्व सैनिक संगठन इकाई राजगढ़ से मुलाकात कर सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है। गौर रहे कि कुछ समय पहले इशिता पुंडीर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया था, जिसमें भारतीय सैनिकों के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस बयान के सामने आने के बाद क्षेत्र में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली । जिसमें विशेषकर सेना में सेवारत और पूर्व सैनिकों सहित आमजन में भी इसका कड़ा विरोध हुआ । मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व सैनिक संगठन इकाई राजगढ़ ने इस विषय में राजगढ़ पुलिस थाने में शिकायत भी दर्ज करवाई थी।



पूर्व सैनिक संगठन इकाई के सदस्यों के साथ इशिता पुंडीर।

हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद शनिवार को इशिता पुंडीर अपने परिजनों के साथ पूर्व सैनिक संगठन के प्रतिनिधियों से मिलीं और अपनी गलती पर खेद जताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी ऐसी कोई मंशा नहीं थी कि भारतीय सैनिकों की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह बात उन्होंने अनजाने में कह दी और उन्हें इस बात का गहरा पछतावा है कि उनके शब्दों से इतना बड़ा विवाद खड़ा हो गया। इशिता पुंडीर ने अन्य सोशल मीडिया क्रिएटर्स से भी अपील की कि वह भी संवेदनशील विषयों पर सोच-समझकर ही सामग्री साझा करें, ताकि समाज में किसी प्रकार की गलत भावना न फैले। इशिता पुंडीर ने देश के सैनिकों और आम जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए कहा कि उनसे यह गलती अनजाने में हुई है और भविष्य में वह ऐसी भूल दोबारा नहीं करेंगी। वहीं दूसरी ओर पूर्व सैनिक संगठन इकाई राजगढ़ के अध्यक्ष सूबेदार मेजर राजेश चौहान ने बताया कि इशिता पुंडीर ने सोशल मिडिया पर जो विडियो वायरल की है उससे सैनिकों का मनोबल गिरा है । इशिता ने बहुत बड़ी गलती जरूर की है, लेकिन इसे उनकी नादानी मानते हुए उन्हें माफ किया किया गया है । संगठन ने यह भी घोषणा की कि राजगढ़ पुलिस थाने में दर्ज कराया गया मामला वापस लिया जाएगा।

## ढाबे में रखे सिलेंडर में लगी आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर के बीचो बीच गन्नूघाट में उस समय अफरा तफरी मच गई जब यहां एक ढाबे पर रखे सिलेंडर ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते है आग फैल गई और तुरंत मौके पर मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया। गनीमत यह रही की आग की इस घटना से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कुछ समय के भीतर आग पर काबू पाया।मौके पर पहुंची लीडिंग फायरमैन राजेश कुमार ने बताया कि सूचना के तुरंत बाद टीम मौके पर पहुंच गई थी. करीब 10 मिनट के भीतर सिलेंडर में लगी आग को काबू कर लिया था उन्होंने कहा कि लगातार ढाबा और होटल संचालकों से अपील की जाती है कि वह आग बुझाने वाली यंत्रों को रखना सुनिश्चित करें ताकि आगजनी की घटनाओं पर काबू पाया जा सके।

## स्कूटी सवार युवकों से 6 .80 ग्राम चिट्टा पकड़ा, केस दर्ज

अनंत ज्ञान

**नाहन ।** नशीले पदार्थों की तस्करी में लगे नाहन शहर के 2 युवकों के कब्जे से 6.80 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। टीम ने तस्करी में प्रयोग की जा रही एक स्कूटी को कब्जे में ले लिया है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि डिटेक्शन सेल नाहन ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नाहन-कालाअंब रोड पर कंगनीवाला नेचर पार्क के पास स्कूटी सवार दो युवकों से 6.80 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की है। एसपी ने बताया नाका बंदी के दौरान स्कूटी नंबर HP71A6506 को रोका गया। तलाशी लेने पर स्कूटी सवार दोनों युवकों के कब्जे से 6.80 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। नेगी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शोएब खान (उम्र 28 वर्ष) पुत्र मोहम्मद रफी, निवासी मकान नं0 1111/4, अमरपुर मोहल्ला नाहन, तथा अभिनव कश्यप (उम्र 25 वर्ष) पुत्र राज कुमार, निवासी मकान नं0 856/3, शिमला रोड, हाथी की कब्र नाहन, के रूप में हुई है। उन्होंने ने बताया कि थाना सदर नाहन में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। नेगी ने बताया कि मामले की जांच में पता लगाया जा रहा है कि यह उपरोक्त हेरोईन/चिट्टा कहां से लाए थे और किसे बेचने की फिराक में थे ताकि मामले में बैकवर्ड/फॉरवर्ड लिंकेज का पता लगाकर नशे के इस अवैध धंधे में संलिप्त अन्य आरोपियों को भी पकड़ा जा सके।

## 14 .67 लाख से निर्मित होने वाले स्लैब कल्वर्ट कार्य की रखी आधारशिला

अनंत ज्ञान

- सोलन जिला में स्थापित होगा हिम ईरा प्रीमियम शोरूमः संजय अवस्थी

**अर्की/ सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोलन ज़िला में हिम ईरा प्रीमियम शोरूम स्थापित किया जाएगा। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाड़ला के गांव धोबटन में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जन समस्याएं सुनने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर दाड़लाघाट से गांव धोबटन तक रोगी वाहन योग्य सड़क मार्ग पर 14.67 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले स्लैब कल्वर्ट कार्य की आधारशिला रखी। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पर्क मार्ग आर्थिक उत्थान के साथ-साथ सामाजिक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सम्पर्क मार्ग, सुविधा युक्त विद्यालय, घर-द्वार के समीप चिकित्सा सहायता और उचित स्थान पर फसल बिक्री के लिए प्रयास कर रही है ताकि लोगों को सही समय पर सही सहायता मिल सके। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को शीघ्रता से सुलझाने और अधिकारियों की मौजूदगी में क्षेत्रों की ज़रूरतों को समयबद्ध पूरा करने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आरम्भ किया गया है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं, शिकायतों व मांगों को उच्च स्तर तक पहुंचाने में पंचायत प्रतिनिधियों की अहम भागीदारी होती है। उन्होंने कहा कि योग्य प्रतिनिधि ही विकास की धारा को और आगे बढ़ाने में सहायक बनते हैं।

**सम्मान** साईं एक्वा मशीनस एंड बिल्डर्स द्वारा किसानों को मॉडर्न एग्रीकल्चर अचीवर्स अवार्ड से किया सम्मानित

# प्राकृतिक खेती रोजगार का अच्छा माध्यमः ठाकुर

अनंत ज्ञान

**सोलन ।** हिमाचल प्रदेश में आधुनिक खेती को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 41 प्रगतिशील किसानों को मॉडर्न एग्रीकल्चर अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह आयोजन साईं एक्वा मशीनस एंड बिल्डर्स सोलन द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें जॉर्ज मैंजो ग्रुप ऑफ कंपनीज ने किसानों का चयन किया। सोलन, सिरमौर, शिमला और किन्नौर के इन किसानों ने परंपरागत खेती से हटकर आधुनिक तकनीकों को अपनाया, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई। यह चौथा वार्षिक आयोजन था, जो किसानों को प्रेरित करने वाली अनूठी पहल है। कार्यक्रम साईं एक्वा के एमडी कार्तिक दत्त शर्मा की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें जायका के उपनिदेशक डॉ. राजिंदर ठाकुर मुख्य अतिथि थे। जोगिंद्रा बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा सहित डॉ. हीरा लाल आजाद, राम लाल ठाकुर जैसे कई विशिष्ट अतिथियों ने किसानों को शुभकामनाएं दीं। वहीं मुख्य अतिथि जायका सोलन के उपनिदेशक डॉ. राजिंदर ठाकुर और कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसान-बागवानों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ लेकर प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ रोजगार का अच्छा माध्यम है। इससे मिट्टी की उर्वरता भी कायम रहती है।



सम्मानित किए गए प्रगतिशील किसान व अन्य। अनंत ज्ञान

### कृषि-बागबानी नायकों को किया सम्मानित

**इस** कार्यक्रम में 41 किसानों जिसमें कृष्ण लाल भेरटा नालागढ़, सौरव कौंडल चामधर रामशर, कृष्ण कुमार संदोआ सुन्नी, सोमेश्वर राणा डीम कोटखाई, दिनेश कुमार जौणाजी सोलन, पूरन सिंह दधोग सोलन, सुजाता रामपुर सोलन, सचिंदर सिंह धामला राजगढ़, बाबू राम नाको किन्नौर, कमल ठाकुर भेलन पछाड़, आलोक ठाकुर रामपुर शिमला, आनंद शर्मा सोलन, सविता कोटि खुर्द सोलन, सुशील कंडाघाट, वेद प्रकाश कौशिक घट्टी सोलन, विवेक वर्मा गवाही ठियोग, चरणजीत सिंह उदयपुर सोलन, नवदीप शर्मा कियारी कंडाघाट, राकेश कुमार देवठी सोलन, सुरेश चंद्र शर्मा कलोग कंडाघाट, विजय कुमार नोहा डबलू, सानिध्य सूर्य कोट अर्की, परमानंद शर्मा शाया सोलन, राजिंदर ठाकुर अंजी सोलन, चमन ठाकुर गैलनाग सोलन, जय सिंह बेर सोलन, पुष्पेंद्र शर्मा डोलग कंडाघाट, राजेश कुमार कोठी देवड़ा सोलन, विनोद कुमार दिलमन पछाड़, कृपा राम डोल अबले सोलन, सुभाष भगनाल नेरती भगोत राजगढ़, अमित कुमार सपरून सोलन, अधिराज ठाकुर माही कंडाघाट, गिरीश शर्मा पुजारली शिमला, सतिंदर बसंल सोलन, संजीव शनोट राजगढ़, गणेश दत्त शर्मा कट्यार सोलन, मोहिन्द्र वर्मा कायलर सोलन, अवनीश शर्मा घाटी सोलन, सुरेंद्र कुमार कोठी देवरा सोलन और जय गोपाल राघव शिमला शामिल हैं। इस अवसर पर साईं एक्वा के एमडी कार्तिक दत्त शर्मा और जॉर्ज मैंजो कंपनी के बिजनेस हेड टी. रमेश ने एक महत्वपूर्ण बात कही। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में कृषि क्षेत्र में तकनीकी क्रांति आ रही है। नए-नए आविष्कार हो रहे हैं और हमें अत्यंत प्रसन्नता है कि हिमाचल के हमारे किसान भाई इन आधुनिक मशीनों का सदुपयोग करके अपनी आय दोगुनी और चौगुनी करने में सफल हो रहे हैं। यह केवल किसानों की व्यक्तिगत जीत नहीं है बल्कि पूरे हिमाचल की जीत है।

## डॉ. रमेश कुमार बने एचपीयू के पीएचडी सुपरवाइजर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सोलन के रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रमेश कुमार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने पीएचडी सुपरवाइजर के रूप में मान्यता दी है। विश्वविद्यालय की आधिकारिक सूची में उनका नाम शामिल होने से वे अब रसायन विज्ञान के शोधार्थियों का मार्गदर्शन कर सकेंगे। कुमार के नाम 20 अंतरराष्ट्रीय पीयर-रिव्यूड जर्नल्स में शोध पत्र, 6 पुस्तकें, 35 से अधिक सम्मेलनों में प्रस्तुतियां, 30 वेबिनार और 10 राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में रिसोर्स पर्सन की भूमिका दर्ज है। सोलन जिले के सलोगड़ा के डकेच गांव से ताल्लुक रखने वाले डॉ. कुमार ने प्रारंभिक शिक्षा जीएसएसएस सलोगड़ा से ली। वे गांव के पहले पीएचडी धारक हैं, जो अब सुपरवाइजर बने। कॉलेज प्रशासन, शिक्षक और ग्रामीणों में खुशी की लहर है। सभी इसे युवाओं के लिए प्रेरणा मान रहे हैं।

# महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ने की सरकार की साजिश नाकाम : प्रियंका

## कहा- हमें महिला विरोधी कहकर मसीहा नहीं बन सकते, विपक्ष की एकता से बचा लोकतंत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**महिला** आरक्षण विधेयक संसद में पारित न होने के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष ने लोकतंत्र की रक्षा की है और परिसीमन से जुड़ी 'साजिश' को विफल कर दिया है।



कांग्रेस सांसद प्रियंका ने कहा कि शुक्रवार को लोकसभा में जो हुआ वो लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत है। सरकार परिसीमन और महिला आरक्षण के जरिए सत्ता में बने रहने की साजिश कर रही थी। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि लोकसभा में सीटें बढ़ाने के लिए लाया गया बिल गिर गया। सत्ता पक्ष हमें महिला विरोधी कहकर मसीहा नहीं बन सकता। शुक्रवार को लोकसभा में सरकार संविधान का 131वां संशोधन बिल लाई थी। सरकार इसे पास नहीं करा पाई। यह 54 वोट से गिर गया। इसके जरिए लोकसभा की 543 सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था। उन्होंने कहा कि पीएम ने कई बार अपने भाषण में कहा कि अगर आप इससे सहमत नहीं होंगे तो आप यहां नहीं बैठ सकते हैं। हम चौंके थे कि इनकी मंशा क्या थी। मेरे ख्याल से पूरी साजिश जो रची गई वह इसलिए कि हमें सत्ता में रहना है। वह अभी नहीं किया जाएगा परिसीमन 2029 तक नहीं हो पाएगा। वह महिलाओं के नाम पर किया जा रहा था, ताकि उन्हें स्वतंत्रता मिल जाए सत्ता में बने रहने की। उन्होंने कहा कि देश ने देख लिया है कि जब विपक्ष एकजुट होता है, तो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को चुनौती दी जा सकती है। यही कारण है कि सरकार इस दिन को 'ब्लैक डे' बता रही है, जबकि विपक्ष इसे लोकतंत्र की जीत मानता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़े कई गंभीर मामलों, उन्नाव, हाथरस, महिला खिलाड़ियों और मणिपुर की घटनाओं में सरकार का रवैया उदासीन रहा है। अब वही सरकार महिलाओं का हितैषी दिखाने की कोशिश कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### स्मृति ईरानी बोलीं- कांग्रेस को संसद और देश की महिलाओं पर भरोसा नहीं

**भाजपा** नेता स्मृति ईरानी ने कहा कि मुझे यह सुनकर हैरानी हुई कि आज कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह कहा गया कि वे महिला आरक्षण बिल का समर्थन करते हैं, जो 2023 में पास हुआ था और जिसमें परिसीमन का जिक्र है। लेकिन कांग्रेस के दोहरे रवैये को देखिए, वे यह भी कहते हैं कि उन्हें इस प्रक्रिया के लिए किए गए वादों और इंतजामों पर भरोसा नहीं है। कांग्रेस को देश की संवैधानिक व्यवस्थाओं पर, संसद पर और देश की महिलाओं पर कोई भरोसा नहीं है।

## किरण रिजिजू का दावा- कांग्रेस सांसदों ने कहा कि आपकी मंशा अच्छी थी, लेकिन राहुल मानते ही नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को संविधान संशोधन से जुड़े विधेयक पारित नहीं हुए। इसे लेकर एक तरफ कांग्रेस जश्न मना रही है और उसकी तरफ से केंद्र सरकार पर कई आरोप भी लगाए गए हैं। वहीं इसके जवाब में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राजनीति से प्रेरित होकर और महिलाओं को अधिकार न देने की मानसिकता के साथ कांग्रेस और विपक्ष ने संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने दिया। हम दुखी इसलिए हैं क्योंकि इससे देश की महिलाओं को नुकसान हुआ है। देश की बागडोर संभालने और निर्णय प्रक्रिया में उन्हें प्रतिनिधित्व देने का प्रयास सफल नहीं हो सका। अब कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को महिलाओं का आक्रोश झेलना पड़ेगा। रिजिजू ने कहा कि हम लोग दुखी हैं, यह नुकसान पार्टियों को हुआ, इससे दुखी नहीं है, बल्कि देश की महिलाओं के लिए दुखी हैं। देश के संचालन करने में महिलाओं को हिस्सेदारी देने के लिए जो कदम उठाया गया वो पास नहीं हो सका। यह पार्टी का फेल्योर नहीं है बल्कि देश की महिलाओं को नुकसान पहुंचाया गया है। कांग्रेस पार्टी के ऊपर महिला विरोधी काला धब्बा लग गया जो खत्म नहीं होने वाला है। यह पार्टी की असफलता नहीं है महिलाओं को अधिकार न देकर जश्न मनाना सही नहीं है।



**'हम महिलाओं को उनका हक दिला रहे थे':** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, कल संसद में जो हुआ उसे देश ने देखा है। नारी शक्ति बिल, बहुमत न मिलने के कारण पारित नहीं हो सका है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने इस गंभीर मुद्दे को भी राजनीति से देखा और राजनीति से प्रेरित होकर काम किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के साथ न आने के कारण नारी शक्ति बिल को दो तिहाई बहुमत हमें नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं को उनका हक दिला रहे थे लेकिन विपक्ष महिलाओं को आरक्षण न देकर इसका जश्न मना रहा है। (अनंत ज्ञान)

## हज यात्रियों का पहला जत्था रवाना



**एजेंसी, श्रीनगर/दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर से हज के लिए पहला काफिला शनिवार को श्रीनगर से सऊदी अरब के लिए रवाना हो गया। अधिकारियों के मुताबिक पहले जत्थे में कुल 431 जायरीन शामिल हैं, 230 पुरुष और 201 महिलाएं हैं।

इस मौके पर हज हाउस के बाहर बड़ी तादाद में घरवालों और अजीज-ओ-अकारिब ने पहुंचकर जायरीनों को विदाई दी। अधिकारियों ने बताया कि इस साल जम्मू-कश्मीर से कुल 4,764 लोग हज की सआदत हासिल करने के लिए सऊदी अरब रवाना होंगे। वहीं, नई दिल्ली से मक्का के लिए 371 तीर्थयात्री का जत्था रवाना हुआ। रवाना हुआ। इसके साथ ही भारत से सालाना तीर्थयात्रा के मौसम की शुरुआत हो गई है। ये यात्री दिल्ली हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां की मौजूदगी में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सऊदी अरब के लिए रवाना हुए। (अनंत ज्ञान)

# देश में बढ़ा चीतों का कुनबा, दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चार और चीते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में चीतों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। दक्षिण अफ्रीका से चार और चीतों को भारत लाया गया है। ये सभी चीते सुरक्षित तरीके से बेंगलुरु पहुंचे चुके हैं और उन्हें कर्नाटक के बैनरघट्टा बायोलॉजिकल पार्क में रखा जाएगा। यह कदम राज्य में वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने और लोगों में जैव-विविधता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से उठाया गया है।



अधिकारियों के मुताबिक, चीतों को विशेष निगरानी के बीच लाया गया है। फिलहाल वन विभाग और पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर रख रही है। शुरुआती जांच के बाद सभी चीतों को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत निगरानी में रखा गया है, जिससे नए वातावरण में उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। वहीं, कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जलवायु और पर्यावरण में बदलाव के कारण चीतों को किसी प्रकार का तनाव या स्वास्थ्य संबंधी समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सभी चीतों को कम से कम 30 दिनों के लिए क्वारंटीन में रखा जाएगा। इस दौरान उन्हें निर्धारित आहार दिया जाएगा और किसी भी संक्रमण या बीमारी की पूरी जांच की जाएगी। गौर रहे कि एक समय कर्नाटक के जंगलों में चीते पाए जाते थे, लेकिन अब वे पूरी तरह लुप्त हो चुके हैं। ऐसे में इन दुर्लभ वन्यजीवों को चिड़ियाघरों में लाकर आम जनता को उन्हें देखने और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करने का अवसर मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

## मणिपुर-म्यांमार सीमा के पास उग्रवादी गिरफ्तार, नकदी और मोबाइल बरामद



**एजेंसी, तेंगनौपाल (मणिपुर)**

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने भारत-म्यांमार सीमा के पास एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार उग्रवादी की पहचान फांजौबाम मुहिंद्रो के रूप में हुई है, जो इम्फाल पूर्व जिले के एंड्रो नंबर-3, खुमान लैकाई का निवासी है। उसे तेंगनौपाल जिले के मोरेह थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत-म्यांमार फ्रेंडशिप ब्रिज के पास बॉर्डर पिलर 76 और 77 के बीच स्थित इलाके से गिरफ्तार किया गया। सुरक्षाबलों ने उसके पास से दो मोबाइल फोन और 20,500 क्यात (म्यांमार की मुद्रा) बरामद किए हैं।

ज्ञात हो कि सुरक्षा बलों ने वीरवार को भी इस इलाके में क्यात (म्यांमार की मुद्रा) बरामद किए थे। गिरफ्तार उग्रवादी और जब्त सामग्री को आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# वायुसेना प्रमुख ने अमेरिका में उड़ाया एफ-15 ईएक्स फाइटर जेट, रक्षा संबंधों पर हुई चर्चा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**भारतीय** वायुसेना के प्रमुख, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने अमेरिका यात्रा के दौरान नेवादा के नेलिस एयर फोर्स बेस का दौरा किया। उन्होंने बोइंग कंपनी के आधुनिक लड़ाकू विमान एफ-15 ईएक्स ईगलII में उड़ान भरी। इस उड़ान के दौरान उनके साथ अमेरिकी वायुसेना के मेजर मैथ्यू बेंसन मौजूद थे। यह विमान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और हवाई प्रभुत्व बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। अपनी यात्रा के दौरान एयर चीफ मार्शल सिंह ने अमेरिकी वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात की। इनमें अमेरिकी वायुसेना वारफेयर सेंटर के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल डेविड सी एपर्सन शामिल थे। इस दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल में एयर कमोडोर यशपाल सिंह नेगी भी मौजूद रहे। दोनों देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास, तकनीकी सहयोग और ऑपरेशनल तालमेल बढ़ाने पर चर्चा हुई।



खास तौर पर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और अमेरिका के बीच आपसी तालमेल को और मजबूत करने की जरूरत है। इसमें संयुक्त अभियानों में बेहतर समन्वय, नई तकनीकों को साझा करना और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करने पर ध्यान दिया गया। यह सहयोग भविष्य में दोनों देशों की सैन्य शक्ति को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगा। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब भारत अपनी वायुसेना के आधुनिकीकरण पर तेजी से काम कर रहा है। एफ-15ईएक्स जैसे उन्नत विमानों का अनुभव भारतीय वायुसेना की भविष्य की रणनीतियों और संभावित खरीद योजनाओं के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस ने अंबाला व सोनीपत निगमों में प्रत्याशी उतारे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में 10 मई को होने वाले निकाय चुनाव के लिए 21 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। कांग्रेस ने तीन नगर निगमों में से दो के लिए शनिवार को प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस कमेटी ने अंबाला व सोनीपत नगर निगम चुनावों के लिए मेयर पद के प्रत्याशियों की औपचारिक घोषणा कर दी है। अंबाला नगर निगम का मेयर पद बीसी (बी) महिला वर्ग के लिए आरक्षित है, जबकि सोनीपत नगर निगम की सीट सामान्य श्रेणी के अंतर्गत आती है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने चंडीगढ़ में बताया कि अंबाला नगर निगम के लिए कुलविंद्र कौर (धर्मपत्नी कृपाल सिंह सैनी) तथा सोनीपत नगर निगम के लिए जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष कमल दीवान को पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कमल दीवान के पिता स्वर्गीय देवराज दीवान सोनीपत से विधायक रह चुके हैं और क्षेत्र में उनकी मजबूत जन पकड़ तथा जनसेवा का लंबा अनुभव रहा है।

## महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग, नंदिता हुड्डा ने केंद्र पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नंदिता हुड्डा ने केंद्र सरकार से लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों पर 33 प्रतिशत महिला आरक्षण तत्काल लागू करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण विधेयक अब संविधान का हिस्सा बन चुका है, ऐसे में इसे 2029 तक टालना महिलाओं के साथ न्याय नहीं है।



नंदिता हुड्डा ने कहा कि यदि सरकार की मंशा वास्तव में महिला सशक्तिकरण की है, तो उसे मौजूदा लोकसभा सीटों पर ही आरक्षण लागू करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार तकनीकी प्रक्रियाओं जैसे जनगणना व परिसीमन का हवाला देकर इस मुद्दे को टाल रही है, जबकि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो इसे तुरंत लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा को 2014 व 2019 में पूर्ण बहुमत मिला था, उस समय भी यह कदम उठाया जा सकता था, लेकिन अब भी देरी की जा रही है। हुड्डा ने विपक्ष के रुख का समर्थन करते हुए कहा कि इस विधेयक के वर्तमान स्वरूप को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि यह बिल ओबीसी, एससी-एसटी और छोटे राज्यों के हितों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए इसे लागू करते समय सभी वर्गों के अधिकारों का ध्यान रखा जाना जरूरी है। हुड्डा ने कहा कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने में देरी करना उचित नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि बिना किसी तकनीकी बाधा के इस कानून को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए और बाद में जनगणना व परिसीमन के बाद भी 33 प्रतिशत आरक्षण बरकरार रखा जाए। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी को बराबरी का हक देना ही वास्तविक महिला सशक्तिकरण है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में हमेशा मजबूती से खड़ी रही है और इस मुद्दे पर सरकार का सहयोग करने को तैयार है।

## 23 अप्रैल को किया जाएगा शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ज्वॉइंट एक्शन कमेटी ऑफ टीचर्स, यूटी चंडीगढ़, जो कि चंडीगढ़ की एक पंजीकृत शिक्षक यूनियन है तथा Bharatiya Mazdoor Sangh से संबद्ध है, उन्होंने शिक्षकों की लंबित मांगों के समाधान में लगातार हो रही देरी के विरोध में 23 अप्रैल 2026 को दोपहर 3 बजे से यूटी सचिवालय पार्किंग, सेक्टर-9, चंडीगढ़ में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

यूनियन ने कहा कि प्रशासन को कई बार ज्ञापन देने व बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद शिक्षकों के महत्वपूर्ण सेवा संबंधी मामले अब तक लंबित पड़े हैं, जिससे शिक्षकों में भारी आर्थिक कठिनाई, असंतोष व भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत वोकेशनल शिक्षकों को तुरंत जॉइन करवाया जाए, जुलाई 2025 से लंबित 58% महंगाई भत्ता गेस्ट एवं कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों को जारी किया जाए, यूटी कैडर शिक्षकों को 01.04.2022 तक देय हाफ-पे लीव प्रदान की जाए, गेस्ट व कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों का नियमितीकरण न्यायालय के आदेशों के अनुसार किया जाए, सभी शिक्षक वर्गों की पदोन्नति प्राथमिकता के आधार पर की जाए, नियमित शिक्षकों की आकस्मिक छुट्टियों में वृद्धि की जाए। यूनियन ने आरोप लगाया कि शिक्षकों से जुड़े वास्तविक मामलों की फाइलों को अनावश्यक आपत्तियां लगाकर रोका जा रहा है, जिससे विद्यालयों का कार्य प्रभावित हो रहा है और कर्मचारियों का मनोबल गिर रहा है। यूनियन ने स्पष्ट किया कि यह प्रदर्शन पूर्णत: शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक होगा तथा प्रशासन से अपील की कि शिक्षकों की मांगों का तुरंत समाधान किया जाए ताकि स्थिति और अधिक न बिगड़े।

## सही आंकड़े विकास की आधारशिला, स्व-गणना में भागीदारी सुनिश्चित करें : राव नरबीर सिंह



**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** जनगणना-2027 के तहत चल रही स्व-गणना प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्यिक मंत्री राव नरबीर सिंह ने शनिवार को स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर स्व-गणना की।

उन्होंने आम नागरिकों को इस सुविधा का उपयोग करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्व-गणना की व्यवस्था नागरिकों को घर बैठे अपनी जानकारी भरने का सरल व सुविधाजनक विकल्प देती है। इससे समय की बचत होती है व जानकारी सीधे सिस्टम में दर्ज होने से पारदर्शिता भी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि हर परिवार को 30 अप्रैल तक इस प्रक्रिया को पूरा कर लेना चाहिए, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। राव नरबीर सिंह ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश व प्रदेश के विकास की योजनाओं की मजबूत नींव है। सही व पूरी जानकारी से ही सरकार को योजनाएं बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे जिम्मेदारी समझते हुए इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि आधिकारिक पोर्टल पर मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी वेरिफिकेशन कर लॉगिन किया जा सकता है व चरणबद्ध तरीके से सभी जरूरी जानकारी आसानी से भरी जा सकती है। जानकारी भरने के बाद मिलने वाली सेल्फ-एन्यूमरेशन आईडी को सुरक्षित रखना जरूरी है, जिसे बाद में गणना कर्मियों को दिखाना होगा।

## यूजी दाखिलों के लिए पोर्टल ओपन घर बैठे करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया को आसान व पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू कर दिया है। 17 अप्रैल से शुरू हुई इस प्रक्रिया के तहत छात्र अब घर बैठे बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए आदि कोर्सों में आवेदन कर सकेंगे। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बताया कि प्रदेश के सभी सरकारी व गैर-सरकारी डिग्री कॉलेजों में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए सहित विभिन्न स्नातक कोर्सों के लिए आवेदन अब पूरी तरह ऑनलाइन किए जा सकेंगे। इस डिजिटल पहल के माध्यम से छात्र-छात्राएं घर बैठे ही आसानी से आवेदन कर सकेंगे, जिससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम भी बनेगी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य हर योग्य विद्यार्थी तक उच्च शिक्षा के अवसर पहुंचाना है। इसी सोच के तहत एडमिशन प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उन्हें बार-बार कॉलेजों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# निकाय चुनाव के घोषणा पत्र में विकास का रोडमैप पेश करेगी भाजपा

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** नगर निकाय चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी वर्तमान सरकार द्वारा शुरू किए विकास कार्यों के आधार पर जहां जनता के बीच जाएगी वहीं घोषणा पत्र के माध्यम से शहरों के विकास का रोडमैप पेश किया जाएगा।



नगर निकाय चुनाव के लिए भाजपा की राज्य संकल्प पत्र निर्माण समिति की पहली बैठक शनिवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय गुरुकमल में हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष मंत्री विपुल गोयल, समिति के सदस्य प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, पानीपत की मेयर कोमल सैनी, स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी का संकल्प पत्र आम जनता की आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा विकास और पारदर्शिता की राजनीति में विश्वास रखती है। निकाय चुनाव में भी इसी एजेंडे के साथ जनता के बीच जाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव में रहने वाले मुद्दों पर आज की बैठक में विचार किया गया है। दिल्ली में होने वाली चुनाव समिति की आगामी बैठक में संकल्प पत्र के साथ-साथ उम्मीदवारों के नाम व अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। केंद्र की अनुमति से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सात स्थानों पर चुनाव होने हैं। रेवाड़ी, धारूहेड़ा, कुकलाना और सांपला में नगर पालिका और नगर परिषद के चुनाव हैं। वहीं पंचकूला, सोनीपत और अंबाला में नगर निगम के चुनाव हैं।

भाजपा का हर कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार है। हरियाणा की जनता नायब सैनी सरकार के कार्यों से संतुष्ट है और भाजपा को निकाय चुनाव में जिताने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि 10 मई को चुनाव है और यह चुनाव शत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में होगा और कांग्रेस पार्टी जीरो पर आउट हो जाएगी।

## जनता के सहयोग से जल्द होगा 'नशा मुक्त पंजाब' का सपना : बलतेज पन्नू

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम के अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों के सक्रिय सहयोग से जिस तरह की सफलता मिल रही है, उससे यह साबित हो गया है कि पंजाब बहुत जल्द पूरी तरह से ड्रग-फ्री होने की ओर बढ़ रहा है।



सरकार व जनता के बीच इस तालमेल ने ड्रग तस्करों की कमर तोड़ दी है। नशों के खिलाफ चल रही जंग के अब तक के आंकड़े साझा करते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि पंजाब पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अब तक कुल 41,850 एफआईआर दर्ज की हैं। इन मामलों में कार्रवाई करके करीब 60,000 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे भेजा गया है। पुलिस द्वारा की गई रिकवरी के आंकड़े बताते हैं कि यह मुहिम कितनी गहराई से काम कर रही है, अब तक पुलिस ने 2569 किलोग्राम हेरोइन, 0.37 किलोग्राम स्मैक, 748 किलोग्राम अफीम, 35,058 किलोग्राम भुक्की, 898 किलोग्राम गांजा व 4599 किलोग्राम कोकीन बरामद करके एक बड़े ड्रग नेटवर्क को तबाह किया है। बलतेज पन्नू ने खास तौर पर जमीनी स्तर पर जनता की भागीदारी की तारीफ करते हुए कहा कि गांवों में बनी विलेज डिफेंस कमेटियों (वीडीसीज) को लोगों का पूरा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस मुहिम के लिए बनाए गए खास मोबाइल ऐप पर सबसे ज्यादा जानकारी पुलिस तक पहुंच रही है, जिसका सक्सेस रेट 80 परसेंट से ज्यादा है। पन्नू ने स्पष्ट कि आज जो बड़ी संख्या में एफआईआर दर्ज हो रही हैं व रिकवरी हो रही है, वह मुख्य रूप से लोगों द्वारा दी गई सही जानकारी व उनकी मदद की वजह से ही संभव हो पा रही है। यह 'रंगला पंजाब' की दिशा में एक निर्णायक जीत है।

## विकसित भारत के लिए टिकाऊ सोच जरूरी : हरविंदर

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** पानीपत स्थित गीता यूनिवर्सिटी में शनिवार को 'नेशनल सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव-2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर सिंह कल्याण मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे व विद्यार्थियों, शिक्षकों व समाज को टिकाऊ विकास की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।




इस मौके पर मुख्यातिथि हरविंदर कल्याण ने अपने संबोधन में कहा कि भारत लंबे समय तक गुलामी झेलने के बाद अब विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपनी व्यक्तिगत प्रगति के साथ-साथ देश के विकास में भी योगदान दे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जिम्मेदार नागरिक बनें और समाज के समग्र विकास को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कारों का होना भी बेहद आवश्यक है। केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण शिक्षा ही राष्ट्र को मजबूत बनाती है। उन्होंने टिकाऊ विकास (सस्टेनेबिलिटी) पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी व्यवस्था तभी लंबे समय तक चल सकती है जब वह सुरक्षित और संतुलित हो। पृथ्वी के संसाधन सीमित हैं, इसलिए उनका विवेकपूर्ण उपयोग करना जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी पर्याप्त संसाधन बचाए जा सकें।

उन्होंने प्रधानमंत्री के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि गांवों को शहरी सुविधाओं से विकसित करना ही सशक्त भारत की नींव है और इसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों को सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसमें ग्रीन कैंपस, डिजिटल एजुकेशन, खेल विकास, रिसर्च, इनोवेशन, वेस्ट मैनेजमेंट और स्टूडेंट वेलबीइंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह,तहसीलदार नरेंद्र दलाल, पानीपत मार्केट कमेटी चेयरमैन अवतार शास्त्री, वाइस चांसलर एसपी बंसल चेयरपर्सन गीता ग्रुप इंस्टीट्यूशन गीता बंसल, प्रो. वाइस चांसलर निशांत बंसल, अंकुश बंसल आदि मौजूद रहे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### लोकेश सत्यनाथन ने अमेरिका में 8.21 मीटर छलांग लगाकर जीता गोल्ड

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** भारतीय लॉन्ग जंपर लोकेश सत्यनाथन ने अमेरिका के अर्कासस में आयोजित नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन डिवीजन-1 चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। लोकेश ने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर न केवल अपना पिछला इंडोर नेशनल रिकॉर्ड (8.01 मीटर) तोड़ा, बल्कि वे यह खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी भी बन गए हैं। टेक्सास के टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी में हेल्थ साइंस की पढ़ाई कर रहे लोकेश अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद को देत हैं। लोकेश की यह कामयाबी आसान नहीं थी। साल 2022 में अमेरिका जाने से पहले बेंगलुरु में उनका एक भयानक एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। चोटों, दर्द और करियर में आए उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्होंने अपने पिता की ताकत और मां के विश्वास के दम पर मैदान पर वापसी की। इस शानदार जीत के साथ लोकेश सत्यनाथन अब भारत के ऑल टाइम लॉन्ग जंपर्स की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे अब केवल जेस्विन एल्ड्रिन और मुरली श्रीशंकर जैसे स्थापित नाम ही हैं।

### चोटिल डेविड की जगह गेराल्ड कोएत्जी सनराइजर्स हैदराबाद टीम में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद ने चोटिल डेविड पेन के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कोएट्जी को टीम में शामिल किया है। पेन इस सीजन में दो मैच खेलने के बाद टखने की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। 25 वर्षीय जेराल्ड कोएट्जी इस साल की नीलामी में अनसोल्ड रहे थे, लेकिन अब उन्हें 2 करोड़ रुपये में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी टीम में जोड़ा है। कोएट्जी इससे पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के लिए खेल चुके हैं, जहां उन्होंने 14 मैचों में 15 विकेट हासिल किए हैं। कोएट्जी हाल ही में टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की टीम का हिस्सा थे, हालांकि उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में हिस्सा लिया था। इस बीच, सनराइजर्स हैदराबाद को एक और बड़ी मजबूती कप्तान पैट कमिंस के टीम से जुड़ने से मिली है। कमिंस 17 अप्रैल को टीम के साथ जुड़े और 25 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### कोलकाता नाइट राइडर्स की खराब फॉर्म जारी, शुरुआती सभी मैच हारे

**एजेंसी, अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की खराब फॉर्म जारी है। टीम अपने शुरुआती छह मुकाबलों में जीत दर्ज नहीं कर सकी है। टीम को शुक्रवार को गुजरात टाइटंस के 180 रन बनाने के बावजूद 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टीम की स्थिति पर खुलकर बात करते हुए खिलाड़ियों से सकारात्मक बने रहने और कठिन समय को स्वीकार करने की अपील की है। मैच के बाद रहाणे ने कहा कि टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला इस सोच के साथ लिया था कि बल्लेबाज खुलकर खेल सकें। उन्होंने कहा, 'हम बतौर बल्लेबाजी टीम इस विकेट पर 200 रन का लक्ष्य सोच रहे थे, जो चुनौतीपूर्ण होता।' हालांकि, उन्होंने कैमरन ग्रीन की पारी की जमकर तारीफ की। रहाणे ने कहा, 'कैमरन ग्रीन ने शानदार बल्लेबाजी की। आप विकेट गंवा सकते हैं, लेकिन हम 180 रन तक पहुंचे, उसमें उनका बड़ा योगदान रहा।' लगातार हार के बावजूद रहाणे ने टीम को सकारात्मक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'एक खिलाड़ी के रूप में आपको कठिन दिनों को भी अपनाना पड़ता है। सिर ऊंचा रखें, हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करें। हमारे लिए जरूरी है कि हम सकारात्मक सोच के साथ मैदान पर उतरें और खुलकर खेलें।'

### दिग्गज महिला क्रिकेट खिलाड़ी केर

अमेलिया केर न्यूजीलैंड की एक दिग्गज महिला क्रिकेट खिलाड़ी और ऑलराउंडर हैं, जिनका जन्म 13 अक्तूबर 2000 को वेलिंगटन में हुआ। इन्होंने 17 साल की उम्र में आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 232 रन बनाकर वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर और सबसे कम उम्र में दोहरा शतक बनाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया।



# दिल्ली की बेंगलुरु पर रोमांचक जीत

## आखिरी ओवर में 15 रन बनाकर जीता मुकाबला, स्टब्स और केएल राहुल ने लगाई फिफ्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को आईपीएल के एक रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। दिल्ली को आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे। डेविड मिलर ने लगातार दो छक्के और एक चौका लगाकर एक बॉल रहते जीत दिला दी। टॉस हार कर बैटिंग कर रही बेंगलुरु ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 175 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.5 ओवर में 6 विकेट रहते टारगेट चेज कर लिया।

हालांकि टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए। तीनों विकेट भुवरेश्वर कुमार ने लिए। हालांकि ओपनर केएल राहुल एक एंड से टिके रहे और अर्धशतक लगाया। उनके और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी हुई। दिल्ली की टीम तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है, जबकि आरसीबी 8 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है। शनिवार दोपहर बाद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मैच में दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। बेंगलुरु ने 8 विकेट खोकर 175 रन बनाए। फिल सॉल्ट ने फिफ्टी लगाई। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और लुंगी एनगिडी ने 2-2 विकेट लिए। दिल्ली ने 15 ओवर के बाद 4 विकेट के नुकसान पर 130 रन बना लिए हैं।

ट्रिस्टन स्टब्स और अक्षर पटेल क्रीज पर हैं। केएल राहुल 57 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें क्रुणाल पंड्या ने पवेलियन भेजा। (अनंत ज्ञान)



### भुवनेश्वर के दूसरी बार पावरप्ले में 3 विकेट

**भुवनेश्वर** कुमार ने इस मुकाबले में पावरप्ले के अंदर 3 विकेट लिए। यह आईपीएल में दूसरी बार है जब उन्होंने पहले 6 ओवर के भीतर तीन विकेट झटके हैं। इससे पहले उन्होंने 2013 में पुणे वॉरियर्स के लिए खेलते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पुणे में 3/13 का शानदार स्पेल डाला था।

### कोहली के डाइविंग कैच से राहुल आउट

**दिल्ली** ने 11वें ओवर में चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल क्रुणाल पंड्या ने गुड लेंथ पर फेंकी। केएल राहुल आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। विराट कोहली ने लॉन्ग ऑफ पोजिशन पर डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। राहुल 57 रन बनाकर आउट हुए।

### जोकोविच-एलीन करेंगे लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों की मेजबानी

**एजेंसी, मैड्रिड।** खेल जगत के प्रतिष्ठित लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स के 27वें संस्करण में इस बार नया इतिहास रचा जाएगा। टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच और फ्रीस्टाइल स्कीइंग की दिग्गज एलीन गू इस बार संयुक्त रूप से समारोह की मेजबानी करेंगे। यह पहला मौका होगा, जब दो खिलाड़ी मिलकर इस अवॉर्ड शो को होस्ट करेंगे। यह आयोजन 20 अप्रैल को मैड्रिड के पालासियो डी सिबेल्स में आयोजित होगा, जहां दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ी, सेलिब्रिटी और खेल प्रेमी शामिल होंगे। कार्यक्रम का प्रसारण वैश्विक स्तर पर किया जाएगा। नोवाक जोकोविच, जो पांच बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द इयर रह चुके हैं और 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके हैं, उन्होंने कहा कि यह अवॉर्ड उनके दिल के बहुत करीब है। उन्होंने कहा, 'यह अवॉर्ड सिर्फ खेल में उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि खेल की ताकत को भी दर्शाता है।' वहीं, एलीन गू ने कहा कि लॉरियस अवॉर्ड जीतना उनके करियर का एक बड़ा मुकाम था और अब इस मंच की मेजबानी करना उनके लिए गर्व की बात है। (अनंत ज्ञान)

## स्टटगार्ट ओपन के सेमीफाइनल में एंड्रीवा की रयबाकिना से भिड़ंत

**एजेंसी, स्टटगार्ट**



स्टटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां रूस की युवा खिलाड़ी मिर्रा एंड्रीवा ने दो बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना शीर्ष वरीय एलेना रयबाकिना से होगा। 18 वर्षीय एंड्रीवा ने शानदार वापसी करते हुए स्वियातेक को 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। पहले सेट में पिछड़ने के बाद एंड्रीवा ने जबरदस्त खेल दिखाया और निर्णायक सेट में दो बार सर्विस ब्रेक कर मुकाबला अपने नाम किया।

इससे पहले, शीर्ष वरीय रयबाकिना ने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को कड़े मुकाबले में 6-7 (5/7), 6-4, 7-6 (8/6) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मैच करीब तीन घंटे तक चला, जिसमें रयबाकिना ने अंतिम सेट के टाईब्रेक में दो मैच प्वाइंट बचाकर शानदार जीत दर्ज की। मैच के बाद रयबाकिना ने कहा, 'शुरुआत में काफी निराशा थी और मेरी सर्विस काम नहीं कर रही थी, लेकिन धीरे-धीरे मैंने खुद को संभाला और लय हासिल की।' स्वियातेक, जिन्होंने अपने छह ग्रैंड स्लैम खिताबों में से चार फ्रेंच ओपन की क्ले कोर्ट पर जीते हैं, इस मुकाबले में फेवरेट मानी जा रही थीं, लेकिन एंड्रीवा के आक्रामक खेल के सामने टिक नहीं सकीं।

गौरतलब है कि एंड्रीवा ने पहले दौर में गत चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको को भी बाहर किया था, जिससे उनका आत्मविश्वास पहले ही बढ़ चुका था। अब सेमीफाइनल में एंड्रीवा और रयबाकिना के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय हॉकी टीम की अर्जेंटीना से 1-1 की बराबरी

### टीम के लिए काफी अहम रहा दौरा, विदेशी परिस्थितियों में मजबूत टीम के खिलाफ खेलने का मिला अनुभव

**एजेंसी, ब्यूनस आयर्स**



भारतीय महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना दौरे पर शानदार जुझारूपन दिखाते हुए चार मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। शुरुआती दो मुकाबलों में हार झेलने के बाद टीम ने जोरदार वापसी करते हुए अंतिम दोनों मैच जीतकर सीरीज को बराबरी पर समाप्त किया।

सीरीज का पहला मैच 13 अप्रैल को खेला गया, जिसमें भारत की ओर से नवनीत कौर (22वां मिनट) और अन्नू (29वां मिनट) ने गोल किए। हालांकि अर्जेंटीना ने मारिया एमिलिया लार्सन, विक्टोरिया ग्रानाटो और जुलेटा जानकुनास (दो गोल) की बदौलत 4-2 से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले (14 अप्रैल) में इशिका ने 22वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन अगुस्तिना गोर्जेलानी के दो गोल (34वें और 48वें मिनट) की मदद से अर्जेंटीना ने 2-1 से जीत हासिल कर सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। तीसरे मैच (16 अप्रैल) में भारतीय टीम ने शानदार वापसी की और 2-1 से जीत दर्ज की।

नवनीत कौर (26वां मिनट) और नेहा (37वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। अर्जेंटीना की ओर से 52वें मिनट में एक गोल जरूर आया, लेकिन भारतीय टीम ने बढ़त बनाए रखी। 17 अप्रैल को खेले गए अंतिम मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और निर्धारित समय तक मैच 0-0 से बराबरी पर रहा। भारतीय डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोई गोल नहीं होने दिया।

इसके बाद शूटआउट में भारत ने 3-2 से जीत दर्ज कर सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। कार्यवाहक कप्तान नवनीत कौर ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा, 'पहले दो मैच हारने के बाद वापसी करना आसान नहीं था, लेकिन टीम ने हिम्मत और जज्बा दिखाया। यह जीत बताती है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'

यह दौरा भारतीय टीम के लिए काफी अहम रहा, जहां उन्हें विदेशी परिस्थितियों में मजबूत टीम के खिलाफ खेलने का महत्वपूर्ण अनुभव मिला। अब टीम स्वदेश लौटकर आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी करेगी। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश टेस्ट दौरे के लिए पाकिस्तान ने किया टीम का ऐलान

**एजेंसी, इस्लामाबाद ।** बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम की घोषणा कर दी है। इस दौरे के लिए पूर्व कप्तान सरफराज अहमद को पाकिस्तान की सीनियर पुरुष टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले सरफराज ने अंडर-19 टीम के साथ मेंटर-मैनेजर के रूप में एशिया कप जीत दिलाई थी। टीम के साथ पूर्व टेस्ट खिलाड़ी असद शफीक को बल्लेबाजी कोच और उमर गुल को गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कप्तानी की जिम्मेदारी एक बार फिर शान मसूद के पास रहेगी। यह सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र का हिस्सा होगी। (अनंत ज्ञान)

## कोवेंट्री सिटी ने प्रीमियर लीग में 25 साल बाद की वापसी

**एजेंसी, ब्लैकबर्न**

ब्लैकबर्न कोवेंट्री सिटी ने 25 साल बाद प्रीमियर लीग में वापसी कर इतिहास रच दिया। टीम ने ब्लैकबर्न रोवर्स के खिलाफ शुक्रवार रात 1-1 से ड्रॉ खेलते हुए चैंपियनशिप से प्रमोशन सुनिश्चित कर लिया। कोवेंट्री सिटी को प्रमोशन पक्का करने के लिए सिर्फ एक अंक की जरूरत थी, जिसे टीम ने हासिल कर लिया। मैच में ब्लैकबर्न ने दूसरे हाफ की शुरुआत में रयोया मोरिशिता के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन अंत में बॉबी थॉमस ने हेडर से बराबरी का गोल कर टीम को जरूरी अंक दिला दिया। इस ड्रॉ के साथ कोवेंट्री सिटी ने 43 मैचों में 86 अंक हासिल कर तालिका में शीर्ष स्थान मजबूत किया। तीसरे स्थान पर मौजूद मिलवॉल उससे 13 अंक पीछे है और अब उसे पकड़ नहीं सकता। टीम के कोच फ्रैंक लैम्पार्ड ने स्काई स्पोर्ट्स से इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'यह एक अविश्वसनीय पल है। हमें पता था कि हम करीब हैं, लेकिन 25 साल बाद इसे हासिल करना शानदार है। यह क्लब और इसके प्रशंसकों के लिए बहुत मायने रखता है।' लैम्पार्ड के कोचिंग करियर में यह पहला प्रमोशन है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके करियर की सबसे खास उपलब्धियों में से एक है। कोवेंट्री सिटी के लिए यह सफलता सिर्फ खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक रूप से भी बेहद अहम मानी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

◆ **ब्लैकबर्न रोवर्स संग मैच किया ड्रॉ**

## दूसरे मैच में हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा: जेमिमा रौड्रिग्स

**एजेंसी, डरबन।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्स ने स्वीकार किया कि उनकी टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले महिला टी-20 मैच में अच्छे रन नहीं बना सकी। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने पांच गेंद बाकी रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। रौड्रिग्स ने पत्रकारों से कहा ,'मुझे लगता है कि हम बल्लेबाजी में 15 . 20 रन पीछे रह गए। शेफाली ने जिस तरह से शानदार शुरुआत दी, हमें बेहतर स्कोर बनाना चाहिए थ।' उन्होंने कहा कि इसके बाद दो ओवर में दो विकेट गिर गए लेकिन हरमनप्रीत कौर और मैं साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहे थे । हमने वह लय बनाई और दबाव हटा दिया था, लेकिन मौके को भुना नहीं सके।' कम स्कोर को हम डिफेंड नहीं कर सके। (अनंत ज्ञान)

## पैरालिंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने कोच पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दो बार के पैरालिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल ने द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच नवल सिंह पर मानसिक उत्पीड़न और गाली-गलौज के आरोप लगाए हैं। सुमित ने स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया में शिकायत दी है। इस शिकायत का ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने भी समर्थन किया है। टोक्यो और पेरिस पैरालिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल का आरोप है कि कोच नवल सिंह ने न केवल उन्हें, बल्कि नीरज चोपड़ा को भी निशाना बनाया। सुमित के मुताबिक, कोच ने पेशेवर मर्यादाएं लांघते हुए उनके परिवारों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। सुमित ने बताया कि कोच जानबूझकर अपनी गाली-गलौज वाली ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके मैनेजरों को भेजते थे, ताकि वे उन तक पहुंच सकें और उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा सके। सुमित की इस शिकायत को जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा, पैरा एथलीट नवदीप सिंह और संदीप चौधरी ने भी समर्थन दिया है। सुमित का कहना है कि वे लंबे समय तक इस व्यवहार को नजरअंदाज करते रहे, लेकिन जब पानी सिर से ऊपर चला गया, तब उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

## गाउट गाउट ने 100 मीटर खिताब जीता, राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूके

**एजेंसी, ब्रिस्बेन**

ऑस्ट्रेलियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उभरते हुए धावक गाउट गाउट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ का खिताब अपने नाम किया। 18 वर्षीय स्प्रिंटर ने 10.21 सेकंड का समय लेकर फाइनल जीता, हालांकि वह राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। गाउट की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 50 मीटर तक वह दूसरे स्थान पर थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए जेवियर पीकॉक (10.35 सेकंड) और उवेजो लुबेंडा (10.37 सेकंड) को पीछे छोड़ दिया। जीत के अंतिम क्षणों में उन्होंने दर्शकों की ओर हाथ हिलाकर जश्न भी मनाया। इस जीत के साथ गाउट ने अगस्त में अमेरिका के यूजीन में होने वाली विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। हालांकि, उनका लक्ष्य 10 सेकंड के भीतर दौड़ पूरी करने का था, जिसे वह हासिल नहीं कर सके। गौरतलब है कि गाउट का समय ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय रिकॉर्ड (9.93 सेकंड), जो पैट्रिक जॉनसन ने 2003 में बनाया था, से पीछे रह गया।हाल ही में गाउट ने 200 मीटर में अंडर-20 विश्व रिकॉर्ड बनाकर सुर्खियां बटोरी थीं। उन्होंने 19.67 सेकंड का समय निकालकर एरियन नाइटन के रिकॉर्ड को तोड़ा और महान धावक उसेन बोल्ट के जूनियर स्तर के समय को भी पीछे छोड़ दिया।



## अदिति ने लॉस एंजिलिस में हासिल किया कट

**एजेंसी, लॉस एंजिलिस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दिन के अंतिम चरण में लगाए गए शानदार ईगल की बदौलत जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में कट हासिल करने में सफल रही। अदिति ने पहले दौर में 70 का कार्ड खेलने के बाद दूसरे दौर में 72 का स्कोर बनाया और 36 होल के खेल के बाद उनका स्कोर दो अंडर का है। उन्होंने बैक नाइन से शुरुआत करते हुए 10वें और 15वें होल पर बोगी की, लेकिन 16वें होल पर बर्डी लगाने में सफल रहीं। अदिति ने 18वें होल पर बोगी के बाद पहले होल पर बर्डी लगाई। उनका प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा, जहां दूसरे होल पर एक और बोगी के बाद सातवें होल पर शानदार ईगल लगाकर कट में प्रवेश पाने में सफल रहीं। (अनंत ज्ञान)



**आईपीएल-2026** कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों को राजस्थान के शीर्ष बल्लेबाजों पर लगाना पड़ेगा अंकुश

# खराब फॉर्म से जूझ रही केकेआर की आज रॉयल्स से होगी भिड़ंत

**एजेंसी, कोलकाता**

शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर जीत के लिए तरस रही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के मैच में लय वापस पाने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक रॉयल्स और खराब फॉर्म से परेशान केकेआर के बीच यह मुकाबला होगा।

राजस्थान ने लगातार चार जीत दर्ज की लेकिन पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया । वहीं केकेआर छह मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर कई मौकों पर जीत के करीब पहुंचकर हार गई है, जिससे टीम का आत्मविश्वास डगमगा गया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने से उसे एकमात्र अंक मिला है। केकेआर के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आकाश दीप चोटों के कारण बाहर हैं, जबकि मथीषा पथिराना अभी तक आए नहीं हैं । रहाणे और मुख्य कोच अभिषेक नायर के कई फैसले भी विवादित रहे हैं। चयन से जुड़े फैसलों और मैच प्रबंधन पर ऊंगली उठी हैं ।

◆ **कोलकाता में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा मैच**

टी-20 विश्व कप के बाद लय हासिल करने के लिए जूझ रहे स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को पावरप्ले में उतारना समझ नहीं आया। अभिषेक शर्मा ने उनके एक ओवर में 25 रन निकाले थे, जिससे उनका हौसला और टूट गया होगा। पहले चार मैच में वह कोई विकेट नहीं ले सके। न्यूजीलैंड के लिए विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले टिम सीफर्ट को अभी तक एक ही मैच में उतारा गया, जबकि स्टार हरफनमौला रचिन रविंद्र अभी तक खेले ही नहीं हैं। कई प्रतिभाशाली घरेलू क्रिकेटर भी बेंच पर ही बैठे रह गए।

दूसरी ओर राजस्थान के विजय रथ पर सनराइजर्स ने विराम लगा दिया था । उसके शीर्ष बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल, लुआन ड्रि प्रिटोरियस और रियान पराग दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके थे । इस कमजोरी से टीम को पार पाना होगा। (अनंत ज्ञान)




### संभावित टीमें

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, फिन एलन, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, सार्थक रंजन, कार्तिक त्यागी, कैमरन ग्रीन, सौरभ दुबे, दक्ष कामरा।

## फुटबॉल कोच की तरह हैं आशीष नेहरा : हरभजन

**एजेंसी, मुंबई**





भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा फुटबॉल कोच की तरह है और उन्होंने टीम में एकजुटता भरी है। हरभजन ने जियोस्टार से कहा कि खिलाड़ियों से नेहरा का लगातार संवाद और खेल की गहरी समझ ने गुजरात टाइटंस की सफलता में अहम भूमिका निभाई है।

उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा ,'आशीष नेहरा अकेला ऐसा इंसान है जो कहीं भी, कभी भी माहौल को सहज बना सकते हैं। वह जहां भी जाते हैं, अपने आसपास सभी लोगों को सहज बना देते हैं।' मैचों के दौरान नेहरा की भूमिका के बारे में हरभजन ने कहा ,'' वह फुटबॉल कोच की तरह है। कभी भी शांत नहीं बैठता। पूरे मैच में किसी खिलाड़ी को पकड़कर उससे बात करता रहेगा।' उन्होंने कहा ,' नेहरा जी को खेल की गहरी समझ है और गुजरात टाइटंस के साथ उसने जो काम किया है, वह सराहनीय है।' (अनंत ज्ञान)